रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 27 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-305 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज होंगें जनता से रूबरू

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जनता से रूबरू होकर आज आम जनता की समस्या को सुनकर त्वरित निराकरण करेंगें। मुख्यमंत्री आमजनों से प्रत्येक गुरुवार जनदर्शन कार्यक्रम में जनता से मुलाकात करेंगें। यह कार्यक्रम हर गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय जनता से सीधे संवाद करेंगें और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेंगें। मुख्यमंत्री साय 27 जून को जनदर्शन से मुलाकात कर उनकी समस्या से अवगत होंगे और नागरिकों की समस्याओं को सुनकर एवं उनके यथासंभव त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे।

### जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**जम्मू (वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के गंडोह इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये और एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी एवं तलाशी अभियान (सीएएसओ) शुरू किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के जवान जब संदिग्ध क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे, तो छिपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस और सेना की संयुक्त टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। मुठभेड़ अब तक जारी है। उन्होंने कहा, दो आतंकवादी मारे गये हैं, लेकिन अभियान जारी रहने के कारण उनके शव बरामद नहीं किये जा सके हैं। अभी भी आतंकवादियों की मौजूदगी से इनकार नहीं किया जा सकता।

### रामलला के दर्शन करने 850 तीर्थयात्री दुर्ग से अयोध्या धाम के लिए रवाना



**दुर्ग।** अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण के पश्चात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भांचा राम के दर्शन के लिए अयोध्या धाम ले जाने रामलला दर्शन योजना की शुरूआत की। बुधवार को इस योजना के अंतर्गत दुर्ग संभाग और बस्तर संभाग के 850 यात्री दुर्ग स्टेशन से रवाना हुए। छत्तीसगढ़ के भांचा राम जय सियाराम जय सियाराम की सुमधुर ध्वनि से पूरा दुर्ग स्टेशन गुंजायमान हो गया। तीर्थयात्रियों ने रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की बहुत अच्छी योजना है। हम सब इस दिव्य क्षण की बरसों से प्रतीक्षा कर रहे थे।

# रिम्स में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे दो छात्रों की मौत

## दो दिन पहले एक और छात्र की हुई थी दर्दनाक मौत, एक अन्य घायल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com





रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे दो छात्रों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। राजधानी रायपुर से लगे मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में जिंदल मोड़ के पास बुधवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सुबह छह बजे दो कारों में आमने-सामने जबरजस्त टक्कर हो गई। हादसे के दौरान कार सवार दो मेडिकल छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सड़क दुर्घटना में कार में सवार दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। राजधानी के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में सुबह छह बजे यह सड़क दुर्घटना हुई है। बताया जा रहा है कि यह दोनों छात्र रिम्स में डॉक्टर की पढ़ाई कर रहे थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में जिंदल मोड़ के पास दो कारों में आपस जबरजस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दो युवकों ऋषभ प्रसाद शर्मा (25 वर्ष) स्मिथ जेठाभाई पटेल (26 वर्ष) की मौत हो गई। जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक और घायलों के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है। दोनों मृतक रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) के स्टूडेंट्स बताए जा रहे हैं, जो मेडिकल की पढ़ाई कर रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दो दिन पहले जेसीबी से टकराकर रिम्स के एक और छात्र की हुई थी मौत

विगत दिनों रिम्स में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे एक और छात्र की हादसे में मौत हो गई। जानकारी अनुसार वैभव शिव पिता भास्कर शिव, वार्ड नंबर 13 बालाघाट निवासी एक छात्र की मौत जेसीबी से टकराकर हुई थी। मामले को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है। मृतक छात्र वैभव की उम्र 21 वर्ष बताई जा रही है। वैभव के पिता सहायक आयुक्त व माता तहसीलदार हैं। जिनका पुत्र राजधानी स्थित रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) में पढ़ाई करता था। वहीं वैभव के साथ सवार एक और छात्र के घायल होने की जानकारी सामने आई है। घायल छात्र भी रिम्स में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है।

इस संबंध में जांच कर रहे मंदिर हसौद थाना प्रभारी ने पायनियर को बताया कि रात करीबन साढ़े 9 बजे मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र वैभव शिव रायपुर से मूवी देखकर एक्टिवा वाहन से वापस लौट रहे थे। पेट्रोल पम्प के पास बकतरा मोड़ पर वैभव का वाहन जेसीबी से टकरा गया, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं एक्टिवा के पीछे बैठे एक और छात्र के घायल होने की बात पुलिस ने कही है। लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी जेसीबी मामले पर अभी तक अपराध नहीं दर्ज होने की बात भी सामने आई है।

### सीएस ने नए विधानसभा भवन के कार्यों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



सीएस जैन ने नवा रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन के कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने निर्माणाधीन भवन के कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा विभाग, क्रेडा, उद्यानिकी विभाग, संस्कृति विभाग, एनआरडीए और कलेक्टर रायपुर को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को आपसी समन्वय से गुणवत्ता के साथ त्वरित गति से पूर्ण कराएं। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस से विधानसभा सचिवालय के अधिकारी भी शामिल हुए।

### तीनों नये आपराधिक कानूनों को एक जुलाई से लागू करने की तैयारी पूरी

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करने और पुराने पड़ चुके कानूनों को समाप्त करने के उद्देश्य से पिछली लोकसभा में पारित तीनों नये आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को आगामी एक जुलाई से लागू किये जाने की तैयारी कर ली गयी है। इन विधेयकों को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद गत 25 दिसम्बर को अधिसूचित किया गया था। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं। राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता पैदा करने के मामले में पूरी तरह तैयार हैं। नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### तमिलनाडु शराब त्रासदी में मरने वालों की संख्या 63 पहुंची

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु के कल्लकुरिची जिले में जहरीली शराब त्रासदी में बुधवार को तीन और लोगों की मौत के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 63 पहुंच गयी तथा 74 पीड़ितों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अपनी जांच शुरू कर दी है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुबह सलेम के सरकारी मोहन कुमारमंगलम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा पुडुचेरी के जेआईपीएमईआर में मौतों की सूचना मिली।

### ओम बिरला लगातार दूसरी बार चुने गये लोकसभा अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



लगातार दूसरी बार ओम बिड़ला लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए। अपने युवा जीवन से ही राजनीतिक यात्रा की शुरुआत करने वाले 61 वर्षीय बिरला राजस्थान की कोटा-बूंदी लोक सभा सीट से लगातार तीन बार निर्वाचित हुये हैं। इससे पहले वह राजस्थान विधानसभा में तीन बार कोटा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। बिरला ऐसे पांचवें जनप्रतिनिधि हैं, जिन्हें लगातार दो बार लोकसभा अध्यक्ष का पद सुशोभित करने का अवसर मिला है। इससे पहले एम ए अयंगार पहली लोकसभा में जी वी मावलंकर के निधन के बाद आठ मार्च 1956 को अध्यक्ष चुने गये और दूसरी लोकसभा के गठन के बाद 16 अप्रैल 1962 को अध्यक्ष निर्वाचित हुये थे। गुरदयाल सिंह ढिल्लों को आठ अगस्त 1969 को नीलम संजीव रेड्डी के इस्तीफे के बाद चौथी लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद वह 22 मार्च 1971 को फिर पांचवी लोकसभा का अध्यक्ष चुने गये। इसके बाद दो बार अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने का मौका कांग्रेस के बलराम जाखड़ को मिला। पहली बार वह 22 जनवरी 1980 को और दूसरी बार 16 जनवरी 1985 को अध्यक्ष चुने गये। तेलुगू देशम पार्टी के जीएमसी बालयोगी 1998 से 2002 के बीच दो बार इस पद के लिये चुने गये।

### राहुल गांधी लोकसभा में होंगे कांग्रेस संसदीय दल के नेता

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी 18वीं लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता बनाये गये हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के आवास पर संसद में विपक्षी गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की बैठक के बाद पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने लोकसभा में गांधी को सदन में कांग्रेस का नेता नियुक्त किया है और इसकी जानकारी प्रोटेम स्पीकर भतृहरि महताब को दे दी गई है। गौरतलब है कि गांधी को पिछले दिनों पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति ने लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने का अनुरोध किया था। कांग्रेस के निर्धारित 55 सीटों से कम सदस्य होने के कारण 16वीं और 17वीं लोकसभा में विपक्ष का नेता का दर्जा नहीं दिया गया था। गांधी को लोकसभा चुनाव से पहले भले ही कांग्रेस ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया था लेकिन चुनाव में वही पार्टी के प्रमुख चेहरा थे। उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' तथा चुनाव प्रचार के दौरान 'संविधान बचाओ अभियान' के कारण पार्टी को इस चुनाव में जबरदस्त फायदा हुआ है।

### मुख्यमंत्री ने आपातकाल स्मृति दिवस पर अपने निवास पर लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित

## लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और तपस्या को कभी भुलाया नहीं जा सकता : विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतंत्र सेनानियों का त्याग-तपस्या और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हें सम्मान देने के लिए राज्य सरकार द्वारा सम्मान निधि देना फिर से शुरू कर दिया गया है और पिछले पांच वर्षों की रोकी गई सम्मान निधि की राशि सेनानियों को एकमुश्त दी जा चुकी है। पिछली सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान निधि को बंद कर दिया था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने निवास कार्यालय में आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ आपातकाल स्मृति दिवस पर आयोजित लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) के सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय बलीराम कश्यप और स्व. नरहरि साय सहित अनेक सेनानियों का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों को शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों ने मुख्यमंत्री साय को चांदी का मुकुट और गजमाला पहनाकर सम्मान निधि पुनः प्रारंभ करने और पिछले पांच वर्षों की राशि देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों को मुख्यमंत्री निवास में सपरिवार आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, विधायक पुन्नूलाल मोहले, धरमलाल कौशिक, मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा, लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, रामप्रताप सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) ने काफी कष्ट उठाया, लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने परिवारों की परवाह न करते हुए जेल गए, जहां उनके साथ बर्बरता की गई, उनके परिवारजनों ने भी काफी कष्ट सहे। कई घरों में चूल्हा जलना मुश्किल हो गया था। जिन परिवारों में कमाने वाले जेल गए ऐसे कई परिवार बरबाद हो गए। देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए इन सेनानियों ने और उनके परिवारों ने अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगा था, विपक्षी नेताओं को जेल में बंदकर दिया गया था। मीडिया का अधिकार छीन लिया गया था, लोगों को प्रताड़ित किया गया। इसी की याद में 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाते हैं।




# पहुंचविहीन क्षेत्रों में सभी आवश्यक सामग्रियों का भंडारण कराएं, राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक सम्पन्न

## वर्षा काल में नदियों के जल स्तर पर सतत् निगरानी रखें: अपर मुख्य सचिव शर्मा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन पर छत्तीसगढ़ में बाढ़ नैसर्गिक विपत्तियों से निपटने हेतु गठित उच्च स्तरीय बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक मंत्रालय महानदी भवन में अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बरसात के मौसम में राज्य के विभिन्न स्थानों पर बाढ़ आने पर उससे निपटने की तैयारियों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बाढ़ के दौरान राहत शिविरों की व्यवस्था सहित विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही एवं तैयारियों के संबंध विस्तृत चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव शर्मा ने कहा है कि नगरीय क्षेत्रों में जर्जर भवनों की निगरानी लगातार की जाए। इन भवनों में निवासरत लोगों को अन्य सुरक्षित स्थानों पर अस्थायी रूप से बसाए जाने की भी व्यवस्था की जाए। ऐसे जिले जहां बड़ी नदियां बहती है वहां पर जल स्तर पर बराबर नजर रखी जाए। जल स्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर इसकी पूर्व सूचना राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष तथा निचले जिलों को लगातार देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी तरह से बड़े जलाशयों पर कंट्रोल रूम स्थापित कर जल स्तर की जानकारी समय-समय पर शासन को उपलब्ध करायी जाए। बांधों का जल स्तर बढ़ने पर जल निकासी हेतु निचले जिलों एवं सीमावर्ती राज्यों को 12 घण्टे पूर्व सूचना दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं प्रदेश में कमजोर हो चुके पुल-पुलियों एवं ईमारतों की पहचान कर मरम्मत कर ली जाए। साथ ही बाढ़ के समय दुर्घटना जन्य स्थलों पर सूचना फलक और बेरियर आदि की व्यवस्था करने कहा गया है। राज्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में इस माह में मानसून सक्रिय होने की संभावना है। इसलिए सभी जिलों में वर्षा की जानकारी संकलित की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की गई है। इसका दूरभाष क्रमांक 0771-2223471 एवं फैक्स क्रमांक 0771-2223472 है। इसके अतिरिक्त बाढ़ नियंत्रण कक्ष से 0771-2221242 दूरभाष पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। जिला स्तर पर भी बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना की गई है। बैठक में बताया गया कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसिन, जीवन रक्षक दवाईयां, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा दलों का गठन सहित अन्य जरूरी सामग्री संग्रहित करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दे दिए गए है। बरसात के दिनों में पेयजल स्त्रोतों के आस-पास साफ-सफाई एवं वहां पर ब्लिचिंग पावडर की व्यवस्था करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए गए है। इसी प्रकार से ऐसे क्षेत्रों की चिन्हांकन कर ली जाए जहां प्रतिवर्ष बाढ़ आती है। इन क्षेत्रों में सतत् निगरानी रखने एवं अवश्यकता पड़ने पर वहां के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और उनके ठहरने के लिए राहत शिविर आदि की समुचित योजना बनाने के निर्देश दिए गए है। बाढ़ से बचाव संबंधित उपकरणों की मरम्मत करने और जिन जिलों में मोटरबोट उपलब्ध है, उनकी जानकारी शीघ्र ही राहत आपदा नियंत्रण कार्यालय को दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए नगर सेना एवं नागरिक सुरक्षा के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों में नालियों की साफ-सफाई बरसात के दिनों में निरंतर कराये जाने कहा गया है। उच्च स्तरीय बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत, गृह विभाग के सचिव अरूण गौतम, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार, विशेष सचिव कृषि सारांश मित्तर और गृह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक निर्माण, वित्त विभाग, जल संसाधन, ऊर्जा, जनसम्पर्क, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, नगरीय प्रशासन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित नगर सेना एवं नागरिक सुरक्षा, रेल्वे, दूरदर्शन, रेडक्रास सोसायटी, मौसम विज्ञान एवं भारत दूरसंचार निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# केजरीवाल की सीबीआई हिरासत पर विशेष अदालत ने फैसला रखा सुरक्षित

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली की विशेष अदालत ने आबकारी नीति घोटाला मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पांच दिन की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत की याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत के समक्ष सीबीआई ने केजरीवाल की हिरासत की गुहार लगाई। सीबीआई ने तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद केजरीवाल को अदालती आदेश पर पूछताछ के बाद मंगलवार को गिरफ्तार किया था। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया। अदालत उनकी सीबीआई की हिरासत की गुहार पर बुधवार शाम तक अपना फैसला सुना सकती है। इससे पहले केजरीवाल ने विशेष अदालत की ओर से 20 जून को दिये गये जमानत के आदेश पर दिल्ली उच्च न्यायालय की 21 जून के अंतरिम रोक के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने वाली अपनी याचिका बुधवार को वापस ले ली। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने उन्हें यह याचिका वापस लेने की अनुमति दी। पीठ ने हालांकि उन्हें जमानत आदेश के क्रियान्वयन को निलंबित करने वाले उच्च न्यायालय के 25 जून के आदेश को चुनौती देने वाली नई याचिका दायर करने की छूट दे दी। शीर्ष अदालत के समक्ष केजरीवाल की ओर से पेश अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने 25 जून के आदेश को चुनौती देने के लिए नई याचिका दायर करने के लिए तत्काल मामले को वापस लेने की गुहार लगाई। उन्होंने पीठ के समक्ष कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला आ चुका है, जिसमें सभी तरह के मुद्दे हैं। उन्होंने यह भी अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता सीबीआई ने फिर से गिरफ्तार किया है। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने केजरीवाल को याचिका वापस लेने और नई याचिका दायर करने की अदालत की अनुमति पर कहा कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।

# मोहन यादव ने मोदी को दिया सिंचाई परियोजनाओं के भूमिपूजन का आमंत्रण

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें राज्य की दो बड़ी जल शक्ति परियोजनाओं की जानकारी दी और उन्हें इनके भूमिपूजन का आमंत्रण दिया, जिस पर प्रधानमंत्री ने इसके लिए सैद्धांतिक स्वीकृति दी। डॉ यादव ने इसके साथ ही केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल से भी मुलाकात की। इस भेंट के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उनकी पाटिल से मुलाकात हुई। राज्य की दो बड़ी नदी जोड़ो अभियान में प्रधानमंत्री मोदी की विशेष रूचि है। केन-बेतवा लिंक परियोजना टेंडर की स्थिति में है। इसके माध्यम से बुंदेलखंड के 10-15 जिलों को बहुत लाभ मिलेगा। ये ज्यादा पानी की दरकार वाला क्षेत्र है। इसमें सरकार गंभीरता से आगे बढ़ी है। बहुत जल्द इसके नतीजे मिलेंगे। डॉ यादव ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रत्यक्ष मुलाकात कर, उनको निमंत्रण भी दिया और उन्होंने सैद्धांतिक स्वीकृति भी दी है। आने वाले एक-दो महीने में इसकी तारीख निश्चित करके इसका भूमिपूजन करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की एक और परियोजना पश्चिमी मध्यप्रदेश के लिए बहुत काम की है, इसमें राजस्थान के साथ अनुबंध हुआ है। पार्वती काली सिंध चंबल परियोजना का जल शक्ति मंत्रालय में प्रस्ताव है। इसके माध्यम से राजस्थान और मध्यप्रदेश के लगभग 13 जिलों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास रहेगा कि यह बड़ा प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बहुत जल्द ही लागू हो। इसके साथ ही उन्होंने इन परियोजनाओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार भी प्रकट किया।

# दूध के टैंकर में घुसी कार, तीन की मौत

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर तेज गति से आ रही एक कार के एक दूध टैंकर में घुसने से कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने बताया कि मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात लगभग एक बजे इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर किलेरामा के पास भोपाल से इंदौर की ओर जा रहे एक दूध के टैंकर में पीछे से तेज गति से आ रही कार घुस गई। टैंकर में घुसने के बाद कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान महेश ठाकुर (37) निवासी खारखेड़ी भोपाल, रूप सिंह ठाकुर (54) निवासी खजूरी खुर्द भोपाल और सुनील मेवाड़ा (28) खजूरी सड़क, भोपाल के तौर पर हुई है। उनके पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर सभी के परिजन को सूचना दी गई।

# राजस्थान में फैक्ट्री में लगी आग, चार लोगों की मौत

एजेंसी < अलवर
www.dailypioneer.com



राजस्थान में खैरथल तिजारा जिले के भिवाड़ी के समीप खुशखेडा औद्योगिक क्षेत्र स्थित दवा और केमिकल बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग में अब तक चार लोगों की मौत हो गई तथा कई अन्य झुलस गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये हादसा खैरथल तिजारा जिले अंतर्गत भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित वर्तिका केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में मंगलवार शाम 6:30 बजे हुआ था। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त फैक्ट्री में 50 कर्मचारी काम कर रहे थे। बताया गया है कि इस हादसे में 12 से अधिक कर्मचारी झुलस गए थे जिनमें से कई की हालत गंभीर है। आग की सूचना के मौके पर पहुंची 10 दमकलों ने करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाने में सफलता हासिल की। आग लगने के बाद वहां के हालात देखने के बाद अधिकारी भी सकते में आ गए कि वहां इंतजाम सही नही थे। मजदूरों को निकलने का रास्ता भी सकरा था। फैक्ट्री में आग लगने से अंदर धुआं हो गया। इससे कई कर्मचारी बेहोश हो गए थे और आग में चार मजदूर बुरी तरह जल गये। फायर अधिकारी नरेश मीणा ने बताया कि कंपनी में शॉर्टकट से आग लगी थी और शॉर्ट सर्किट के बाद ही ब्लास्ट हुआ था जिसमें चार शव मिले हैं। एक शव मंगलवार को मिल गया था। तीन शव रेस्क्यू के दौरान मिले हैं। तीन लोगों के शव दीवार से चिपके हुए मिले क्योंकि इस ब्लास्ट में दीवार गिर गई थी और 11 व्यक्ति घायल हो गए थे । तीन मजदूरों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। फैक्ट्री में काफी कन्जेस्टेड एरिया बना हुआ था जो मुख्य द्वार है वहां पर भी सामान इस तरीके से रखा हुआ था मजदूर निकल नहीं पा रहे थे। इस हादसे में उत्तर प्रदेश निवासी विकास, अजय और विशाल सिंह तथा जम्मू कश्मीर निवासी राजकुमार की मौत हुई है। विकास ,अजय और विशाल ऑपरेटर हैं जबकि राजकुमार शिफ्ट इंचार्ज है। तिजारा के उप पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया फैक्ट्री में शाम 6:30 बजे आग लगी थी। फैक्ट्री के सामने ही 100 मीटर दूर खुशखेड़ा रीको फायर स्टेशन आफिस है। भिवाड़ी और तिजारा से भी दमकलों को बुलाया गया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फैक्ट्री में केमिकल रिएक्शन के कारण धमाके के बाद आग लगी।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मल्टी-विलेज जलप्रदाय योजना और सड़क निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत भेलवाटिकरा संबलपुरी मल्टी-विलेज जलप्रदाय योजना के तहत निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने रायगढ़-पूंजीपथरा-घरघोड़ा-धरमजयगढ़ मार्ग के निर्माण कार्य को भी देखा। उप मुख्यमंत्री साव को भेलवाटिकरा संबलपुरी मल्टी-विलेज जलप्रदाय योजना के तहत निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आसपास के 29 गांवो में जलापूर्ति के लिए यह वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए रॉ वॉटर केलो डैम से लाकर उसका ट्रीटमेंट किया जाएगा। साव ने कार्यस्थल पर अधिकारियों से वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यविधि की जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित समयावधि में योजना के सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने केलो डैम के इंटेकवेल का भी निरीक्षण किया जहां से ट्रीटमेंट प्लांट में पानी सप्लाई किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इंटेकवेल के बेस का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब ऊपरी हिस्सों का काम शुरू किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायगढ़-पूंजीपथरा-घरघोडा-धरमजयगढ़ मार्ग के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण कर अन्य निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने जिले में चल रहे सभी कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने एवं सतत् फील्ड निरीक्षण कर काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रायगढ़-पूंजीपथरा-घरघोड़ा-धरमजयगढ़ मार्ग में 56 किलोमीटर का कार्य किया जा रहा है। कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य चल रहे हैं जो एक सप्ताह में पूर्ण हो जाएगा। साव को अधिकारियों ने बताया कि खरसिया-धरमजयगढ़ मार्ग में 91 किलोमीटर का कार्य प्रगति पर है जिसका 42 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शाला प्रवेश उत्सव में हुई शामिल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




शाला प्रवेश उत्सव के प्रथम दिवस पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने सूरजपुर जिले के अपने गृह ग्राम बीरपुर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बच्चों के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया। जहां उन्होंने स्कूल के बच्चों का तिलक लगाकर और उन्हें मिठाई खिलायी और उनका हाथ पकड़कर उनकी कक्षा में प्रवेश दिलायी। उन्होंने बच्चों को पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ शाला गणवेश का वितरण भी की। राजवाड़े ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सूरजपुर जिले के सभी 2085 शासकीय स्कूल खुल गए। जिनमें विभिन्न चरणों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने सारी तैयारियां सुनिश्चित करते हुए विभिन्न चरणों में शाला प्रवेश उत्सव मनाना सुनिश्चित किया है। शाला प्रवेश उत्सव के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला माझापरा, शासकीय प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला सुंदरपुर इत्यादि में पूरे हर्षोल्लास के साथ विद्यार्थियों, शिक्षकों व प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शाला प्रवेश उत्सव के तहत 27 जून को सूरजपुर ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन भी किया जाएगा है। जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि व अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे।

## खिलाड़ी को प्रत्येक वर्ष के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा

# राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार के लिए खिलाड़ियों से 30 जून तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

खेल एवम युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण हेतु राज्य शासन ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों से 30 जून 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। खिलाड़ियों को प्रत्येक वर्ष के लिए पृथक-पृथक आवेदन करना होगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खिलाड़ियों के लिए पुरस्कारों में शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान और मुख्यमंत्री ट्रॉफी शामिल हैं। शहीद पंकज विक्रम सम्मान के लिए खेल संघों द्वारा राज्य खेल संघों से अनुशंसा सहित आवेदन जिला कार्यालय या संचालनालय रायपुर को प्रेषित किया जा सकता है। खिलाडी को प्रत्येक वर्ष के लिए पुरस्कार हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के नगद राशि, प्रेरणा निधि, डाईट मनी के लिए भी आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### पुरस्कार राशि

शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार हेतु 03 लाख रूपए, शहीद कौशल यादव हेतु 01 लाख 50 हजार रूपए, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार हेतु 01 लाख 50 हजार रूपए, शहीद विनोद चौबे सम्मान एवं पंकज विक्रम सम्मान हेतु रूपये 25-25 हजार रूपए नगद पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। इसी प्रकार सीनियर एवं जूनियर वर्ग के दलीय खेलों के लिए मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जायेगी, जिसमें ऐसे दलीय खेल जिसके सदस्यों की संख्या 04 है, उनमें सीनियर वर्ग को 02 लाख रूपए एवं जूनियर वर्ग में 01 लाख रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। ऐसे दलीय खेल जिनमें सदस्यों की संख्या 24 से अधिक है, उन्हें सीनियर वर्ग को 05 लाख रूपए तथा जूनियर वर्ग में 03 लाख रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार के अतिरिक्त मानपत्र, अलंकरण फलक, ब्लेजर एवं टाई भी प्रदान किया जाएगा।

### शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार

राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाडियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया हो या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो।

### शहीद कौशल यादव पुरस्कार

जूनियर वर्ग के उन खिलाडियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया हो।

### शहीद पंकज विक्रम सम्मान

ऐसे महिला/पुरुष खिलाडी जिन्होंने विगत 5 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व किया हो, उन्हें शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है।

### वीर हनुमान सिंह पुरस्कार

खेल प्रशिक्षकों और निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है।

### शहीद विनोद चौबे सम्मान

खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिये खिलाड़ी या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ी या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में अर्जित की हो, उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अलंकृत किया जाता है।

### मुख्यमंत्री ट्रॉफी

सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाती है।

# ओम बिरला के नेतृत्व में नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगी 'संसद' की गरिमा : योगी

एजेंसी < लखनऊ
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिरला को बधाई दी। उन्होने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा जनप्रिय, मृदुभाषी राजनेता ओम बिरला को लगातार दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर हृदयतल से बधाई। पूर्ण विश्वास है कि आपके यशस्वी नेतृत्व में भारतीय लोकतंत्र के मंदिर 'संसद' की गरिमा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। आपके स्वर्णिम कार्यकाल हेतु अनंत मंगलकामनाएं। गौरतलब है कि ओम बिरला राजस्थान की कोटा लोकसभा सीट से सांसद चुने गए हैं। राजग की तरफ से मंगलवार को उन्हें लोकसभा अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया गया था, लेकिन बुधवार को ध्वनिमत से वे अध्यक्ष चुन लिए गए।

# पठानकोट में दो संदिग्ध आंतकी, हाई अलर्ट जारी

**पठानकोट।** पंजाब के पठानकोट में दो संदिग्ध आंतकवादियों के घुसने की सूचना पर सीमावर्ती जिलों गुरदासपुर और पठानकोट में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस को मंगलवार देर रात अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित कोट भठियां गांव के एक व्यक्ति ने नियंत्रण कक्ष को सूचना दी कि दो नकाबपोश भारी हथियारों से लैस उसके फार्म हाउस में जबरन घुस आए और उसके सिर पर बंदूक तान दी और खाना बनाने को कहा। दोनों आतंकी खाना खाने के बाद पठानकोट के लिए रवाना हो गए। पठानकोट पुलिस अधीक्षक सुहैल कासिम मीर ने वरिष्ठ अधिकारियों , गुरदासपुर के पुलिस प्रमुख हरीश दियामा और गुरदासपुर जिले के सभी थानेदारों से बैठक की। बैठक के बाद सेना और सीमा सुरक्षा बल को सूचना दे दी गई है। मामून छावनी और पठानकोट वायु सेना स्टेशन को भी सुरक्षित कर लिया गया है।

# स्थानीय भर्ती को लेकर गागड़ा ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को कराया ध्यानाकर्षण

## अनुसूची क्षेत्र में, स्थानीय भर्ती का लाभ मिलना ही चाहिए : गागड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

स्थानीय भर्ती को लेकर नई सरकार को, भाजयुमो नेता फूलचंद गागड़ा ने ज्ञापन के माध्यम से ध्यानाकर्षण करवाने की बात कहते हुए स्थानीय भर्ती पर व्यवस्था बनाने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

बीजापुर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के माध्यम से भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फूलचंद गागड़ा ने मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय भर्ती किये जाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा है कि 2012 में भाजपा सरकार बस्तर और सरगुजा संभाग के आदिवासी युवाओं को स्थानीय भर्ती में प्राथमिकता में लाभ का व्यवस्था बनाया था जिसका लाभ क्षेत्र के युवाओं को सीधा-सीधा मिला करता था। परन्तु दायर याचिका के चलते माननीय हाइकोर्ट ने इसे शिथिल कर दिया है और उस समय की कांग्रेस




सरकार की ओर से इसके बचाव में आवश्यक कदम नही उठाया था।

साथ ही मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने वीडियो जारी कर कहा था कि भाजपा की सरकार बनने पर स्थानीय भर्ती किया जाएगा इसलिए आज यहाँ के आदिवासी युवाओं भाजपा और साय सरकार की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। इसलिए जल्द ही इस ओर उचित व्यवस्था बनाया जाना जाए ताकि होने वाली भर्तियों में स्थानीय युवा को लाभ मिले।

बस्तर और मैदानी क्षेत्र में काफी असमानता है जिससे यहाँ के बेरोजगार युवा प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं,इसलिए व्यवस्था बनाकर अनुसूची क्षेत्र में स्थानीय भर्ती में प्राथमिकता आदिवासी युवाओं को दिया जाए।

## मड़ानार के बगिया में बालदेव का चरणवंदन के साथ स्वागत



**कोंडागांव।** कोंडागांव जिले के उत्कृष्ट विद्यालय शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार में कलेक्टर कुणाल दुदावत के आदेशानुसार आदित्य चांडक डीईओ एवं मनोज दुबे बीईओ के मार्गदर्शन शाला प्रवेश उत्सव मेरे बगिया के फूल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षक शिवचरण साहू ने नवप्रवेशी बच्चों को पुष्पमाला, रोली कुमकुम लगाकर, चरणवंदन बाल देवो भव के साथ स्वागत किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में बच्चों और शिक्षकों के बीच बालकेंद्रित मैत्रीपूर्ण पारिवारिक परिवेश के साथ शिक्षा के प्रति पलकों और बच्चों को प्रेरित करना रहा हैं। बच्चों के हाथों केक कटवाकर उत्साह पूर्वक बगिया के नए फूल के तहत संस्था प्रमुख पीएल नाग ने बच्चों के संग पौधारोपण शिक्षिका ललिता समरथ आरती बेर रंजीता तिग्गा द्वारा बच्चों को निःशुल्क पुस्तक और गणवेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर जलन पटेल प्रधान अध्यापक प्राथमिक, संस्था की शिक्षिका नमिता पाणिग्रही, शिक्षक हरिलाल नाग, स्वदीप नेताम और एसएमसी अध्यक्ष जयराम के साथ पारेसिंह हरेंद्र ठाकुर, उमेश समरथ पालकगण उपस्थित रहें।

## प्राथमिक शाला बकोदागुड़ा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव, खिलाया गया नेवता भोजन



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विकास खण्ड कोंडागांव अंतर्गत संचालित ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा के आश्रित शाला प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला बकोदागुड़ा में 26 जून को शाला प्रवेशोत्सव 2024-25 धूम-धाम के साथ मनाया गया। नवप्रवेषित बच्चों को शाला के प्रति आकर्षित करने व शालाओं से जोड़ने के उद्देश्य से शासन द्वारा प्रति वर्ष शैक्षणिक सत्र के शुरुआत में पूरे छत्तीसगढ़ में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला बकोदागुड़ा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें नव प्रवेशित कक्षा पहली और छठवीं के छात्र-छात्राओं को उपस्थित अतिथियों के कर-कमलों से तिलक वंदन कर पुष्प-गुच्छ के साथ स्वागत कर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। साथ ही निःशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तक, पेन कॉपी एवं अन्य पाठ्य सामग्री प्रदाय किया गया।

**नेवता भोजन में स्वादिष्ट भोजन के साथ केला सेब मीठा दिया गया :** जनसमुदाय की सहभागिता को बढ़ावा देने, ग्रामीणों को शाला से जोड़ने के उद्देश्य से साशन द्वारा संचालित नेवता भोजन का आयोजन सभी शिक्षक स्टाफ के व्यय से किया गया। जिसमें खीर पूड़ी, पनीर की सब्जी, बैगन की सब्जी, दाल-चावल तथा सहायक आयुक्त (आदिम जाति कल्याण विभाग) रेशमा खान द्वारा प्रदत्त केला सेब, मीठा परोसा गया। इस अवसर पर संकूल समन्वयक मयाराम उईके, एसएमसी उपाध्यक्ष कांता भंडारी, पूर्व सरपंच असपति भंडारी, प्रधान अध्यापक सीएस मातलम, शिक्षक सुरेश भेड़िया, अशोक भारती, रेणु तिवारी, कुसुम साहू, नीलकंठ साहू, हरी मंडावी, महेश्वरी मंडावी, ममता भंडारी, मानबती कश्यप, फूलो भंडारी, सुदनी भंडारी, सोनाधार बघेल, केदार भंडारी, चंपालाल बघेल, सूरज बघेल, जयलाल पटेल, असली पांडे, लखमी कश्यप, केजू कश्यप, पवन बघेल के अलावा पहली से आठवीं के छात्र-छात्राएं एवं भारी संख्या में ग्रामीण पालक गण मौजूद रहे।

# लखपति दीदी योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

लखपति दीदी ''पहल'' अंतर्गत दिनांक 25 जून 2024 को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' के तहत् कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अविनाश भोई की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला महिलाओं को समृद्ध बनाने के लिए संचालित लखपति दीदी योजना के तहत विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के संबंध में मंथन किया गया। कार्यशाला में वन विभाग, कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुधन विकास विभाग, व्यापार एवं उद्योग विभाग, उद्यानिकी विभाग, रेशम विभाग, मत्स्य विभाग, आदिवासी विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, हस्तशिल्प कला विकास बोर्ड, रोजगार विभाग, श्रम विभाग, लाईवलीहुड कॉलेज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पीएमयू, डीएमएफटी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बड़ेराजपुर, केशकाल, कोंड़ागांव, माकड़ी, फरसगांव, जिला पंचायत के योजना प्रमुख, प्रदान संस्था, ट्रांसफार्मिंग रुरल इंडिया फाउंडेशन संस्था एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित जिला और विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी व कृषि और पशु सखी उपस्थित रहें।

# आईसीएआर-राष्ट्रीय कृषि कीट रिसर्च संसाधन ब्यूरो बैंगलूरू द्वारा Meliponiculture पर आईटीबीपी के लिए शुरू की ट्रेनिंग

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

आईसीएआर (ICAR)-राष्ट्रीय कृषि कीट रिसर्च संसाधन ब्यूरो (NBAIR), बैंगलूरू (कर्नाटक) के निदेशक डॉ. एस.एन. सुशील की अध्यक्षता में और कोर्स प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अमला उदयकुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कीट विज्ञान) द्वारा NBAIR बैंगलूरू में क्षेत्रीय मुख्यालय (भुवनेश्वर) आईटीबीपी, कोंडागांव और इसके अधीन आने वाली वाहिनियों के 20 आईटीबीपी कार्मिकों के लिए 'पांच दिवसीय मेलीपोनीकल्चर बी कीपिंग कोर्स'





का शुभांरभ किया गया। गौरतलब है कि डॉ. यू. अमला और उनकी टीम द्वारा इस कोर्स का पूरा संचालन किया जाएगा तथा कोर्स में Stingless Bees (डंक रहित मधुमक्खी) पालन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जाएगी। NBAIR भारत का एक प्रमुख कृषि कीट रिसर्च संस्थान है। इस संस्थान को पहले राष्ट्रीय कृषि महत्वपूर्ण कीट ब्यूरो (NBAII) के नाम से जाना जाता था। बारहवीं पंचवर्षीय योजना में ब्यूरो का नाम बदल कर राष्ट्रीय कृषि कीट रिसर्च संसाधन ब्यूरो (NBAIR) किया गया। इस उद्घाटन समारोह में डॉ. के. सुबाहरन, प्रिंसिपल वैज्ञानिक, डॉ. ए.एन. शैलेश व डॉ. टी.एम. शिवालिंग स्वामी भी उपस्थित रहे।

कृषि एंव गृह मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा मधुमक्खी पालन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर हनी बी कीपिंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है, ताकि आम जनता इस प्रकार के लघु उद्योग से जुड सके। इसी के मद्देनजर श्री संजीव रैना, आई.जी., सेंट्रल फ्रंटियर मुख्यालय, आईटीबीपी की पहल पर क्षेत्रीय मुख्यालय (भुवनेश्वर) और उसकी अधीनस्थ वाहिनियों के कार्मिकों के लिए यह कोर्स चलाया जा रहा है। भविष्य में भी इस प्रकार के कोर्स का आयोजन बल कार्मिकों के लिए किया जाता रहेगा।

# लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग में कार्यरत स्थाई गैंग श्रमिक कार्यभारित कर्मचारीयों ने अपनी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग में कार्यरत स्थाई गैंग श्रमिक कार्यभारित कर्मचारीयों के विभिन्न जायज मांगों एवं समस्याओं के समाधान के लिए छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ के द्वारा जिला कलेक्टर के माध्यम से लोक निर्माण विभाग मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, सचिव लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवम प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर के नाम आज ज्ञापन सौंपा गया जिसमें प्रमुख रूप से लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के गैंग श्रमीकों को



सेवानिवृत्ति आयू 62 वर्ष को बढ़ाकर 65 वर्ष किया जाने, कार्यभारित कर्मचारियों को भी मध्यप्रदेश शासन काल के समय अवकाश नगदी करण का लाभ दिया जाता था उसे पुनः प्रारंभ किया जाने ,गैंग श्रमिकों को जो अनुसूचित क्षेत्रों में कार्यरत हैं उन्हें भी नियमित कर्मचारियों की भांति 10 दिन का विशेष अवकाश प्रदाय किया जाने , नियमित कर्मचारियों की भांति कार्यभारित महिला कर्मचारियों को भी 180 दिनों का प्रसुति अवकाश दिया जाने ,गैंग श्रमिकों को अन्य कर्मचारियों की तरह चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान एवं मेडिकल अवकाश का भी लाभ दिया जाने, शासकीय वर्दी सिलाई हेतु शासन द्वारा वर्तमान में 770/- रुपए दिया जा रहा है जो की बहुत ही कम है वर्तमान में प्रचलित दर के अनुसार वर्दी सिलाई की राशि का भुगतान किया जाने, लोक निर्माण विभाग के गैंग श्रमिकों को योग्यता अनुसार अकुशल से कुशल श्रेणी जैसे स्थल सहायक, बढ़ाई, राजमिस्त्री, ऑपरेटर, माली ड्राइवर, चौकीदार इत्यादि पदों पर पदोन्नति दिया जाने, गैंग श्रमिकों को बारिश के मौसम में रेनकोट एवं ठंड के मौसम के लिए गरम कोट प्रत्येक 3 वर्ष में अनिवार्य रूप से दिया जाने, गैंग श्रमिकों को लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क एवं भवन के मरम्मत कार्य हेतु विभाग द्वारा इन्हें भवन एवं सड़क के कार्यो में उपयोग में आने वाले समस्त औजार फावड़ा, तगाड़ी, गैती, सब्बल इत्यादि विभाग से प्रदाय किया जाने, शासकीय गैंग श्रमिकों को ठेकेदार के द्वारा कराए जा रहे भवन एवम सड़क आदि के कार्यो के लिए नही भेजा जाने , एवम शासकीय महिला कर्मचारियों की तरह ही कार्यभारित महिला कर्मचारियों को भी एक साल तक का बच्चा गोद लेने पर दत्तक ग्रहण अवकाश का लाभ दिया जाने की मांग को लेकर संघ द्वारा मांग रखी गई है। ज्ञापन सौंपने प्रांतीय सचिव चमनलाल वर्मा जिला कोषाध्यक्ष जयसिंग मरापी सहित अन्य पदाधिकारीगण शामिल रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना इरागांव का वार्षिक निरीक्षण

- अधिकारी व कर्मचारियों की समस्याएं सुन, बेहतर पुलिसिंग के लिए दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले के थाना इरागांव का वार्षिक निरीक्षण माह जून 2024 में प्रस्तावित था, इसी परिपेक्ष्य में वाय. अक्षय कुमार पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना इरागाँव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना के समस्त अभिलेख, मालखाना, रिकार्ड रूम, बंदीगृह एवं थाने में उपलब्ध आर्म्स एम्युनेशन का निरीक्षण कर रख-रखाव करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से रूबरू होकर सभी की समस्याएं सुनी और समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया। थाने में उपस्थित विवेचकों को विवेचना संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। वर्तमान परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए थाने के समस्त बल को बेहतर से बेहतर पुलिसिंग करने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये। पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना परिसर का भ्रमण करते हुए थाना परिसर के सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भूपत धनेश्री , थाना प्रभारी इरागांव एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल जामकोटपारा में किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम

# जिले के सभी स्कूलों में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के सभी 1983 विद्यालयों में बुधवार को हर्षोल्लास से शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कोंडागांव जिला मुख्यालय के जामकोटपारा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में किया गया। यहां विधायक लता उसेंडी, कलेक्टर कुणाल दुदावत सहित जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर और फूल माला पहनाकर किया। इसके साथ ही नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य पुस्तक, शाला गणवेश, स्कूली बस्ता और साइकिल का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विधायक उसेण्डी तथा कलेक्टर दुदावत सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारियों ने शाला प्रांगण में पौधरोपण किया। उन्होंने इसके साथ ही बच्चों को नेवता भोज में खीर पुड़ी, छोले की सब्जी, चावल, सलाद, पापड़ इत्यादि स्वादिष्ट भोजन भी परोसा। कलेक्टर ने इस अवसर पर जिले में कुपोषण को समाप्त करने हेतु नेवता भोज में अधिक से अधिक सहभागिता हेतु कोंडागांव जिलावासियों से भी अपील की। इस अवसर पर विधायक उसेंडी ने सभी बच्चों का नए शिक्षा सत्र में प्रवेश पर स्वागत करते हुए कहा कि, वे खुब मन लगाकर पढ़ें और जीवन में सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि, सफलता के खुले आसमान में खूब ऊंची उड़ान उड़ें और क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने



कहा स्कूली जीवन में भरपूर मेहनत करें और उसके पश्चात् सफलता का आनंद लें। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन स्तर को सुधारती है और शिक्षा से ही हमारी पहचान बनती है। हम शिक्षा पाकर अपना और देश का भविष्य उज्जवल बना सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी को अपने शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने इस अवसर पर कहा कि, बच्चों का नए शिक्षा सत्र में उल्लासपूर्ण वातावरण में प्रवेश हो, इसके लिए पूरी तैयारियां की गई हैं। इसी कड़ी में सभी शालाओं में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा नए शिक्षा सत्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया जाएगा, जिससे बच्चे हर क्षेत्र में आगे रहें। उन्होंने इस अवसर पर बताया पूरे जिले में प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर नेवता भोज का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य जनसहभागिता से कुपोषण को दूर करना और बच्चों का पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया इसके लिए जिला और विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर कुपोषण को दूर किया जाएगा और स्वस्थ कोंडागांव जिला बनाकर इसके विकास को गति दी जाएगी। इसके इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने भी संबोधित करते हुए बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भगवती पटेल, कोंडागांव नगर पालिका के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी निकिता मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक सहित जनप्रतिनिधिगण एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ेनार क्रमांक 1 में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल गजराज कैम्प स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ेनार क्रमांक 01 में नए शिक्षा सत्र 2024-25 की शुरुआत करते हुए बुधवार बड़े ही उत्साह के साथ शाला प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष बाला राम साहु सचिव उदे राम साहु,वार्ड पार्षद रामकिशोर ठाकुर सभी की उपस्थिति में नव प्रवेशी बच्चों को गणवेश एवं पुस्तकें वितरण किया गया।इस प्रवेश उत्सव को सफलता पूर्वक मनाने के लिए कोड़ेनार क्रमांक 01 प्रधान अध्यापक शैलेश कुमार ठाकुर एवं सहयोगी शिक्षक पुष्पा साहू एवं डेविड कुमार की विशेष भूमिका रहीं।

# गोंडवाना आदिवासी समाज ने मनाया महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड समाज फुलझर राज्य छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ एवं छत्तीसगढ़ क्रांति सेना भंवरपुर बसना एवं सरायपाली के संयुक्त तत्वावधान में भंवरपुर स्थित विरांगना महारानी दुर्गावती प्रतिमा स्मारक स्थल पर उनकी 460 वीं बलिदान दिवस पर गोंडवाना आदिवासी समाज आराध्य देव भगवान बुढ़ादेव की पूजा पाठ मंगल आरती के साथ विरांगना महारानी को श्रध्दा सुमन अर्पित किया गया। समाज द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि भारत के इतिहास में ऐतिहासिक वीरता की अनेक वीरगाथाओं का वर्णन उल्लेख हैं। उन्हीं में से 15 वीं शताब्दी की गढ़ा मंडला गोंडवाना साम्राज्य की क्षत्राणी शौर्य वीरता पराक्रम पराकाष्ठा नारीशक्ति प्रेरणापुंज त्याग की प्रतिमूर्ति गोंड शासिका विरांगना महारानी दुर्गावती मंडावी ने अपनी आन बान शान से मातृभूमि देश धर्म संस्कृति समाज सेवा और अपने प्रजाओं के सतत् रक्षा करतीं हुईं 51 बार विदेशी मुग़ल आक्रमणकारी अकबर और असरफ खान के सेना को युद्धों में परास्त की थीं परन्तु 52 वीं बार की युद्ध में महारानी के सैन्य संख्या बल अस्त्र-शस्त्र कम होने के कारण मुग़ल विधर्मियों से चारों तरफ से घिर गईं हार नहीं मानने वालीं विरांगना ने रणभूमि में रणचंडी मां भवानी की भांति युद्ध के महासंग्राम में क्षत्राणी धर्म का पालन करते हुए वे जीवित गुलामी स्वीकार नहीं करने की दृढ़ प्रतिज्ञा और आत्मसम्मान स्वाभिमान की रक्षा में 24 जून 1564 के दिन महारानी ने स्वयं अपनी छाती में कटार घोंपकर आत्म बलिदान कर बलिदान की इतिहास में अमरता की एक नया कीर्तिमान अध्याय लिख दीं। उनकी शौर्य वीरता पराक्रम को सदैव चीर यादगार अमर बनाये रखने सर्व आदिवासी समाज जनों ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बलिदान दिवस पर सामाजिक संगोष्ठी आयोजित कर स्मरण किया। जिसमें सर्व आदिवासी समाज के युवाओं ने संगठन एकता अखंडता का परिचय देते हुए गढ़ किला मैदान आदिवासी सामुदायिक भवन कृषि उपज मंडी प्रांगण से नगर के विभिन्न चौक चौराहों मार्गों से विशाल बाइक रैली निकालकर मंडी प्रांगण में रैली सभा में परिवर्तित हुआ जहां पर समाज प्रमुख शिक्षाविदों ने महारानी दुर्गावती के कुशल गोंडवाना साम्राज्य शासन व जीवनी वीरता पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता सांगठनिक शैक्षणिक आर्थिक राजनैतिक उत्थान विकास विचार संगोष्ठी पर उदबोधन दिया गया। इस ऐतिहासिक दिवस पर प्रमुख रूप से गणेशराम सिदार, उदलसिंह पोर्ते, उत्तमसिंह जगत, शुभसिंह जगत, करतालसिंह जगत, गोकुलसिंह पारेश्वर, फगुलाल बरिहा, देवकी दीवान पुरूषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया, उत्तम चंद्रवंशी, विजय बिशाल, घनश्याम सिदार, बैगा रामलाल बाघ, मुनुसिंह जगत, पांडव नाग, विजय कौशिक, जगदीश सिदार, राजेन्द्रसिंह सिदार, राजेन्द्र जगत, कुंजल सिदार, टाकेन्द्र राय, नरेश पोर्ते, देवानंद नाग, चंद्रशेखर सिदार, हीरालाल मरकाम, विजय नेताम, महेश सिदार, सम्पत सिदार, बरातुराम सिदार, मेघलाल मरकाम, सेवक पोर्ते, जयराम कश्यप, बिस्वर पोर्ते, अहिवरन नाग, मंगलसिंह जगत, उपेन्द्र बाघ, शिवशोभन ठाकुर, उपेन्द्र नाग, दुलार पारेश्वर, डोलामणी सिदार, श्याम सिदार, त्रिभुवन सिदार, उद्धव जगत, युधिष्ठिर सिदार, कैलाश सिदार, सुकलाल नाग, खूबसिंह नाग, चमरा सिदार, शंकर सिदार, पिरतीसिंह सिदार, बिरेन्द्र सिदार, सुशील सिदार, दीपक सिदार, देवराज सिदार, रूपेश दीवान, देवेश सिदार, देव ठाकुर, नीलमणि सिदार, टिकेश्वर मरकाम, पूनम सिदार, अन्नू सिदार, जागृति पोर्ते सहित सैकड़ों की संख्या में सर्व आदिवासी समाज के महिला पुरुषों ने उपस्थित होकर सामाजिक संगठन शक्ति एकता अखंडता समरसता और सफल आयोजन के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से विशेष योगदान दिये। सर्व आदिवासी समाज के लिए सदैव समर्पित समाजसेवी नेतृत्वकर्ता अमृतलाल जगत अध्यक्ष छ.ग. अजजा शासकीय सेवक विकास संघ ने सहकारिता विभागीय प्रशिक्षण इंदौर मध्यप्रदेश प्रवास में होने पर समाजजनों को वर्चुअल आनलाइन जुड़कर आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। मंचीय संचालन पुरूषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया एवं आभार प्रदर्शन उदलसिंह पोर्ते ने किया।

## गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हा.से.स्कूल जोगनीपाली में शैक्षिक सत्र 2024-25 में नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं बुद्धि प्रदाता गणेश जी के तैलीय चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया। तत्पश्चात नव प्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उन्हें पुस्तक वितरित की गई। विद्यालय के संस्थापक गोपनाथ गुरूजी,संचालक जन्मजय नायक, उप संचालक दुर्गा चरण नायक, प्राचार्य जज्ञसेनी मिश्रा नव प्रवेशित विद्यार्थियों को नये शैक्षणिक सत्र की बधाई देते हुए शैक्षणिक स्तर में सुधार को लेकर बेहतर से बेहतर किए जाने वाले प्रयासों से शैक्षणिक स्टाफ व विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए बच्चों को नियमित विद्यालय आने और बेहतर पढ़ाई-लिखाई करने के लिए प्रेरित किया गया वहीं कम से कम शुल्क में छात्रों को संस्कारयुक्त बेहतरीन शिक्षा देने एवं नया सत्र,नए संचालक, नए स्वरूप के साथ अंचल में गोपनाथ आश्रम विद्यालय की अलग पहचान बनाने हेतु दृढ़संकिल्पत होने की बात कही।नव प्रवेशी विद्यार्थियों में उनके नये विद्यालय और नए माहौल में खासा उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं,छात्र-छात्राएं, पालक एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

## सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाए : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 26 जून से शुरू होने वाले शाला प्रवेशोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि पालक, समुदाय और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शाला स्तर पर प्रवेशोत्सव मनाया जाए इसके लिए आवश्यक तैयारी कर लेवें। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें और गणवेश भी वितरित किया जाए। जिला मिशन समन्वयक चंद्राकर ने बताया कि 26 से 30 जून तक प्रत्येक शालाओं में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाएगा तथा ब्लॉक स्तर पर प्रवेशोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए तैयारी कर ली गई है। कलेक्टर ने मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत ऐसे महिलाओं के नाम जोड़ने कहा है जो किसी कारणवश पात्र होते हुए भी छूट गए हैं। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह आयुष्मान की संख्या में प्रगति लाएं। कलेक्टर ने राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए ग्राम पंचायत सचिवों से तालमेल बिठाकर छूटे हुए हितग्राहियों का 30 जून तक की स्थिति में नवीनीकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मलिक ने सभी विभागीय अधिकारियों को केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। अतः सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

## 26 से 28 जून तक अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन में जिले के समस्त विकासखण्डों में 26 जून से 28 जून 2024 तक अग्निवीर वायुसेना भर्ती के लिए पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए प्रत्येक विकासखण्ड के लिए स्थान तिथि एवं समय का निर्धारण किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि महासमुंद विकासखण्ड में बुधवार को सेजेस (स्वामी आत्मानंद) हिन्दी माध्यम विद्यालय महासमुंद में पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 27 जून को सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत सेजेस सरायपाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं बसना विकासखण्ड अंतर्गत सेजेस बसना में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 28 जून को पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत सेजेस सांकरा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत सेजेस बागबाहरा में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।

## टंक राम वर्मा राजस्व मंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के माध्यम से जनता की सुन रहे हैं फरियाद



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार विधायक व छत्तीसगढ़ राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा भेंट मुलाकात कार्यक्रम आयोजन के माध्यम से रायपुर स्थित निवास में प्रदेश के कोने कोने से पहुँच रहे आमजनों की समस्याओं की फरियाद सुनकर हर सम्भव मदद करते हुए दिख रहे हैं आपको बताते चलें कि रायपुर कार्यालय में अपनी समस्याएँ लेकर पहुंचे आम जनों से मंत्री टंक राम वर्मा भेंट कर उनकी बात सुने और उन्हें आश्वस्त किया कि शीघ्र ही उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

## जिले में शीघ्र स्थापित होगा साथी बाजार

### समूह की महिलाओं का किसान उत्पादक संगठन के रूप में होगा गठन



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत सरकार की केंद्रीय को-आपरेटिव नाफेड के माध्यम से जिले में साथी बाजार स्थापित किया जाएगा। साथी बाजार बनाने के लिए भाटापारा में स्थल चयन प्रस्तावित है।इसके संचालन के लिए स्व सहायता समूह की महिलाओं का किसान उत्पादक कंपनी के रूप में गठन होगा। इसका गठन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से होगा। साथी बाजार स्थापना के सम्बन्ध में बुधवार को कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक लेकर जरुरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में कृषि महाविद्यालय भाटापारा के अधिष्ठाता डॉ एच.एल. सोनबोइर, कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा के वैज्ञानिक डॉ अंगद सिंह राजपूत, उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक, फीफा के राष्ट्रीय समन्वयक मनीष शाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर सोनी ने स्थानीय मांग के अनुरूप एफपीओ का चयन, स्थल चयन तथा राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों से उपयुक्तता के सम्बन्ध में अध्ययन रिपोर्ट प्राप्त करने कहा। उन्होंने कहा कि साथी बाजार में कृषि एवं औद्योगिक उत्पादों को स्थानीय स्तर पर बड़ा प्लेटफार्म मिलेगा।बताया गया कि चैंबर आफ कामर्स एवं कैट की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होगी।साथी बाजार में मार्डर्न रिटेल आउटलेट, फूड कोर्ट, एंटरटेनमेंट जोन, एग्रीमाल, कृषि सहायता केंद्र, माइक्रो फाइनेंस, इंश्योरेंस सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर, दराज बाजार, ब्यूटीपार्लर, टेली मेडिसिन सेंटर, डेयरी फेडरेशन, प्याज संग्रहण यूनिट, कोल्ड स्टोरेज मिनी थियेटर, स्थानीय उद्यम तथा अन्य उद्यम भी खोले जाएंगे।

## पार्टी के समथकों और कार्यकर्ताओं का आभार : ताम्रध्वज साहू

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करने के लिए सरायपाली पहुंचे। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने पूरी लगन और निष्ठा के साथ निर्वाचन क्षेत्र और पार्टी की सेवा में जीत तोड़ मेहनत की। उन्होंने सरायपाली क्षेत्र में कांग्रेस को मिले अपार समर्थन और स्नेह के लिए आम जनता का भी आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की जीत के लिए कांग्रेस पार्टी के एक एक कार्यकर्ता रात दिन जुटे रहे भले ही परिणाम हमारे पक्ष में नहीं आए लेकिन सबकी एकजुटता से पार्टी को निश्चित रूप से मजबूती।कार्यक्रम में ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, शहर अध्यक्ष आरएन आदित्य, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, कांग्रेस कार्यकर्त रामदयाल पटेल, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष लिलाकांत पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष सीता पटेल, कांग्रेस प्रदेश सचिव दीपांजलि बारीक, रिमजी सरपंच साधराम पटेल, पिंगल गार्डिया, पार्षद सुरेश भोई, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष भरत मेश्राम, तन्मय पंडा, रमेश पटेल, घसिया सिदार, पदमलोचन पटेल, महेंद्र वैष्णव, श्रवण पटेल, संतलाल बारीक, श्रीराम मानिकपुरी, तिरिथ बाई मानिकपुरी, क्षमानिधि साहू, सोनसाय बरिहा, सत्या भोई, डॉ बेरैंची बेताल, विजय यादव, नरेंद्र साहू, रामदयाल पटेल, गिरवर बारे, प्रभात पटेल, केशव चौधरी, निर्मल, नीलांचल, मनोज पटेल, नीलांबर सोनी, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान, कमला साहू, भोजराम साहू, नसीब खान, आरिफ अली पिंकी, केशव अग्रवाल, मीरा जमींदार, एनएसयूआई प्रदेश सह संयोजक जयंत यादव, दुष्यंत साहू, विभीषण चौहान समेत कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दतान में योग दिवस मनाए गए, शिक्षक व बच्चों ने किये योगाभ्यास

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



पलारी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत दतान(ख)में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बच्चों एवं शिक्षकों ने किये योगाभ्यास ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों सहित ग्रामीण व शिक्षकों की उपस्थिति रहा। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक राकेश कुमार साहू ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर बच्चों सहित ग्रामीणों को योग के विभिन्न चरणों का योगाभ्यास विद्यालय प्रांगण में कराए गए हैं ताकि स्वस्थ जीवन शैली के लिए लोग योग को अपने जीवन में आत्मसात करने की पहल पर ध्यान दे सके।

## हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में ग्रीष्मावकाश के पश्चात् नया शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरुआत की गई। जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। पालक समिति के अध्यक्ष भोज प्रधान के मुख्य आतिथ्य में, उपाध्यक्ष शशिकांत बारिक के विशिष्ट आतिथ्य में तथा प्राचार्य टिकेश्वर पटेल की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम की शुरुआत मॉ शारदे की वंदना से की गई। बच्चों के स्वागत में उनका तिलक वंदन किया गया साथ ही निः शुल्क किताबें व गणवेश वितरण किया गया। कार्य म के विशिष्ट अतिथि एवं प्राचार्य ने आशीर्वचन के रूप बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी साथ ही नई शुरुआत करके नियमित रूप से अध्ययन करने की बात की जिससे की उनका लक्ष्य उन्हें प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के अंत में बच्चों एवं पालकों हेतु मिष्ठान के साथ-साथ नेवता भोज का प्रबंध किया गया।

## जिला अध्यक्ष योगीराज ने सूपे बेड़ा के किड़नी पीड़ितो की सुनी समस्या



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

किड़नी पीड़ितों के बीच स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पहुंचने वाले है उससे पहले बीते दिन भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ योगीराज माखन कश्यप सुपेबेडा पहुंचकर पीड़ितो के बीच पहुंचकर एक एक समस्या जाना ताकि मंत्री को अवगत कराते निदान कराया जा सके। सबसे पहले योगीराज माखन कश्यप हरिहर शंकर लाल सोनवानी हाथ पैर में सूजन होने के अलावा पेट में पानी भरने से पीड़ित से मुखातिब होते चेकअप और इलाज के लिए मंत्री के समक्ष बात रखने की बात कही इसके अलावा प्रेम जय छेत्रपाल डायलिसीस चल रहा है लेकिन आर्थिक तंगी के चलते प्रॉपर इंजेक्शन नही लग रहा है जिसे लेकर मंत्री के बीच यह समस्या को गंभीरता पूर्वक रखने का आश्वशन कश्यप ने दिया है साथ ही साथ हेमबाई जैसे कई विधवा महिलाओं का जीवन यापन मुश्किल से करने वाले महिलाओ से मुलाकात किया योगीराज माखन कश्यप बारी बारी से पीड़ितो के साथ चर्चा करते हर संभव मंत्री को अवगत कराकर निदान कराने का भरोसा दिलाया है। आपको बता दें किड़नी बीमारी से सुपेबेडा में 80 से अधिक लोगो की मौत होने के अलावा कई ग्रामीण किडनी बीमारी से जूझ रहे हैं जिनके लिए जमीनी ईलाज और पीड़ितो को राहत मुहैया कराने के लिए स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पहुंच रहे हैं और मंत्री को जमीनी वस्तु स्तिथि को अवगत कराने के लिए भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ योगीराज माखन कश्यप ने अलग अलग पीड़ितो से मुलाकात किया इसके अलावा कछुए चाल मल्टी विलेज स्कीम के तहत् पानी पहुंचाने के काम पर भी तेजी लाने विभागीय अधिकारियों से निवेदन ताकि सुपेबेड़ा के किड़नी पीड़ितों सहित 8 गांव के हजारों लोगो शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

# दुःखद और जीवन का काला अध्याय रहा आपातकाल : मणिलाल

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



25 जून को जिला भाजपा कार्यालय महासमुन्द में, भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल का काला दिवस मनाते हुए मीसाबंदियों का सम्मान एवम विचार गोष्ठी का आयोजन किया। जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, भाजपा कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा,जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर, मीसाबंदी मणिलाल चंद्राकर, स्व अमृत साहू की धर्मपत्नी उर्मिला साहू सहित मंचस्थ पदाधिकारियों ने भारत माता,पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, पूजार्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।सर्वप्रथम आपातकाल का कालादिवस कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कार्यकारी भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि 49 वर्ष पूर्व आपातकाल लागू किये जाने की दर्दनाक घटना से नई पीढ़ी के लोग अनजान न रहे इस उद्देश्य के साथ भाजपा 25 जून को देश के काला अध्याय के रूप आपातकाल का काला दिवस का आयोजन करती आ रही है। कार्यक्रम में उपस्थित जिले के मीसाबंदी मणिलाल चंद्राकर ने आपातकाल में गिरफ्तारी के दौरान घटी पुलिसिया बर्बरता की आपबीती घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रताड़ना और पीड़ा का भयावह दौर हम कभी नही भूल सकते। जेल में बंद मीसाबंदियों पर कांग्रेसी सरकार के आदेश पर पुलिस की यातना लाठीचार्ज और गुनाहखोली में रखकर दी गयी शारीरिक मानसिक प्रताड़ना मौत के मुंह मे धकेलने के समान थी। मणिलाल ने बताया कि जेल में उन्हें कइयो दिनों तक भूखे प्यासे रखकर माफीनामा देने पर छोड़ देने की शर्त रखी गयी जिससे उन्होंने इंकार कर दिया ।इंदिरा गांधी के शासनकाल में हुए अमानवीय अत्याचार के विरोध में जब मीसाबंदियों ने जगह जगह पर्चा बांटना और नारे लगाने शुरु किया तब उनकी गिरफ्तारी कर जेल में बंद कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मणिलाल ने उन दिनों को याद करते हुए बताया कि आज भी जब जब वो समय याद आता है तब पुलिस द्वारा दी गयी प्रताड़ना से तनमन सीहर उठता है। पुलिसया ज्यादती का उदाहरण बताते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने पुलिस कस्टडी में रहते हुए बीए की पूरी परीक्षा दी थी मगर जब उनका रिजल्ट आया तो उन्हें एक विषय मे अनुपस्थित दर्शाया गया था। मीसाबंदी साथियों के साथ बीते हुए समय को याद करते हुए मणिलाल ने कहा कि उनके ज्यादातर साथियों को जीते जी जेल से वापस लौटने की कोई उम्मीद बाकी नही थी ।भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कार्यक्रम की मुख्यवक्ता लक्ष्मी वर्मा ने इंदिरा गांधी के कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में लगाये आपातकाल को स्वतंत्र भारत का काला दिवस बताते कहा कि यह निर्णय लोकतंत्र की हत्या का कुत्सित प्रयास और देश को भय ,आतंक में धकेलने की सुनियोजित साजिश थी। राष्ट्रहित में समर्पित देशभक्त संगठन आरएसएस और जनसंघ को खत्म करने का कांग्रेसी षड्यंत्र आपातकाल के दौरान रचा गया था। देश का इतिहास बताता है कांग्रेस के नेताओ को सत्ता मोह रहा है देशभक्ति और जनसेवा से उन्हें कोई सरोकार नही रहा है। भाजपा के लिए सत्ता सेवा का माध्यम है। मीसाबंदियों की राष्ट्रभक्ति और त्याग, बलिदान को नमन करते हुए लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि देश सदैव मीसाबंदियों का ऋणी रहेगा ।कांग्रेसी शासनकाल में लगाये गए आपातकाल के दिनों का उल्लेख करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ,संपत अग्रवाल ने कहा कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 197। तक 21 माह का आपातकाल के समय देश के माथे पर लगा कलंक का टीका साबित हुआ है। पूर्व विधायक परेश बागबाहरा, मीसाबंदी परिजन उर्मिला साहू, शमशेर सिंह शम्मी ने भी आपातकाल के संकटकाल का स्मरण करते हुए बताया कि उनके परिजन डॉ रमेश अग्रवाल, अमृतलाल साहू एवम जोगेंद्र टाइगर की गिरफ्तारी के बाद पूरा परिवार दुखो के साये में पहुंच गया। कोई भी पर्व या रस्मोरिवाज में घर के सदस्यों का साथ नही रहना बहुत कष्टदायक था हमे गर्व है कि हम ऐसे देशसेवा में समर्पित राष्ट्रभक्तो के परिवार का हिस्सा है। कार्यक्रम के दौरान मीसा बंदी एवम उनके परिजनों का भाजपा पदाधिकारीयों ने शाल श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की गई कार्यक्रम का संचालन शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली एवम आभार भाजपा नेता मांधव टांकसाले ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के मण्डल अध्यक्षगण श्याम साकरकर, धरम पटेल, पप्पू पटेल, धरम दीवान, प्रेम साहू, स्मिता हितेश चंद्राकर, संदीप दीवान, सुधा साहू, रमेश साहू, मीना वर्मा सहित भाजपा एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रमुख पदाधिकारी और सभी प्रमुख कार्यकर्ता, शक्तिकेन्द्र, बूथ समिति सदस्य और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# जमीन खरीद–फरोख्त के काम में 1 करोड़ की ठगी का आरोपी अंकित ताम्रकार ईंट भट्ठा से हुआ गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर

■ पुलिस ने कहा, महाठग अंकित को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

www.dailypioneer.com



जमीन खरीद फरोख्त मामले में लगभग 1 करोड़ रूपए की ठगी कर फरार आरोपी अंकित ताम्रकार को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जमीन का खरीदार कमलेश जैन 27 मार्च को भूमि स्वामी की भूमि का रजिस्ट्री कराने या दिये गये रूपये वापस करने को लेकर लिखित शिकायत आवेदन पत्र पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर में प्रस्तुत किया था, आवेदक के द्वारा प्रस्तुत शिकायत आवेदन पत्र की जॉच पुलिस अनुविभागीय अधिकारी द्वारा कराया गया। जांच पर अनावेदक अंकित ताम्रकार निवासी सन्ना रोड जशपुर द्वारा आवेदक कमलेश जैन के साथ भूमि का सौदा की बात को लेकर लाखो रूपये लेकर धोखाधड़ी कर ठगी करना पाये जाने से अंकित ताम्रकार निवासी सन्ना रोड जशपुर के विरूद्ध प्रथम दृष्टिया धारा 420 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**इस तरह किया धोखाधड़ी** - ववेचना दौरान आवेदक, गवाहों के कथन एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो का अवलोकन एवं विश्लेशण से पाया गया कि प्रार्थी और अभियुक्त अंकित ताम्रकार के मध्य भूमि क्रय-विक्रय की बातचीत हुई है, बातचीत में प्रार्थी द्वारा अंकित ताम्रकार से भूमि क्रय करने की ईच्छा व्यक्त करने पर अभियुक्त अंकित ताम्रकार ने मनबोध महतो भूमि स्वामी की भूमि खसरा नबंर 613/1 की भूमि प्रार्थी को विक्रय किये जाने का सौदा किया गया उक्त भूमि में प्रार्थी को आरोपी द्वारा दिखाई गई भूमि विक्रय हेतु प्रस्तावित स्थान से भिन्न भूमि है यह तथ्य प्रार्थी को जमीन सबंधित दस्तावेजो में पाई गई भिन्नता के आधार पर प्रार्थी के कथन से स्थापित होता है। भूमि स्वामी अपने खसरा नबंर 613/1 के विक्रय की सहमति देकर अभियुक्त अंकित ताम्रकार से सौदा किया था अन्य भूमि के वि य का सौदा भूमिस्वामी द्वारा नहीं किया गया है। विक्रय की गई भूमि का मूल्य भूमिस्वामी को प्राप्त नही हुआ है भूमिस्वामी के परिवार के जिन सदस्यो से आरोपी द्वारा प्रार्थी से बातचीत कराना कहा गया है वैसा कोई परिवारिक सदस्य भूमिस्वामी मनबोध महतो के परिवार में नही है। अंकित ताम्रकार ने प्रार्थी से मनबोध महतो की भूमि क्रय-विक्रय के नाम से लाखों रूपये का ठगी किया गया है तथा आरोपी द्वारा मूल्यवान दस्तावेज भूमि के ऋण पुस्तिका एवं अन्य मूल्यवान दस्तावेज में कूटरचना कर असल के रूप में इस्तेमाल करते हुये फर्जी तरीके से दस्तावेज को तैयार कर प्रार्थी को विश्वास में लेकर मूल्यवान दस्तावेज को प्रार्थी को देकर लाखो रूपये का धोखाधड़ी कारित किया गया है आरोपी का उपरोक्त कृत्य अपराध धारा 467, 468, 471, 120 (बी) भा.द.वि. का भी अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से प्रकरण में उक्त धारा जोड़ी गई है। ईट भट्ठा में छिपा था-जमीन संबंधी लाखों रूपये की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के द्वारा स्वयं मानीटरिंग की जा रही थी एवं थाना प्रभारी जशपुर निरीक्षक रविशंकर तिवारी को अंकित ताम्रकार की गिरफ्तारी कर आगामी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था। पतासाजी के दौरान अंकित ताम्रकार लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था, इस हेतु मुखबीर एवं सायबर सेल को लगाया गया था। विवेचना के दौरान अंकित ताम्रकार के फतेहपुर स्थित एक ईंटा भट्ठा में छिपे होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर जाकर घेराबंदी कर अभिरक्षा में लेकर उसका मेमोरंडम कथन लिया गया जो अपने कथन में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर षड्यंत्र कर फर्जी मूल्यवान दस्तावेज बनाकर प्रार्थी को जमीन दिलाने के नाम पर कुल 87 लाख 60 हजार रूपये का ठगी करना स्वीकार किया गया है एवं उसके कब्जे से ठगी की रकम से क्रय किया गया कार को जप्त किया गया है। प्रकरण में पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने पर अभियुक्त अंकित ताम्रकार उम्र 27 साल निवासी सन्ना रोड जशपुर को 25 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इस प्रकरण के अन्य आरोपीगण फरार हैं, उनकी लगातार पतासाजी की जा रही है।

**पहले भी कर चुका है ठगी** - ठग अंकित ताम्रकार वर्ष 2023 में अपने साथियों के साथ मिलकर नकली जेवरात को असली सोना बताकर विक्र य करने के मामले में पूर्व में जेल जा चुका है, उक्त प्रकरण में इसके विरूद्ध थाना कुनकुरी के अप.क्र. 84/23 धारा 420, 511, 34 भा.द.सं. का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**इन्हें मिली सफलता**-प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी जशपुर निरीक्षक रविशंकर तिवारी, स.उ.नि. ईश्वर प्रसाद वारले, आर. 350 हेमंत कुजूर, आर. शोभनाथ सिंह, आर. विनोद केरकेट्टा, आर. रवि राम का सराहनीय योगदान रहा है।

> अंकित ताम्रकार शातिर किस्म का ठग है, पूर्व में इसके विरूद्ध थाना कुनकुरी में भी ठगी का मामला दर्ज किया गया है, इस प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी के लिए टीम को लगाया गया है, उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।
>
> **शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# नगर निगम ने चलाया डेंगू मच्छर उन्मूलन महा अभियान, घर–घर में हो रही जांच: आयुक्त

## फाइट द बाइट अभियान में जुटा निगम अमला, आयुक्त द्वारा भी वार्डों का निरीक्षण





पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग

www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत फाइट द बाइट अभियान के तहत नगर निगम के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहित स्वास्थ्य विभाग अमला द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है।मानसून के पूर्व किसी भी तरह की कोई संक्रामक बीमारी जैसे डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जानकारी दी जा रही है। इस अभियान में निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी जुट गए हैं। निरीक्षण के समय अफसर ने आयुक्त को बताया कि स्वास्थ्य विभाग के दलों के साथ सभी के सहयोग से घर-घर निरीक्षण कर डेंगू लार्वा को जन्म के पूर्व ही खत्म करने के लिए वृहद पैमाने पर कार्य किये जा रहे हैं। इसके तहत प्रत्येक घर में ड्राई डे मनाया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार एक मादा मच्छर पहले अंडे देती है। अंडे से लार्वा बनता है।उसके बाद मच्छर जन्म लेते हैं।यह मच्छर हवा में उड़कर डेंगू जैसी बीमारी उत्पन्न करते हैं।

**घर-घर में हो रही जांच-आयुक्त**-आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा घरों में लगे कुलरो की जांच कर उन्होंने घर घर दस्तक देकर कूलर का पानी, घर की टंकी का पानी, छत, खपरैल में जमा पानी, प्लास्टिक ड्रम,नारियल का खोल, गमला में जमा पानी, बारिश का एकत्र पानी को खाली कराया जा रहा है. पानी जमा होने वाले बर्तन को पलट कर रखने, जहां पर भी पानी का जमाव् हो वहां पर जला तेल, निगम से मिली दवाई छिड़कने की सलाह दी जा रही है।

**कैच द रेन अभियान**-नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी द्वारा कैच द रेन अभियान चलाया जा रहा है।

# उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से महापौर बाकलीवाल ने की मुलाकात, शहर में विकास कार्य कराने के लिए सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग

www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत के अंतर्गत दुर्ग शहर में विकास कार्यों में तेजी लाने महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का शहर आगमन के दौरान दुर्ग शहर में विकास कार्यो की राशि को लेकर मुलाकात कर उन्हें उन्हें ज्ञापन सौंपकर फूल गुच्छ से स्वागत किया। इस समय शहर विधायक गजेंद्र यादव, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, एमआईसी भोला महोबिया सहित आदि रहे। महापौर धीरज बाकलीवाल ने उपमुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से मुलाकर कर शहर के विकास कार्यो को लेकर विस्तार से चर्चा की। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि शहर के सभी वार्डो में विकास कार्य कराना आवश्यक है। इसके अलावा कई प्रमुख योजनाओं को प्रारंभ करना भी अतिआवश्यक है। इस समय बाकलीवाल ने इन कार्यो के लिए शासन से राशि स्वीकृत कराने का आग्रह किया। उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि विकास कार्यों के लिए राशि शासन से दिलाई जाएगी।इस दौरान महापौर ने उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से भेंट के दौरान शहर के विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की।उप मुख्यमंत्री साव ने महापौर बाकलीवाल को इस संबंध में शीघ्र पहल करने का आश्वासन भी दिया।

# आयुक्त ने तिलक लगाकर छात्राओं को प्रदान की पुस्तकें बोले जीवन भर साथ देती है शिक्षा की अमूल्य निधि

## नगर निगम आयुक्त ने स्कूल पहुंचकर छात्र छात्राओं का हौसला भी बढ़ाया

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग

www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत गर्मी की लंबी छुट्टियां मनाने के बाद बच्चों का उनके स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाते हुए भव्य स्वागत किया जा रहा है. स्कूल चले हम अभियान के समय आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने तिलक लगाकर छात्राओं को प्रदान की पुस्तकें, और बोले जीवन भर साथ देती है शिक्षा की अमूल्य निधि। उसके बाद बच्चो को मुंह मीठा कर किताबें बांटी जा रही है. 26 जून से नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है.बता दे कि सभी सरकारी स्कूलों में 26 जून से लेकर 15 जुलाई तक शाला प्रवोशोत्शव मनाया जाएगा. शाला प्रवेशोत्सव पर तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया गया. आज से स्कूल खुल गए हैं. भीषण गर्मी से 10 दिन बढ़ी गर्मियों की छुट्टियां रविवार को समाप्त हो गई हैं।शाला प्रवेशोत्सव के साथ ही बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हुआ। इस दौरान स्कूलों में प्रवेशोत्सव का आयोजन कर नवप्रवेशी बच्चों का आज आदर्श कन्या स्कूल में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा शाला स्टॉप के बीच बच्चो को तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा।और बच्चो को पाठ्य पुस्तकें और गणवेश का वितरण भी किया गया।सबसे पहले आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। फिर छात्राओं ने वंदना की जिसके बाद स्कूल में सत्र की शुरुआत होने पर बच्चों का शिक्षकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पहले छात्रों को तिलक लगाया गया और किताबें बांटी गई।

# भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र में संचालित बैंक शाखाओं के प्रबंधकों की आयुक्त ने ली बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई-3

www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय में सप्ताह के प्रथम कार्य दिवस पर पी.एम. स्वनिधि योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत ने क्षेत्र में संचालित समस्त बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी पी.एम. स्वनिधि योजना के प्रकरणों का त्वारित निराकरण करना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि निगम के राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन योजना विभाग द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का क्रियान्वयन किया जाता है। इस योजना में स्ट्रीटवेन्डर्स को 10,000 रु. तक ऋण बैंक शाखाओं द्वारा अपना व्यापार आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। हितग्राही द्वारा प्रथम बार प्राप्त ऋष्टा राशि रू. 10,000 को समय पर भुगतान किये जाने की स्थिति में बैक द्वारा दूसरी बार 20,000 रू. एवं तीसरी बार राशि 50,000 रु. तक ऋण पी.एम. स्वनिधि योजना के अंतर्गत प्रदान किये जाने का प्रावधान है। आज की बैठक में राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन योजना के प्रबंधक आदित्य भटनागार, सामुदायिक संगठक कुन्ती वर्मा, सामुदायिक संगठक सुषमा पाण्डेय, सामुदायिक संगठक यशवंत सिंह राजपूत के अलावा भारतीय स्टेंट बैंक चरौदा शाखा से सुमीत सिंह, भारतीय स्टेंट बैंक भिलाई 03 से सतीश कुमार कश्यप, बैंक ऑफइंडिया भिलाई 3 से रत्ना, आई.डी.बी.आई. बैंक भिलाई 03 से प्रभात सिंह।

# भिलाई-चरौदा निगम द्वारा आयुष्मान भारत योजना कार्ड का वितरण किया गया प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई-3

www.dailypioneer.com



दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार भिलाई-चरौदा निगम द्वारा आयुष्मान भारत योजना कार्ड का वितरण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसकी शुरुआत वार्ड क्रमांक-01-इंदिरा नगर हथखोज एवं वार्ड क्रमांक-02-हथखोज बस्ती से की गयी। नगर निगम भिलाई-चरौदा के सभी वार्डो में शिविर लगाकर आयुष्मान भारत योजना कार्ड का वितरण किया जायेगा। इस संबंध में निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत के द्वारा आदेश जारी कर कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किया गया है। दिनांक 25 जून 2024 से प्रारंभ कर दिनांक 05 जुलाई 2024 तक निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में आयुष्मान कार्ड का विवरण जारी रहेगा।इस कार्य में निगम के कम्प्यूटर आपरेटर तथा स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी वार्ड पार्षद से समन्वय स्थापित कर कार्य पूर्ण करेगें। गौरतलब है कि भारत सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्राप्त करने वाले परिवार 5.00 लाख रूपये तक की चिकित्सा सुविधा का लाभ प्राप्त कर पायेगें। आयुष्मान कार्ड जिसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नाम से भी जाना जाता है। इस योजना में शासन द्वारा एक तरह का हेल्थ कार्ड जारी किया जाता है, जिसे आयुष्मान कार्ड भी कहा जाता है। इस कार्ड का उपयोग कर लाभार्थी सरकारी और प्राईवेट अस्पताल मे चिकित्सा सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते है। निगम प्रशासन द्वारा आज हथखोज बस्ती के आयोजित शिवर में 243 हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड का वितरण किया गया।

# भिलाई-चरौदा निगम प्रशासन की कार्यवाही, बाजार एरिया का निरीक्षण कर सड़क जाम करने वालो को चेताया



पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई-3

www.dailypioneer.com

कमिश्नर डी.एस. राजपूत के निर्देशानुसार भिलाई-चरौदा निगम प्रशासन की ओर से बाजार एरिया का निरीक्षण करने निकली टीम ने सड़क पर सामान रखकर मार्ग अवरुद्ध करने वालो को समझाइश देने के साथ इसकी पुनरावृत्ति नही करने चेताया गया। बाजार में सब्जी एवं फल बेचने वाले दुकानदारों के द्वारा दुकान के बाहर टेबल पर या लकड़ी के बेंच लगाकर अपने सामान का प्रदर्शन करते पाया गया। जिसके कारण पैदल चलने वालो एवं दोपहिया वाहनों के साथ बाजार में आने-जाने वालों को दिक्कत का सामना करना पडता है। साथ ही बाजार में अधिकांश दुकानदारों के द्वारा दुकान के बाहर 03 फीट से 4 फीट तक एंगल लगाकर सामान लटकाया गया भी देखा गया। जिसके कारण वाहनों के आवागमन में असुविधा होती है। निगम को लगातार मिल रही सूचना के आधार पर समस्या का निराकरण करने के उद्देश्य से उप अभियंता मुकेश रात्रे के नेतृत्व में बाजार के सभी हिस्सों का अवलोकन करते हुए निगम कर्मियों द्वारा सड़क पर रखे टेबल, बेंच और स्टाल इत्यादि को हटवाये जाने की कार्यवाही की गई। निगम की टीम ने सभी दुकानदारों एवं व्यापारियों से आने -जाने वाले रास्ते को छोड़कर अपना सामान रखने की समझाइश दी गई है। साथ ही भविष्य में अवज्ञा करते पाये जाने पर चलानी कार्यवाही किये जाने के संबंध में अवगत कराया गया। इस कार्यवाही के दौरान सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, सहायक ग्रेड-3 यशवंत ठाकुर, समयपाल श्यामता साहू, राकेश जोशी, राजेश चंदेल, पुरबल चतुर्वेदी शामिल रहे।

# भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र के विद्यालयों में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

■ शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कार्यक्रम में शामिल हुए निगम कमिश्नर

पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई-3

www.dailypioneer.com



दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार नगर निगम भिलाई-चरौदा क्षेत्र के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय द्वारा बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। जिसमे नये शैक्षणिक सत्र में सम्मिलित होने बड़े ही उत्साह के साथ विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वही विद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ द्वारा भी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शामिल नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कमिश्नर के साथ दोनो ही विद्यालय के अध्यापकों एवं शिक्षक गणों ने विद्यार्थियों को किताबें और स्कूल यूनिफार्म उपहार स्वरूप भेंट कर उनका अभिवादन किया। उपस्थित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों सहित शाला के शिक्षकों को संबोधित करते हुये कमिश्नर डी. एस. राजपूत ने कहा कि आज के परिवेश में शिक्षा का महत्व अत्यधिक है। पढाई करने के साथ व्यक्तित्व विकास मे खेलों एवं सह पाठयक्रम गतिविधियों में भी आप सभी विद्यार्थी शामिल होकर निरंतर जीवन मे अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तत्पर रहे। राजपूत ने अपने जीवन में आज की स्थिति तक पहुंचने के लिए किये गये संघर्ष को याद करते हुए विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किये। शाला प्रवेश उत्सव में शांति नगर वार्ड क्रमांक-17 के पार्षद एवं वरिष्ट भाजपा नेता फिरोज फारूकी ने भी शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में शाला के विद्यार्थियों से कहा कि छुट्टियों के बाद आज से फिर शिक्षा का क्रम शुरू हो रहा है। मै आप सभी का नये शिक्षण सत्र में स्वागत करता हूँ एवं आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। आज के कार्यक्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य निशा जैन, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्राचार्य हरि ठाकुर, संकुल समन्वयक अभिषेक वर्मा, शाला विकास समिति की ओर से दुर्गा कोसरे सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी गण शामिल रहे।

# शासकीय सड़क पर चेनलिंग फ्रेंसिंग कर अवैध कब्जा, कलेक्टर टीएल में शिकायत, नगर निगम ने तत्काल किया निराकरण



पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग

www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम, क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 53 न्यू आदर्श नगर कात्यायनी मंदिर क्षेत्र के करीब शासकीय सड़क पर चेनलिंग फ्रेंसिंग कर घेरा कर अवैध कब्जा की शिकायत टीएल के समय कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को आवेदन के माध्यम किया गया था। जिस पर कलेक्टर चौधरी द्वारा समस्या सुनी गई और नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश के बाद भवन अधिकारी गिरीश दीवान के मार्गदर्शन में को न्यू आदर्श नगर, पोटियाकला, दुर्ग में एमडी कंवर एवं जगतराम देवांगन द्वारा नाली क्षेत्र को कव्हर करते हुए सडक क्षेत्र से लगाकर चेनलिंक फेंसिंग कर घेरा किया गया था. जिससे सडक एवं नाली क्षेत्र बाधित हो रही है। उक्त फेंसिंग को हटाये जाने अनावेदको को इस कार्यालय से माध्यम से नोटिस जारी किया गया था। तथा स्थल पर कब्जा हटाने के लिए मौखिक रूप से बोला गया था. तदुपरांत नोटिस जारी किया गया था. उसके बाद भी नोटिस को अनदेखा किया गया और अतिक्रमण कर्ता द्वारा चेनलिंग फेंसिंग को नहीं हटाया गया। मंगलवार को शाम कार्रवाही करने पहुँचे अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं भवन निरीक्षक विनोद मांझी के नेतृत्व में एक्शन लेते हुए सड़क बाधित कर चेनलिंग फेंसिंग अतिक्रमण/ कब्जा को हटवाकर कब्जा मुक्त किया गया। अधिकारी द्वारा सम्बंधित को सड़क क्षेत्र में दोबारा चेनलिंग फेंसिंग कब्जा नहीं करने की चेतावनी दी गई।

# प्री इंजीनियरिंग एवं प्री मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित, 1जुलाई 2024 तक कर सकते हैं आवेदन

**दुर्ग।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12वीं उत्तीर्ण 100 अभ्यर्थी (64 अनुसूचित जनजाति एवं 36 अनुसूचित जाति) जो ड्रॉप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 1 जुलाई 2024 शाम 4रू00 बजे तक है।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No.: 03-03/P-I/TN-88/CP-105/2024/930 dtd. 24/06/2024

**E-PROCUREMENT TENDER NOTICE No. TN-88/2024**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) for the supply of following item for various power stations of CSPGCL as per details given below:-

| Sl. No. | Tender No. / Rfx no. | Description | Due date & time for submission of bid | Bid opening date (EMD, Tech. Bid) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03-03/TN-88/T-(CP-105)/ 2024; Rfx No. :- 8100037687 (With RLA) | Procurement of 530 MT Liquid Chlorine confirming to BIS 646:1986 (Second Revision) or latest amendment if any. | 16/07/2024 At 15.00 Hrs. | 16/07/2024 At 15.30 Hrs. |

For qualifying conditions of tender and other details kindly visit our website http://cspc.co.in/cspgcl/tendernotices/central offices. The tender document can be viewed and downloaded online from SAP SRM E- Procurement Portal http://www.cspc.co.in>ebidding>ebidding web portal (OR) https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.Any corrigendum/amendments, if required, shall be displayed on above website only

SAVE ELECTRICITY Samvad-40580/2

EXECUTIVE DIRECTOR(S&P:GEN)
CSPGCL:RAIPUR

**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी**
**जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

Phone-No.:- 07856-252364 Email:deo.officedantewada@gmail.com

// निविदा //

क्रमांक/961/जि.शि.अ./डीएमएफ/2024-25 दंतेवाड़ा, दिनांक 25/06/2024

एतद् द्वारा राज्यपाल के नाम से आदेशानुसार कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा की ओर से फर्म/एजेंसियों से दन्तेवाड़ा जिला खनिज न्यास निधि से जिला प्रशासान द्वारा संचालित विकासखण्ड गीदम में संचालित अटल बिहारी एजुकेशन सीटी जावंगा कैम्पस में 15 सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा गार्ड के लिए पंजीकृत एजेंसियों से दर प्रस्तुत करने मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य शर्तों की जानकारी जिले के वेबसाइड www.dantewada.nic.in में अपलोड कर दी गई है, जारी निविदा दस्तावेज जिले के वेबसाइड www.dantewada.nic.in से डाउनलोड कर ऑनलाईन के माध्यम से समस्त दस्तावेज सहित कार्यालय के Email-deo.officedantewada@gmail.com में भेजा जा सकता है। साथ ही इच्छूक प्रतिभागी भी ऑफ्लाईन से भी फर्म/एजेंसी का पंजीयन, पेन कार्ड, टेन, जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. कल्यिरेंस तथा आयकर प्रमाण एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित रजिस्ट्री डाक, स्पीड पोस्ट एवं कोरियर से भी निविदा जमा करने की अंतिम तिथि के समय 3.00 बजे तक भी किया जा सकता है।

01. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 05.07.2024 समय अपरान्ह 3.00 बजे
02. निविदा खोलने की तिथि - 05.07.2024 समय अपरान्ह 4.00 बजे

G-242500607/3

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा

## संपादकीय

# हज त्रासदी तैयारी जरूरी

**हज यात्रा** में तीर्थयात्रियों की दुःखद मौतों के बाद बेहतर तैयारियों तथा सऊदी अरब सरकार की बेहतर प्रतिक्रिया की आवश्यकता उजागर होती है। यह वर्ष सर्वाधिक दुःखद हज यात्राओं में से एक रहा है जब 98 भारतीय हाजियों की मौत की पुष्टि हो गई है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इन मौतों का कारण सऊदी अरब के मक्का में चलने वाली अभूतपूर्व लू थी। यह त्रासदी हालिया वर्षों में सर्वाधिक भयानक गर्मी के कारण हुई जिसमें तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया जिससे विभिन्न देशों के 1,000 से अधिक हज यात्रियों की मृत्यु हो गई। उच्च तापमान और अत्यधिक नमी के कारण अनेक तीर्थयात्रियों में गर्मी के कारण बीमारियां पैदा हो गईं। इनका असर खासकर पहले से बीमारियों का शिकार व वृद्ध लोग हुए। लू लगने तथा निर्जलीकरण के कारण चिकित्सा सुविधाओं पर बहुत बोझ पड़ा जिसके कारण बड़ी संख्या में लोग बीमार हुए या मर गए। पीड़ितों में मिस्र, इंडोनेशिया व जार्डन के नागरिक बड़ी संख्या में थे। इससे इस त्रासदी का व्यापक वैश्विक प्रभाव पता चलता है और हज यात्रियों के लिए बेहतर सुरक्षा व्यवस्थाओं की आवश्यकता उजागर होती है। हज यात्रा में हर साल लाखों मुसलमान मक्का आते हैं। हालांकि, सऊदी अरब हज यात्रियों की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करता है, पर इसके बावजूद अनेक त्रासद घटनायें हो जाती हैं। तीर्थयात्रियों की मौतों के पीछे स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे बड़ा कारण हैं जिनमें गर्मी के कारण पैदा बीमारियां भी शामिल हैं। भयानक गर्मी और शारीरिक थकान के कारण निर्जलीकरण हो जाता है, लू लग जाती है तथा अन्य समस्यायें पैदा होती हैं। 2018 में भी दर्जनों



हज यात्री भयानक गर्मी के कारण मर गए थे जो इस मौसम में सऊदी अरब में सामान्य बात है।

लू के विनाशकारी प्रभाव के कई कारण हैं। पहला, जलवायु परिवर्तन निरंतर स्पष्ट होता जा रहा है। इसके कारण अक्सर वैश्विक तापमान बढ़ने की घटनायें होती हैं तथा भयानक लू चलती है। इससे खासकर मध्यपूर्व में मौसम बहुत खराब हो जाता है तथा ऐसे आयोजन जानलेवा साबित हो सकते हैं। दूसरा, बड़ी संख्या में हज यात्रियों को सुविधायें देने के लिए ढांचागत संरचना में भारी निवेश के बावजूद मौसम का बहुत खराब होना इन सुविधाओं पर भारी पड़ता है। इससे उपयुक्त चिकित्सा देखभाल तथा शीतलन समाधान प्रदान करने में बाधा आती है। इसके साथ ही बहुत से हज यात्री भयानक गर्मी से निपटने के लिए ठीक से तैयार नहीं होते हैं। बहुत से लोगों को इसके बारे में समुचित जानकारी नहीं थी या वे इतने खराब मौसम से निपटने में अक्षम थे। उनको समुचित मात्रा में निर्जलीकरण से बचाने तथा अन्य रक्षात्मक उपायों की कमी थी जिसके कारण बड़ी संख्या में हज यात्रियों की मौत हुई। भविष्य में ऐसी त्रासदियों से बचने के लिए अनेक उपाय करने की आवश्यकता है। मौसम की पूरी सतर्कता से निगरानी की जानी चाहिए तथा सही समय पर लू संबंधी जानकारी से हज यात्रियों व अधिकारियों को बेहतर तैयारी करने का अवसर मिलेगा। लू की चेतावनियों की जीवन्त व्यवस्था तथा आवश्यक सावधानियों के बारे में महत्वपूर्ण सूचनायें देने से भविष्य में जोखिम को घटाया जा सकता है। इसके साथ ही ढांचागत संरचना में व्यापक स्तर पर सुधार की जरूरत है। इसमें ज्यादा छायादार क्षेत्रों तथा 'कूलिंग सेंटरों' की स्थापना शामिल है। इसके साथ ही इस बात के प्रयास आवश्यक हैं कि हज यात्रियों में निर्जलीकरण न होने पाए, उनको समुचित मात्रा में पानी और द्रव पदार्थ दिए जाएं ताकि उनको गर्मी संबंधी स्वास्थ्य मुद्दों से सुरक्षा दी जा सके।

# भ्रष्टाचार का विकास पर प्रभाव

वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार-उन्मूलन के अनेक प्रयासों के बावजूद व्यवस्था में भ्रष्टाचार बना हुआ है। इससे भारत में लोकतंत्र का भविष्य तथा उसका सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य प्रभावित होता है।



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)

वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार-उन्मूलन के अनेक प्रयासों के बावजूद व्यवस्था में भ्रष्टाचार बना हुआ है। इससे भारत में लोकतंत्र का भविष्य तथा उसका सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य प्रभावित होता है। कुछ दिन पहले मेरे एक अमेरिकन परिचित कोलकाता जाने के रास्ते पर दिल्ली से गुजर रहे थे। उन्होंने पिछले दस साल में भारत द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने स्वीकार किया कि भारत का विकास और प्रगति किसी भी दृष्टिकोण से आश्चर्यजनक है। लेकिन वे इस बात से बहुत परेशान थे कि यही भारतीय इतने अधिक भ्रष्टाचार को कैसे सहन करते हैं। भारत में भ्रष्टाचार बहुत व्यापक है और इसका व्यापक स्तर पर लोगों की सोच पर प्रभाव पड़ता है। उनको पता लगा कि भारत में कई राज्यों के मुख्यमंत्री वर्तमान समय में जेलों में बंद हैं। उन्होंने मुझे बताया, अमेरिका में लोग इस बात पर आश्चर्य करते हैं कि भारतीय जनता इतने बड़े स्तर पर दुर्व्यवहार कैसे सहन करती है और इसके कारण दुनिया भर में उसका सम्मान गिरता है। इसकी तुलना में दूसरे देशों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि कुछ साल पहले जापान के एक प्रधानमंत्री को जेल जाना पड़ा था। लेकिन इस घटना से जापानी जनता बहुत व्यथित हुई और इसके बाद से, जहां तक हमें पता है ऐसी घटना फिर दुहराई नहीं गई। मेरे अमेरिकन परिचित एक तथ्य पर जोर दे रहे थे कि भारत में भ्रष्टाचार लगातार जारी रहने और इसकी व्यापक स्तर पर उपस्थिति के बावजूद आम जनता में इसके प्रति कोई शर्म या परेशानी की भावना नहीं है।

ऐसा नहीं कि दुनिया में कहीं और भ्रष्टाचार नहीं है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति तथा एक बार फिर 2024 में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को न्यूयार्क की एक अदालत ने 'फेलोनी' या झूठ बोलने का दोषी पाया है। यह कदाचार से ज्यादा गंभीर अपराध है। कुछ दिनों पहले वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन के पुत्र हंटर




बाइडेन को नशीले पदार्थों के उपयोग के बारे में तथ्य छिपाने का दोषी पाया गया है। इसकी तुलना में भारत का रिकार्ड न केवल सहन सीमा में है, बल्कि यहां दागी मुख्यमंत्रियों और राजनेताओं को 'सजा' भी मिली है जो अपने आप में अत्यधिक उल्लेखनीय है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को जानवरों के लिए निर्धारित सरकारी बजट से 600 करोड़ रुपये गबन का दोषी पाया गया। यह ऐसे देश में हुआ जहां लोग गाय को माता मान कर उसकी पूजा करते हैं। तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय जयललिता एक समय सिनेमा की लोकप्रिय नायिका थीं, पर उनको भी भ्रष्टाचार के मामले में जेल जाना पड़ा। हाल ही में भ्रष्टाचार के आरोपों में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा दिल्ली के वर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल जाना पड़ा।

हेमंत सोरेन तथा अरविंद केजरीवाल पर हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोप हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या इन नेताओं को अपना अस्तित्व बचाए रखने, अपनी सरकारें चलाने या चुनाव लड़ने के लिए पैसे की आवश्यकता के कारण भ्रष्टाचार करना पड़ा? इसका जवाब निश्चित रूप से 'नहीं' है। लगता है कि उन्होंने लालच के कारण हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार किया। आश्चर्यजनक है कि इन लोगों को अपने किए पर कोई पछतावा तक नहीं है, जैसे कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया हो।

पिछले वर्षों में मुझे अनेक सजा प्राप्त चोरों और अपराधियों से मिलने का मौका मिला। इनमें से कुछ ने विरोध प्रकट करते हुए कहा कि उनको 'जरूरत से ज्यादा दंड मिला'। लेकिन इनमें से किसी ने पश्चाताप की जरा भी भावना नहीं व्यक्त की, न ही उन्होंने इस बात पर कोई अफ्सोस किया कि उनको ऐसा काम नहीं करना चाहिए था। विडंबना है कि भारत में भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए या इसके आरोपित लोग बार-बार न केवल चुनाव लड़ते रहे, बल्कि जोश के साथ चुनाव प्रचार भी करते रहे। अक्सर इनमें से अनेक प्रबल बहुमत से चुनाव जीतने में भी सफल हुए। इस परिघटना से यह संदेश भी गया कि शायद मतदाताओं को उनके 'भ्रष्टाचारी कृत्यों' की जरा भी चिन्ता नहीं है। ऐसे में यह सवाल भी स्वाभाविक रूप से उठता है कि जनता में भ्रष्टाचार की इस परोक्ष या प्रत्यक्ष स्वीकार्यता के प्रति समाज विज्ञानी क्या कहते हैं? आखिर ऐसी परिघटना का क्या कारण है? अधिकांश मतदाताओं के ईमानदार होने की संभावना है या कम से कम वे दूसरे लोगों से जीवन में ईमानदारी के व्यवहार की उम्मीद करते हैं। लेकिन आश्चर्य है कि फिर वे ऐसे नेताओं को कैसे सहन करते हैं जो सार्वजनिक धन का बड़ा हिस्सा हड़प कर उसे निजी उपयोग में लाते हैं? क्या मतदाता यह समझ नहीं पाते कि भ्रष्टाचारी नेता जो पैसा हड़प लेते हैं वह स्वयं उनकी कठोर परिश्रम से कमाई गई संपत्ति है?

स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भ्रष्टाचार को यह कह कर सही ठहराने का प्रयास किया था कि यह 'वैश्विक परिघटना' है। उन्होंने पूछा था, 'दुनिया का कौन सा देश भ्रष्टाचार से मुक्त है?' इंदिरा गांधी के समय के अनेक नेताओं ने इसे बेलगाम होकर सार्वजनिक संपत्ति हड़पने के लिए उनकी अनुमति मान लिया। इंदिरा गांधी के बड़े बेटे राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री थे तब उनके ऊपर बोफोर्स तोपें खरीदने के मामले में भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप लगा था। इसके बाद डा. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में बनी कांग्रेस नीत संप्रग सरकार पर कार्यकाल के दस साल में भयानक भ्रष्टाचार के अनेकों आरोप लगे थे।

मनमोहन सरकार की पहचान भ्रष्टाचार तथा एक खास धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय का अंतहीन तुष्टीकरण बन गई थी। यदि उनके किसी मंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध होता या उसे जेल जाना पड़ता तो मनमोहन सिंह यह कह कर अपना बचाव करते थे कि उसका संबंध उनके गठबंधन साझीदारों से है और वह उनकी पार्टी का नहीं है। भले ऐसे में वे क्या कर सकते थे? इसके साथ ही उनको यह सार्वजनिक घोषणा करने में कोई तकलीफ नहीं हुई थी कि 'देश के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला हक है और इस प्रकार स्वाभाविक रूप से उनको 15 प्रतिशत संसाधन आबंटित कर दिए जाने चाहिए।' भले ही उनका यह कृत्य 'भ्रष्टाचार' के दायरे में न आता हो, पर निश्चित रूप से यह नैतिक पतन की पराकाष्ठा है।

इन सबका खासकर भारत में लोकतंत्र के भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है? सौभाग्य से पिछले दस साल से भारत को एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जिसने 'भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान' में कभी रियायत नहीं बरती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कथन बहुत लोकप्रिय हुआ, 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा।' प्रधानमंत्री मोदी अपने इस कथन के प्रकाशवान प्रतीक बने हुए हैं। उनके द्वारा पिछले दस साल में उठाए गए अनेक कदमों और उपायों से भ्रष्ट राजनेताओं और अधिकारियों का जीना हराम हो गया है। उनके इन उपायों और कदमों में नोटबंदी, फर्जी कंपनियों की पहचान और उनको समाप्त करना, अस्तित्वहीन फर्जी एनजीओ समाप्त करना तथा वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी के माध्यम से देश की कर व्यवस्था को सुचारु बनाना शामिल है। उनके सतत प्रयासों से अनेक भ्रष्टाचारी नेता और अधिकारी जेल भेजे गए हैं। इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'वैश्विक नेता' के रूप में स्वीकार्यता बढ़ी है और उनका सभी सम्मान करते हैं।

यह कोई संयोग नहीं है कि आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है और यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। इसका सीधा संबंध भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी के लगातार और अथक युद्ध से है। लेकिन यह भी सच है कि पहले की सरकारों में गहराई तक व्याप्त भ्रष्टाचार का आदी रहा जनता का एक हिस्सा आजकल बहुत दुःखी है। पहले ऐसे तत्वों बिना प्रयास के पैसे बनाने, बिना किसी जवाबदेही के पद या शक्ति का लाभ उठाने का अवसर मिलता था और उनको दंड का भी कोई भय नहीं था। ऐसे लोगों को अचानक ऐसी दुनिया का सामना करना पड़ रहा है जिसके वे आदी नहीं थे। वे इसे पसंद नहीं करते हैं और स्वयं को उत्पीड़ित अनुभव कर रहे हैं। इस चुनाव में भाजपा की सीटें घटना इसी प्रतिक्रिया का भी परिणाम है।श के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होगा।

# आध्यात्मिक क्रियाओं की शक्ति

> हम आध्यात्मिक गतिविधियों के प्रभावों का अनुभव कर सकते हैं, यदि हम उन्हें करते हैं। ऐसी कई गतिविधियां हैं।



**अजीत बिश्नोई**
(लेखक आध्यात्मिक शिक्षक हैं)

हमें आश्चर्य होता है या होना चाहिए कि क्या हम आध्यात्मिक गतिविधियों के प्रभावों का अनुभव कर सकते हैं, यदि हम उन्हें करते हैं। ऐसी कई गतिविधियां हैं। मैंने दस सबसे प्रमुख गतिविधियों को चुना है ताकि यह विस्तार से बता सकूं कि वे हमारे लिए क्या करती हैं। इसके अतिरिक्त, मैं यह बताने का प्रयास करूँगा कि वे समग्र रूप से क्या करती हैं, भले ही हम उनमें से कुछ को ही चुनें, यह इस बात पर निर्भर करता है कि वे हमारे लिए उपयुक्त हैं या नहीं। उन्हें चुनने और उन्हें लंबे समय तक करने की हमारी क्षमता दोनों में हमारी प्रकृति निर्णायक कारक हैं। आखिरकार, उनका प्रभाव मीठा खाने और उसके स्वाद का आनंद लेने जैसा स्थूल नहीं है। सभी आध्यात्मिक गतिविधियाँ हम पर सूक्ष्म प्रभाव छोड़ती हैं, लेकिन उनका अनुभव किया जा सकता है। केवल एक शर्त है खुले दिमाग का होना। नकारात्मक या आलोचनात्मक रवैया उनके प्रभावों को महसूस करने से रोकेगा।

प्रार्थना से शुरू करें, ऐसा करना सबसे स्वाभाविक है, बच्चे भी परेशान होने पर या किसी चीज की जरूरत होने पर प्रार्थना करते हैं। क्या भगवान जवाब देते हैं? वे निश्चित रूप से जवाब देते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि हम जिस तरह से चाहते हैं, वैसा ही हो, क्योंकि हमें वह मिलना चाहिए जो हम चाहते हैं।

हमारा प्रयास व्यर्थ नहीं जाएगा। अगला है याद रखना, हम सभी करते हैं। यह बहुत स्वाभाविक है; भगवान हमारे जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा हैं, कम से कम हम भारतीयों के लिए - जो धन्य हैं। क्यों? क्योंकि बचपन से ही आध्यात्मिकता हमसे दूर नहीं होती; यह हमारे खून में है। इसका इनाम प्रार्थना करने जैसा ही होगा। तीसरा है मंदिर में देवता के दर्शन करना। हममें से बहुत से लोगों के घर में पूजा घर है, जहाँ



हम आसानी से दर्शन कर सकते हैं। हममें से बाकी लोगों के पास, कम से कम हममें से ज़्यादातर के पास भगवान के अवतारों की तस्वीरों वाले कैलेंडर हैं। इसका तुरंत फ़ायदा यह होता है कि हम अच्छा और आशावान महसूस करते हैं। भगवान को देखना इतना अद्भुत है। चौथी सबसे आम आध्यात्मिक गतिविधि भगवान के नाम या सिर्फ़ ओम का जाप करना है। इसका इतना असर होता है कि एक बार शुरू करने के बाद, व्यक्ति राम जैसे नामों को दोहराता रहता है। हम भारतीय लगभग हमेशा 'नमन' करते हैं, ख़ास तौर पर, जब हम किसी देवता के सामने होते हैं। यह क्या करता है? सबसे बढ़िया चीज़ जो यह करता है, वह है हमारे अंदर विनम्रता पैदा करना, जिससे हमारा अहंकार नियंत्रित रहता है। हममें से बहुत से लोग भगवान का शुक्रिया अदा करते हैं अगर हमारे जीवन में कुछ अच्छा होता है। यह हमें और अच्छे समय का हकदार बनाता है, और वे निश्चित रूप से आते हैं। शास्त्रों को पढ़ना इतना आम नहीं है, लेकिन इतना दुर्लभ भी नहीं है। हनुमान चालीसा बहुत लोकप्रिय है; मैंने हनुमान चालीसा को याद करके इस जीवन में अपनी आध्यात्मिक यात्रा शुरू की।

एक और लोकप्रिय आध्यात्मिक गतिविधि मंदिरों या अन्य स्थानों पर सुनना (उपदेश) है। वे हमें समझदार बनाते हैं। अंतिम है 'ध्यान' करना। इसके लाभ व्यापक रूप से ज्ञात हैं और उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं है। अब आध्यात्मिक गतिविधियों को करने के समग्र लाभों की ओर मुड़ते हैं। जब हम उन्हें करते हैं, तो हम ईश्वर की संगति प्राप्त करते हैं। क्या हम उनसे जुड़ नहीं रहे हैं? आध्यात्मिक ऊर्जा हमारे अंदर प्रवाहित होगी। यह बहुत खास है, क्योंकि यह हमारी 'आत्मबल' (आंतरिक शक्ति) को बढ़ाता है।

इसके अलावा, ईश्वर हम पर ध्यान देते हैं, जैसे एक प्रिंसिपल एक प्रतिभाशाली छात्र पर ध्यान देता है। अगर हम इस मार्ग पर आगे बढ़ने में ईमानदार हैं, तो हम उनकी निगरानी में रहते हैं। भगवान हमें बढ़ावा देना शुरू करते हैं, जैसा कि उन्होंने मेरे मामले में किया। बड़ी तस्वीर की अवधारणा जड़ पकड़ रही थी। ईश्वर में आस्था बढ़ने लगी, साथ ही 'कर्मफल सिद्धांत' में भी आस्था बढ़ने लगी। मैं समझने लगा कि भाग्य क्या होता है, यानी पिछले जन्मों के संचित कर्मफल, जिनका फल अभी मिलना बाकी है। मुझे यह भी एहसास हुआ कि ईश्वर उनके आने में हस्तक्षेप नहीं करते, बल्कि उनसे सफलतापूर्वक निपटने में हमारी मदद कर सकते हैं। माया का प्रभाव कम होने लगा और 'धुंध' (अज्ञान) इतना प्रबल नहीं रहा। मैं अपने कार्यों को मनमाने ढंग से तय करने के बजाय ईश्वर से मार्गदर्शन लेने के लिए प्रोत्साहित हुआ कि मुझे क्या करना चाहिए। धर्म मेरे अंदर स्वाभाविक रूप से आने लगा, साथ ही मदद के लिए ईमानदारी से प्रार्थना करने लगा। मैं अपने दिल में जानता था कि मैं बहुत छोटा, असहाय, अज्ञानी और असुरक्षित था। केवल ईश्वर ही मदद कर सकते हैं, और उन्होंने मेरी देखभाल करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने मुझे अपने 'निमित्त' (साधन) के रूप में उपयोग करना शुरू कर दिया। मुझे आध्यात्मिक ग्रंथ लिखने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिसके बारे में मेरे भगवान ने मार्गदर्शन करना शुरू किया।

## आप की बात

### कांग्रेस का ड्रामा

2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने एक बेहद झूठे विमर्श का प्रचार कर थोड़ी-बहुत सफ्लता अवश्य पाई, पर वह मोदी को प्रधानमंत्री बनने से नहीं रोक पाया। कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष अभी भी संविधान की प्रतियां हाथों में लेकर संसद परिसर में संविधान बचाओ और लोकतन्त्र बचाओ के नारे लगाकर देश को भ्रमित कर रहा है। जिनके पूर्वजों ने 25 जून 1975 को अपनी सत्ता बचाने के लिए देश पर आपातकाल थोपा था आज वही निर्लज्जता के साथ गला फाड़कर संविधान और लोकतन्त्र बचाने निकले हैं। इन्दिरा गांधी द्वारा थोपे गए आपातकाल में प्रेस का गला घोटा गया था, सभी मानवाधिकार छीन लिये गये थे तथा विरोधियों को जेलों में ठूंस दिया गया था। विरोधियों के नाखून तक उखड़वा दिये थे। मीसा जैसे कानून की स्मृति में लालू यादव ने अपनी एक बेटी का नाम ही मीसा रख दिया था। आज वही मीसा राहुल के साथ है। आज उसी प्रधानमंत्री का पौत्र संविधान बचाने निकला है। कांग्रेस 2019 के चुनाव को अंतिम चुनाव कहकर मतदाता को बहका रही थी। 2024 के चुनाव को भी कांग्रेस ने अन्तिम चुनाव कहा, पर वह सैकड़े तक नहीं पहुंच सकी। वास्तव में लोकतंत्र व संविधान के बजाय विपक्ष अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस करते हुए यह नौटंकी कर रहा है।

**- नरेन्द्र टोंक, मेरठ**

### थोथी विपक्षी मानसिकता

**संसद** में विपक्ष का नया नजारा जनता को देखने को मिला। सारे विपक्षी संविधान की प्रति लेकर संसद भवन में शपथ के दौरान दिखे। यह उनकी थोथी मानसिकता ही दर्शाती है। उनसे ही पूछा जाए कि क्या पिछले 10 वर्षों तक देश संविधान के तहत नहीं चला? अगर संविधान के अनुकूल नहीं चलता तो उन्हें याद कर लेना चाहिए 50 वर्ष पूर्व के आपातकाल को जहाँ संविधान को ताक पर रखकर सत्ता चलाई गई। सबको याद रखना चाहिए कि देश में भ्रष्टाचार गहरी जड़ें जमा चुका है। इसे संवैधानिक विधि से कम करने के प्रयास किये गए तथा आरक्षण यथावत रहा और है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में पद पर आने के बाद से देश को हर प्रकार से मजबूत करने के प्रयास किए। सवाल है कि विपक्षियों के हाथों में संविधान की प्रति मात्र दिखावे के रूप में रखी गई या वे संविधान के अनुरूप क्या संसद को पूर्णकालीन रूप से चलने में सत्ता को मदद करेंगे। भले ही संविधान, लोकतंत्र व आरक्षण खतरे में का शोर मचाने से विपक्ष को चुनावी लाभ मिला हो, पर वह संविधान के पीछे अपना भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण व परिवारवाद छिपा नहीं सकता है। देश की जनता बहुत गौर से उसका यह ड्रामा देख रही है।

**- शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर**

### नायडू से उम्मीदें

**चंद्रबाबू नायडू** के भारी बहुमत से राज्य की सत्ता में वापस आने और केंद्र सरकार में साझेदारी से अमरावती को नए अत्याधुनिक विकसित शहर और राजधानी के रूप में विकसित करने के सभी अवसर उपलब्ध हैं। केंद्र सरकार भी देश के सभी राज्यों में आधुनिकतम सेवाओं वाली राजधानियां बनाने में तत्पर रहती है। नरेन्द्र मोदी एक राजनीतिज्ञ होने के साथ व्यापार व वाणिज्य को बढ़ावा देने का महत्व भी समझते हैं। वे जानते हैं कि यदि अमरावती को सिंगापुर की तर्ज पर विकसित कर दिया जाए तो देश के भीतर ही पर्यटन का एक नया केंद्र बन जाएगा और कुछ ही वर्षों में बढ़ी हुई आमदनी वहां के नागरिकों के लिए वरदान साबित होगी। स्वयं को मुख्यमंत्री के बजाय राज्य का सीईओ कहने और दशकों पहले हैदराबाद को साइबराबाद बनाने में सफल चंद्रबाबू नायडू को सुनहरा अवसर मिला है। उम्मीद करनी चाहिए कि वे प्रचंड बहुमत देने वाली राज्य की जनता को निराश नहीं करेंगे। नायडू पर आरोप था कि शहरीकरण की दौड़ में उन्होंने ग्रामीण व कृषि अर्थव्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया था। उम्मीद है कि वे इस बार शहरी विकास तथा ग्रामीण विकास में संतुलन बनाते हुए राज्य को देश में पहले स्थान पर लाने में सफल होंगे।

**- विभूति बुपक्या, खाचरोद**

### सूडान में गृहयुद्ध

**सूडान** में जारी मानवीय त्रासदी पर मीडिया का ध्यान बहुत कम है। गृहयुद्ध के कारण सिर्फ इस साल सूडान में 15 हज़ार लोग मारे जा चुके हैं। यह देश आज दुनिया का सबसे बड़ा बाल विस्थापन संकट झेल रहा है, जहाँ अप्रैल 2023 से 46 लाख से अधिक बच्चे अपने घरों से भाग चुके हैं। इनमें लगभग 10 लाख बच्चे सीमा पार चाड, मिस्र और दक्षिण सूडान में जाने को मजबूर हुए हैं। बच्चे आठ महीने तक अनिश्चितता, आघात और हिंसा झेलने के बाद पलायन को मजबूर हुए हैं। वहां के स्कूलों में बच्चे अब नहीं के बराबर है। इस प्रकार सूडान की एक पूरी भावी पीढ़ी अनपढ़ होकर अपने साथ ही देश-दुनिया को विकृत करेगी। यूनिसेफ प्रमुख के अनुसार, सूडान बच्चों के लिए दुनिया का सबसे खराब स्थान बन गया है। यहां चारों तरफ अकाल, विस्थापन, कुपोषण एवं बीमारी का बोलबाला है। सूडान के इस गृहयुद्ध और बच्चों पर आई विपदा के समाधान के प्रयास के बजाय विश्व शक्तियां अपनी राजनीति चमकाने में लगी हैं। सूडान जैसी त्रासदी ऐसे समय मानवता के लिए सबसे बदनुमा धब्बा है, जब सुख समृद्धि के नए रास्ते खुल रहे हैं।

**- जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर**

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# मटका में विधायक दिपेश साहू ने किया नये स्कूल का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नए शिक्षा सत्र की शुरुआत को एक उत्सव के रूप में मनाते हुए जिले के समस्त स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा बैजलपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजित शाला प्रवेश के कार्यक्रम में उपस्थित हुए तत्पश्चात् मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक दिपेश साहू के साथ ग्राम मटका के संकुल श्रोत में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। स्कूल खुलने के बाद बच्चों में उत्साह और खुशी दिखी। इस अवसर पर विधायक एवं कलेक्टर ने बच्चों को स्कूलों में तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। जहां बच्चे उत्साह के साथ शाला में प्रवेश किए। इस दौरान उन्होंने निःशुल्क किताब और स्कूल गणवेश भेंट किया। जिला स्तर पर शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बच्चे उत्साहित नजर आए। यहां बच्चों ने गीत-संगीत के माध्यम से शाला प्रवेश उत्सव का आनंद लिया, साथ ही स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। बता दें की राज्य में शैक्षणिक गतिविधियां गुरुवार से शुरू हो जाएंगी सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कमल बंजारे, असिस्टेंट कमिशनर ट्राइबल आर एस टंडन, खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे सहित वरिष्ठ जन प्रतिनिधिगण, सरपंच, सचिव उपस्थित थे। विधायक दिपेश साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा की शाला प्रवेश उत्सव में सभी विद्यार्थियों का स्वागत है इसके लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं द्य उन्होंने कहा की शाला प्रवेशोत्सव से बच्चों के मन में उत्साह का संचार होता है। स्कूल ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक समुचित वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय शिक्षा नीति से बच्चों कि शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना है, समूह के बच्चे को समुचित शिक्षा प्रदान किया जाना है, उस दृष्टिकोण से हम सभी शालाओं में बुनियादी सुविधा एवं शिक्षकों कि उपलब्धता सुनिश्चित करना है। शिक्षक कि राह मे आने वाली बाधा को हम सब मिलकर दूर करेंगें। राष्ट्र में शिक्षा के क्षेत्र मे समस्त अधोसंरचनाएं सुविधाओं का विकास सरकार की पहली प्राथमिकता है, इस महाअभियान में आप सभी का सहयोग सर्वमान्य होगा, हम अपने बच्चों का भविष्य खूबसूरती से सवारेंगें। राष्ट्र शिक्षा नीति के लक्ष्यों को पाने हम सभी प्रयास करेंगे और इस प्रवेश उत्सव के माध्यम से अपने अपने क्षेत्र में सुविधानुसार एवं शत प्रतिशत बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाएंगे । कलेक्टर शर्मा ने शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की पुस्तक पढ़कर ही मनुष्य महान बनता है। पुस्तक सभी मनुष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। जीवन में आने वाली सभी बाधाओं और स्वयं के व्यक्तित्व को संवारने में पुस्तक की भूमिका अहम होती हैं। पुस्तक विद्यार्थी के साथ हर समय एक दोस्त की तरह रहती है। किताब ही ज्ञान का खजाना है। किताब से व्यक्ति जीवन भर सीख सकता है। इसलिए पुस्तक का सम्मान करें। पुस्तक विद्यार्थी को आदर्श जीवन का पाठ पढ़ाती है। उन्होंने बच्चों से कहा की शाला प्रवेश भी एक उत्सव की तरह मनाया जाता हैं ताकि स्कूल का पहला दिन बच्चों को जीवन भर याद रहे। उन्हेंने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और मोबाईल या अन्य गैजेट्स का कम से कम इस्तेमाल करने को कहा। जिलाधीश अपने स्कूल के दिनों को याद करते हुये कहा की मुझे स्कूल को देखकर अपने स्कूल के दिन याद आ जाते हैं स्कूल के दिन सबसे अच्छे दिन होते हैं आप लोग सब मन लगाकर आज से ही पढ़ाई प्रारम्भ कर दो। इस दौरान जिलाधीश ने राष्ट्रपति का नाम पूछा और एक बच्ची ने भी कविता सुनाया। इस अवसर पर जिलाधीश ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। साथ ही इस अवसर पर विधायक साहू ने ग्राम मटका में प्राथमिक व माध्यमिक शाला का फीता काटकर लोकार्पण भी किया।

# मार्शल आर्ट क्लब भवन में अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

23 जून अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर बालोद जिला ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा दल्लीराजहरा के मार्शल आर्ट क्लब भवन में विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों के साथ ओलंपिक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजहरा खदान समूह के सीजीएम आर.बी. गहरवाल उपस्थित थे। कार्य म की अध्यक्षता बालोद जिला ओलंपिक एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखन कुमार साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बालोद जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, बालोद जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष आशुतोष माथुर एवं टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र व्यास तथा विशेष अतिथि के रूप में बालोद जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष शेखर गुप्ता, छत्तीसगढ़ स्टेंन्थ लिफ्टिंग संघ के महासचिव हरिनाथ, राजहरा फुटबॉल एसोसिएशन के राजेंद्र बेहरा एवं त्रिनाथ नायडू उपस्थित हुए। सर्वप्रथम अतिथियों का मार्शल आर्ट क्लब के खिलाड़ियों ने पुष्पहार से स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री गहरवाल ने कहा कि खेलों के सर्वांगीण विकास एवं खिलाड़ियों को बेहतर अवसर एवं माहौल उपलब्ध कराने के लिए राजहरा माइंस प्रबंधन के साथ बीएसपी प्रतिबद्ध है। दल्लीराजहरा को उच्च श्रेणी के लौह अयस्क के साथ अच्छे खेल एवं खिलाड़ियों के लिए भी जाना जाता है। नगर पालिका अध्यक्ष एवं बालोद जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष शीबू नायर ने कहा कि नगर के खेल मैदानों में भी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। ओलंपिक दिवस के अवसर पर मार्शल आर्ट क्लब के खिलाड़ियों ने जूड़ो, कराते, म्यूथाई एवं कलारीपयट्टू की विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन किया।कार्य म का संचालन बालोद जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव अनिल खोबरागड़े एवं आभार प्रदर्शन बालोद के किशोर नाथ योगी ने किया। इस दौरान बालोद जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव सुरेश वर्मा,वालीबाल संघ के वीरेंद्र पटले, बालोद जिला ताइक्वांडो संघ की अध्यक्ष हरबंस कौर, बालोद जिला कलरीपयट्टू एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े, बालोद जिला कराते संघ के सचिव लखन कुमार साहू, बालोद जिला जूड़ो संघ के अध्यक्ष प्रणव शंकर साहू, बालोद जिला ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मोनिष राऊत (गुरूर), संयुक्त सचिव व्यंकट राव, सह सचिव विमलेश साहू (लाटाबोड़), प्रवीण नोन्हारे (अर्जुदा) सदस्य गण स्वपन बेरा, रामनारायण धनकर (डौंडी) आदि उपस्थित थे।

# त्रुटि सुधार के लिए राजस्व अमले करेंगे भौतिक निरीक्षण जरूरत पड़ी तो गांवों में कैंप लगाकर करेंगे निराकरण



पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कवर्धा एसडीएम और तहसील कार्यालय का अकास्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने एसडीएम और तहसील न्यायालय में राजस्व के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और पंजीबद्ध प्रकरणों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए एसडीएम और तहसील कार्यालय में त्रुटि सुधार के लंबित प्रकरणों पर कड़ी नाराजगी जताई और शीघ्रता से निराकरण कराने के लिए कवर्धा एसडीएम को निर्देशित किया। कलेक्टर ने त्रुटि सुधार के प्रकरणों को अवलोकन करते हुए कहा कि त्रुटि सुधार के लिए किसी भी पक्षकार को बार-बार कार्यालय बुलाने की आवश्कता नहीं है। त्रुटि सुधार के लिए राजस्व अमले स्वयं भौतिक तथा फिल्ड भ्रमणकर अवलोकन करेंगे और वहां अवलोकन करने के बाद प्रकरणों को निराकृत करेंगें, अगर जरूरत पड़ी तो राजस्व अमले संबंधित गांवों में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिए गांवों में शिविर भी लगाए। कलेक्टर ने त्रुटि सुधार के 74 लंबित प्रकरणों को शीघ्रता निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम कार्यालय में डायवर्सन के लंबित प्रकरणों के बारे में कलेक्टर ने पूरी जानकारी ली। यहां बताया गया कि नगर निवेश कार्यायल से डायवर्सन के संबंध प्रतिवेदन स्पष्ट नहीं आने की वजह से डायवर्सन की प्रक्रिया में देरी हो जाती है। कलेक्टर ने नगर निवेश अधिकारी को डायवर्सन के लिए चाही गई सभी प्रतिवेदन नियमानुसार स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने के लिए सख्त निर्देश दिए, ताकि डायवर्सन के लंबित प्रकरणों में तेजी आए। कलेक्टर ने एसडीएम और तहसील न्यायालय के लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय सीमा के बाहर एक भी प्रकरण नहीं होने चाहिए।

# मुख्यमंत्री साय ने किया मीसा बंदी रहे नगर के निर्वाणी अधिवक्ता का सम्मान, पैर छू लिया आशीर्वाद



पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ने देश भर में लोकतंत्र के काला दिवस के रूप में आयोजन कर, काँग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौरान जेलों में निरुद्ध किये गए लोकतंत्र प्रहरियों का सम्मान किया,रायपुर के मुख्यमंत्री निवास में आयोजित लोकतंत्र प्रहरी सम्मान समारोह में बेमेतरा के वरिष्ठ अधिवक्ता हृदय नारायण निर्वाणी का शाल श्रीफल देकर सम्मान करते हुए उनका पैर छू कर आशीर्वाद भी लिया, मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मीसा बंदी लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी हैं, अपने यौवन अवस्था के समय देश मे लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी पढ़ाई,अपना रोजगार, घर, परिवार सब छोड़ कर तानाशाही के विरोध करते हुए जेल चले गए,चाहते तो उस तानाशाही सरकार से क्षमा याचना कर तुरंत कारागृह से मुक्त हो सकते थे पर तानाशाही के समक्ष झुकना मंजूर न कर देश मे लोकतंत्र की स्थापना के लिए लड़ते रहे। सभा को उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, लोकतंत्र प्रहरी सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चीदानंद उपासने,संघ के प्रांत संघचालक तोप लाल वर्मा,वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, खाद्यमंत्री दयाल दास बघेल,पुन्नू लाल मोहले, राम विचार नेताम, केदार कश्यप सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने संबोधित किया, प्रदेश भर के 300 से अधिक लोकतंत्र प्रहरियों के परिवार के साथ मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भोजन किया। आभार प्रदर्शन संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक मोहन राव पवार ने किया। हृदय नारायण निर्वाणी अधिवक्ता जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के ससुर हैं, बेमेतरा नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए जाने जाते रहे हैं।

# विधायक अनीला भेंडिया ने रतिराम कोसमा को प्रतिनिधि नियुक्त किया



पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर के मिलनसार आदिवासी नेता, व महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बालोद रतिराम कोसमा को डौण्डीलोहारा विधानसभा की विधायक अनीला भेंडिया ने दल्लीराजहरा नगरपालिका परिषद के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्ति किया है। क्षेत्र की विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए रतिराम कोसमा को बधाई देने वालो में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, नपा अध्यक्ष शिबू नायर, नपा पूर्व एल्डरमैन प्रमोद तिवारी, के.ईश्वर राव, रवि जायसवाल, काशी राम निषाद, पार्षद रुखसाना बेगम, रोशन पटेल स्वप्निल तिवारी, सूरज विभार, जेबा कुरेशी परितोष हंसपाल आदि लोगों ने बधाई दी है।

# परिवहन विभाग ने 163 स्कूल बसों का किया जांच



पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले के स्कूल बसों की फिटनेश जांच की गई। जिला परिवहन विभाग ने पीजी कॉलेज मैदान में शिविर लगाकर 163 स्कूल बसों के फिटनेश जांच की। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जनमेजय महोबे ने परिवहन विभाग को नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए थे। जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश के परिपालन मे परिवहन विभाग द्वारा स्कूल प्रारंभ होने से पूर्व पीजी कॉलेज मैदान कवर्धा में शिविर लगाकर स्कूल बसों की उच्चतम न्यायलय के गाइडलाईन के अनुसार फिटनेस संबंधी जांच की गई। इसमे वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी गई। उन्होंने बताया कि 6 जून को 118, 13 जून को 22 और 25 जून को 23 वाहनों का जांच किया गया। साथ ही यातायात नियमों और सुरक्षित संचालन के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सभी स्कूल संचालकों को निर्देश दिया गया है कि स्कूल बस पूर्ण दस्तावेज के साथ फिट होने के बाद ही संचालन करें। बगैर फिटनेस के संचालन करते पाए जाने पर मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी साहू ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा ढाबा किनारे अथवा नेशनल हाइवे में अन्य स्थानों पर अवैध पार्किंग 14 वाहनों पर मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। साथ ही 2 माल वाहन पर यात्री लेकर परिवहन करते वाहन सहित 1 यात्री बस परमिट शर्तो के उलंघन करने पर व अन्य कार्यवाही सहित 26 वाहनों पर 98 हजार 700 रुपए की कार्यवाही की गई।

# रामलीला में विभिन्न भूमिका निभाने वाले कलाकारों से मिली शोधकर्ता संयुक्ता पाढ़ी



पायनियर संवाददाता ◂ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

प्रसिद्ध संस्कृताचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा एवं अंग्रेजी की प्रोफेसर, रामायण एक जीवंत महाकाव्य के संकलन एवं संपादन कर्ता संयुक्ता पाढ़ी, डॉ. परदेशी राम वर्मा के निवास ग्राम लिमतरा पहुंचे जहां रामलीला में अभिनय करने वाले कलाकार हेमराज, सुंदरलाल पटेल से भेंट कर जानकारी प्राप्त की। कलाकारों ने अपने अभिनय एवं अनुभव को साझा करते हुए बताया कि किस तरह वे विभीषण की भूमिका निभाते थे और उसे जीवंत करने के लिए दिन रात अथक परिश्रम करते थे। शनैः शनैः आयु बढ़ने से शारीरिक शिथिलतावश अब वे अभिनय करने में स्वयं को सक्षम प्रतीत नही करते लेकिन अब उनका पुत्र इस भूमिका को निभाता है। यह परंपरा पीढ़ी दर पीढी चली आ रही है। इसी तरह वरिष्ठ रंगकर्मी महेश वर्मा एवं रामलीला में जोकर और परी बनने वाले हेमराज निषाद ने भी अपने अनुभवों को साझा किया। ग्राम कंडरका के रामलीला में अभिनय करने वाले दूरदर्शन कलाकार राजेंद्र साहू, संजय राजपूत एवं रामचंद्र का सजीव अभिनय करने वाले राजपूत ने रामलीला पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम कंडरका में विगत 40 वर्षो से रामलीला मंचन ग्रामीण कलाकार करते चले आ रहे हैं, इसके पूर्व प्रतिवर्ष रामलीला की प्रसिद्ध मण्डलियां यहाँ आकर रामलीला मंचन करते थे। उस दौर को स्मरण करते हुए कलाकारों ने बताया कि तब लोग दूर दूर के गांव से बैलगाड़ियों में भर भर कर लोग रामलीला देखने आते थे। उन्होंने बताया कि जो अभिनय उनके पिताजी करते थे अब वे वृद्ध हो गए हैं लेकिन उस परम्परा का निर्वहन आज उनके बेटे कर रहे हैं और फिर उनका बेटा, इस प्रकार से रामलीला में यह परम्परा निरन्तर चली आ रही है। रामायण एक जीवंत महाकाव्य की संकलन एवं संपादन कर्ता संयुक्ता पाढ़ी ने इन कलाकारों के मध्य पहुंच कर उनके विचार सुनकर उसे रिकार्ड भी किया जिसे अपने संग्रह में यथोचित स्थान दे सकें। रंगकर्मी महेश वर्मा ने डॉक्टर महेशचंद्र शर्मा एवं संयुक्ता पाढ़ी का अभार व्यक्त किया। कलाकारों को डॉ. महेशचंद्र शर्मा ने बधाई दी तत्पश्चात सभी कुम्हारी पहुंचे और नगर की प्राचीन साहित्यिक संस्था ऋतंभरा साहित्य मंच के साहित्य कारों एवं पत्रकारों से भेंट कर चर्चा की जिसमे वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार विक्रम शाह ठाकुर, जनकवि हेमलाल साहू निर्मोही रविन्द्र कुमार थापा, दिनेश सिंह राजपूत, ऋषि साहू एवं ध्रुव नायक सम्मिलित थे। ज्ञातव्य है कि संयुक्ता पाढ़ी रामचंद्र जी के जीवन पर शोधग्रंथ लिख रही हैं।

# वरूण देव अंतत: हुए करुण, धुआं धार बरसे



पायनियर संवाददाता ◂ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

मानसून का विलम्ब से नगरागमन हुआ लगभग 45 मिनट की भारी वर्षा से नगर में तथा आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने ली चैन की सांस। मौसम विभाग के सटीक पूर्वानुमान के अनुरूप काले बादलों ने झूमकर नगर को वर्षाजल से आनंदित कर दिया। हालांकि कई स्थानों पर जल भराव जैसी स्थिति भी दिखाई पड़ी। तापमान में गिरावट जैसी बात नही है, अपितु उमस भरी गर्मी से फिलहाल राहत नहीं मिली है ।

# एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में भिलाई ने जमाया अपना आधिपत्य



पायनियर संवाददाता ◂ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

मां महामाया क्रीड़ा मंडल कुम्हारी द्वारा स्व. अमन शर्मा एवं स्व. टिंकू साहू के स्मृति में आयोजित एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन महामाया पारा वार्ड क्रमांक 4 में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल थे विशेष अतिथि के रूप में मोनू साहू (सभापति जिला पंचायत दुर्ग), देवेंद्र साहू (दक्ष एशोसिएट कुम्हारी) एवं धर्मेंद्र साहू (अमलेश्वर) उपस्थित थे अपने संबोधन में विधायक भूपेश बघेल में कहा कि हमारी सरकार में हमने छत्तीसगढ़ की ग्रामीण परम्पराओं के निर्वहन के लिए जो छत्तीसगढ़ी ओलंपिक की शुरुआत की थी पता नही छग की वर्तमान सरकार इस परम्परा को कायम रखेगी अथवा नही। उन्होंने विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी। इस प्रतियोगिता में कुल 50 टीमों ने हिस्सा लिया था। प्रथम पुरस्कार भिलाई के खिलाड़ियों ने जीता वहीं द्वितीय ग्राम घुघवा, तृतीय पुरस्कार ग्राम निमोरा एवं चतुर्थ स्थान पर ग्राम बिरोदा के खिलाड़ी रहे। बेस्ट रेडर विनय साहू, बेस्ट ब्लोकर रात्रे, बेस्ट आल राउंडर सुजीत सोनकर, बेस्ट केचर पवन यादव एवं अनिल रात्रे रहे। कप्तानी किशन पटेल एवं उद्घोषक के रूप में बिहारी लाल पाल एवं लेखराम साहू ने अपना अमूल्य योगदान दिया। आयोजन में पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, पार्षद प्रमोद सिंह राजपूत, मनहरण यादव, थनेश पटेल बिल्ला निषाद एवं देवा साहू सहित आयोजन समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में उत्साही खेल प्रेमी ग्रामवासी उपस्थित थे।

## जिले में अब तक 7215 हितग्राहियों के आवास हुए स्वीकृत

# पीएम जनमन योजना से लाभान्वित हो रहे विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के हितग्राही

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम जनमन योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोगो को अपना पक्का आवास मिल रहा है। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिले के 8 हजार 586 परिवारों का सर्वे किया गया है। जिसमें पात्र पाए गए 7 हजार 844 हितग्राहियों का पंजीयन करते हुए 7 हजार 215 हितग्राहियों के लिए आवास स्वीकृत किया गया है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि 4 हजार 954 हितग्राहियों को प्रथम क़िस्त 2 हजार 635 हितग्राही, द्वितीय क़िस्त 560 हितग्राहियों को और तृतीय किस्त एवं 4 हितग्राहियों को अंतिम चतुर्थ किस्त की राशि उनके व्यक्तिगत बैंक खातों में अभी तक जारी किया गया है। प्रधानमंत्री जनमन योजना का कार्य जिले के विकासखंड बोड़ला, पंडरिया एवं सहसपुर लोहारा में किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि योजना अंतर्गत प्रत्येक हितग्राही को शासन द्वारा 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उपरोक्त राशि चार किस्तों में हितग्राहियों के बैंक खातों में आधार बेस्ट पेमेंट के माध्यम से जारी हो रहा है। आवास की स्वीकृति पर प्रथम किस्त के रूप में 40 हजार रुपए, प्लिंथ लेवल तक कार्य होने पर द्वितीय किस्त 60 हजार रुपए, छत स्तर तक कार्य पूर्ण करने पर तृतीय किस्त के रूप में 80 हजार रुपए एवं आवास का निर्माण पूर्ण करने पर अंतिम किस्त 20 हजार रुपए हितग्राही को प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के द्वारा जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोगों को उनका अपना पक्का मकान बनाने के लिए सहायता मिल रही है। विभाग के तकनीकी अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को उनके निर्माण में सहयोग प्रदान करते हुए आवास को जल्द पूर्ण करने प्रोत्साहित किया जा रहा है। उल्लेखनीय की बैगा समुदाय के लोगों का पक्का आवास बनाने का सपना अब धीरे-धीरे सरकार हो रहा है क्योंकि केंद्र एवं राज्य शासन से इन्हें लगातार मदद मिल रही है। रोजी मजदूरी करते हुए अपने दैनिक जीविकोपार्जन करने वालो के लिए शासन से पक्का आवास बनाने के लिए मिली 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता इन्हें आर्थिक सबल दे रहा है। इसके साथ ही आवास बनाने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से 95 दिवस का रोजगार और उसकी मजदूरी भुगतान सीधे लाभान्वित कर रहा है। जिले के अधिकांश हितग्राही प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से अपना पक्का आवास का निर्माण स्वयं कर रहे हैं इसके साथ ही शासन की अन्य योजनाएं जैसे महतारी वंदन योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं से इनके जीवन में सुधार हो रहा है।

# संभावित सड़क दुर्घटना वाले जगहों को चिन्हांकित कर आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## शहरी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के दिए निर्देश, यातायात नियम का पालन नहीं करने वालों पर होगी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में संभावित सड़क दुर्घटना वाले जगहों को चिन्हांकित कर आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य एवं सहायक मार्ग, संगम स्थलों और मुंगेली बायपास मार्ग में सूचना बोर्ड, ब्लिंकर, प्रकाश व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शराब या मादक द्रव्य का सेवन कर वाहन चालन, बिना हेलमेट के वाहन चालन करने वाले तथा वाहन चालन के समय मोबाइल फोन पर बात करने वाले, दोपहिया वाहनों पर दो से अधिक सवारी, प्रेशर हॉर्न, गलत दिशा में वाहन चालन करने वाले चालकों और यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले पर नियमानुसार कार्यवाही करें। चारपहिया वाहनों में सामने में बैठे व्यक्ति अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट धारण करें। उन्होंने गति सीमा से तेज वाहन चलाने वाले का लाइसेंस निलंबन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकतर दुर्घटना सड़क में मवेशी बैठे रहने के कारण होता है। मवेशियों को हटाने के लिए भी कार्ययोजना बनाया जाए। शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। कलेक्टर ने जिले के सभी हायर सेकंडरी स्कूलों में यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सभी स्कूल बसों का निरंतर फिटनेस जांच करने, दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में प्राथमिक उपचार का प्रबंध करने, सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा में कमी लाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना जरूरी है। बहुत से लोग नियमों का पालन नहीं करने पर दुर्घटना का शिकार होकर अपनी जान गंवा देते है। हम सभी को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। सड़क सुरक्षा से अमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए अपील की। कलेक्टर ने पिछले बैठक में दिए गए निर्देश का पालन प्रतिवेदन के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि पिछले बैठक में विभिन्न स्थानों में सांकेतिक साइन बोर्ड, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, जंक्शन पर रम्बल स्ट्रीप, सड़क के दोनो ओर डेलीनेटर्स लगाने के दिए गए निर्देश के परिपालन में कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए व्यापक रणनीति बनाकर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर द्वय अजीत पुजारी एवं गिरीश रामटेके, एसडीएम पथरिया भरोसा राम ठाकुर, एसडीएम लोरमी गिरधारी लाल यादव, एसडीएम मुंगेली श्रीमती पार्वती पटेल, लोकनिर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्रीमती ममता पटेल, जिला परिवहन अधिकारी असीम माथुर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की

## 'बारिश के मद्देनजर खराब सड़कों के मरम्मत करने दिए निर्देश'

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनदर्शन, कॉल सेंटर तथा विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा की और सभी लंबित प्रकरणों की नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने गडढेयुक्त एवं खराब सड़कों पर भी संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि सड़कों में गडढे होने से बारिश के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसे देखते हुए गडढों की मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने झाफलपुर से लछनपुर, डिंडौरी से चंदियाभाटा, जुझारभाटा से चमारी सहित अन्य खराब सड़कों के मरम्मत कार्य के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि आमजनों को रोड पर चलने में किसी भी प्रकार की दिक्कत एवं परेशानी ना हो। कलेक्टर ने सिकलसेल के स्क्रीनिंग, डायरिया, डेंगू तथा चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली तथा प्रभावी तरीके से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता से बिजली कटौती की समस्या के संबंध में जानकारी ली तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में भी विद्युत सुविधा प्रदान करने के लिए कहा। कलेक्टर ने धान उठाव के प्रगति की समीक्षा करते हुए उठाव में आवश्यक प्रगति लाने तथा समितियां में शेष धान का उठाव शीघ्र करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

**'धूमधाम से मनेगा शाला प्रवेश उत्सव'**-कलेक्टर ने शासकीय हाईस्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाने के लिए की गई तैयारियों के संबंध में चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# नवागंतुक विद्यार्थियों का सम्मान मुंह मीठा के साथ शाला प्रवेश

पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
www.dailypioneer.com






हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बालक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एव पूर्व माध्यमिक शाला जैजैपुर मे पहले दिन समस्त विद्यालय के स्टाफ की उपस्थिति में पुस्तक एवं गणेश के साथ में तिलक लगाते हुए उनका मुंह मीठा कराये विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें शाला परिवार के प्रमुख प्राचार्य आर आर उराव, आर सी भारद्वाज, आर एस साहू, एस बी सोनवानी, एन एल साहू , एल सी भारद्वाज हेम कांति शर्मा, सुरेश यादव, विजय कुमार घृतलहरे, राकेश कुमार साहू, डोरेश्वर कुमार साहू, आशा खरे, लता चंद्रा, महेंद्र कुमार कुर्रे, अनीता चंद्रा एवं पूर्व माध्यमिक स्टाफइंद्र सिंह चन्द्रा प्रधान पाठक, लीलावती चंद्रा, फुलेश्वरी चंद्रा, पीला नोनी सोनवानी दुरपति यादव एव दीपा बाई यादव आदि उपस्थित रहे और नवागंतुक विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन के माध्यम से सुनी आम लोगों की विभिन्न समस्याएं

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर तोपनो द्वारा जनदर्शन में प्राप्त होने वाले आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से संबंधित विभागीय अधिकारियो की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है। जनदर्शन में आज कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए है, जनदर्शन में ग्राम औरदा के समस्त ग्रामवासियों द्वारा प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी के पास स्थित डीजे हाउस को हटाने, सक्ती वार्ड नंबर 2 निवासी शरद कुमार कसेर ने किसान सम्मान निधि के लिए बैंक खाता लिंक कराने, तहसील अड़भार निवासी रामलाल ने बटवारा प्रकरण निराकरण करने, सकरेलीकला निवासी मती दुर्गा प्रसाद केंवट ने जमीन पर जबरन कब्जा करने के संबंध में शिकायत, देवरीमठ निवासी बाबूलाल ने ऋण पुस्तिका में खसरा नंबर दर्ज कराने, तहसील हसौद निवासी मती समारीन बाई ने लोक निर्माण विभाग के सड़क निर्माण में आये जमीन का मुआवजा दिलाने, तहसील अड़भार निवासी श्याम कुमार द्वारा ऋण पुस्तिका उपलब्ध कराने, औरदा निवासी उमाशंकर यादव द्वार दिव्यांग पेंशन के लिए आवेदन, ग्राम हरदी निवासी पेसलाल बंजारे द्वारा किसान सम्मान निधि योजना की राशि दिलाये जाने सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा राजस्व, आवास, पेंशन भुगतान, भूमि विवाद सहित अन्य आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे। जिस पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने संबंधित विभागो को सभी प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

# अपहरण के 48 प्रकरणों में आरोपी एवं अपहृता को दस्तयाब करने में मिली पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुंगेली गिरिजा शंकर जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली पंकज पटेल के मार्गदर्शन में जिला मुंगेली के विभिन्न थानों/ चैकियों में अपहरण के दर्ज प्रकरणों में बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया गया। विशेष अभियान के तहत् अपहृताओं के बरामदगी और आरोपियों के गिरफ्तारी हेतु जिला मुंगेली से अलग-अलग टीम गठित किया गया। वर्ष 2024 में जिला मुंगेली में अपहरण के प्रकरणों में साइबर सेल के सहयोग से 48 प्रकरणों में आरोपी एवं अपहृता को देश के विभिन्न राज्यों-पूणे (महाराष्ट्र), हैदराबाद (तेलंगाना), हरियाणा, सुरत (गुजरात), लखनऊ (उत्तरप्रदेश), बैंगलूरू (तमिलनाडू) एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से अपहृताओं के बरामदगी एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है ।

## 28 जून को श्री अग्रसेन भवन में होगा निशुल्क कैंसर जांच शिविर

**सक्ती** । मारवाड़ी युवा मंच की पिथोरा शाखा द्वारा ज्वेलर्स गोविंदराम आशीष कुमार अग्रवाल के सौजन्य से 28 जून 2024 को अग्रसेन भवन पिथौरा में निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की कैंसर वैन में आए प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा कैंसर की जांच की जाएगी तथा इसमें कैंसर से संबंधित विभिन्न प्रकार की बीमारियों के जहां निशुल्क जांच की जाएगी तो वहीं इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए गोविंद कमला गौधाम पिथौरा एवं विध्नहर्ता वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी पिथौरा भी अपना सहयोग प्रदान कर रही है।

# महिला ने शारीरिक शोषण की रिपोर्ट दर्ज कर लगाया 15 तोला सोना 9 लाख रुपए लोन निकलवाने एवं एटीएम से पैसे निकालने का आरोप

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



एक महिला ने अपने साथ हुए शारीरिक शोषण की रिपोर्ट दर्ज कराई है, महिला ने थाना प्रभारी को दिए गए आवेदन में बताया है कि मैं ग्राम टेमर में रहती हूं,मनोज कुमार यादव द्वारा 05 जून 2019 से शादी का झांसा देकर लगातार बलात्कार किया गया है, जिसकी लिखित शिकायत आवेदन पत्र अपने भाई गिरजाशंकर साहू के साथ आकर प्रस्तुत कर रही हूं, जिस पर कार्यवाही किया जावे, पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया है कि मैं ग्राम- टेमर में रहती हूं, मैं अपने पति से 5 वर्ष से पृथक होकर टेमर में निवास करती हूं,मनोज कुमार यादव वर्तमान में भुपदेवपुर थाना में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। वर्तमान निवास पुलिस लाइन रायगढ़ में रहता है, जो मूल निवास वीरभाटा (मालखरौदा) से है। यह मेरा पूर्व परिचित है जो 5 वर्ष पूर्व दिनांक 14 अप्रैल 2019 को शक्ति में अचानक मुलाकात हुआ और उसी दिन से धीरे-धीरे फोन पर बातें होने लगा और मुझे मनोज कुमार बोलने लगा कि मैं तुमको पहले से बहुत पसंद करता हूं पर आज मुलाकात हुआ तो दिल की बात बताया और कहा कि मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं में इस इस बातों में आ गई और 5 जून 2019 में फिर से शादी का झांसा वादा देकर निवास टेमर में जबरदस्ती मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया। मैं पूछती थी की शादी करोगे करके तो करूंगा करके बोलता था। और में ही तुम्हारा पति हूं, करके लगातार शारीरिक संबंध बनाया,शोषण करता रहा और मेरे जेवर को 15 तोला सोना घर बनाऊंगा करके ले गया। और बैंक से भी 9 लाख लोन निकाला, जीपीएस से मेरा पैसा निकाल लिया, एटीएम मेरा मनोज रखता है।

# मिशन संचालक द्वारा बिना किसी जांच पडताल के मानव संसाधन निति 2018 का पालन किये बगैर सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रस्तुत कर सेवा समाप्ति हेतु अनुमोदन कराये जाने के कारण मिशन संचालक द्वारा बिना किसी जांच पडताल के मानव संसाधन निति 2018 का पालन किये बगैर सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया गया है, इसके संबंध में भी संघटन द्वारा पचन वर्मा की बहाली हेतु बार-बार पत्राचार करने के बावजूद भी बहाल नहीं किया जाना अधिकारियो का हठधर्मिता को प्रदर्शित करता है। उपरोक्त कारणो से क्षुब्ध होकर चरणबद्ध आदोलन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को बाध्य होना पड़ा है। इसके लिए प्रदेश के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा दिनांक 18 जून 2024 दिन मंगलवार से चरणबद्ध आदोलन का आगाज कर रहे है। जिन मांगो को लेकर आदोलन किया जा रहा है उनमें मांग निम्नानुसार है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियो का लंबित कार्या अधारित वेतन च्स्च् का भुगतान माह मई 2024 तक का पूर्ण किया जावे एवं अगानी माह से नियमानुसार प्रत्येक माह के 15 तारीख के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित किया जाये। महिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए उनके गुह जिले में स्थानान्तरण देने हेतु छूट प्रदाय किया जावे एवं मुख्यालय निवास का दायरा मुख्यालय से 8 कि.मी. के परिधी में निवास करने हेतु छूट दिया जाये। पवन कुमार वर्मा, जिला संयोजक कांकेर की सेवा समाप्ति के आदेश को तत्काल निरस्त कर सेवा में बहाल करते हुए दोषी अधिकारियों के उपर नियमानुसार कार्यवाही किया जाये। चरणबद्ध आंदोलन का प्रारूप निम्नानुसार होगा। 18 जनू से 20 जून तक समस्त आनलाईन रिर्पोटिंग कार्य का बहिष्कार किया जावेगा। तत्पश्चात् मांग पूरी नहीं होने पर 21 जून से पूर्ण रूप से कार्य बंद किया जावेगा। रविंद्र तिवारी कार्यकारिणी प्रांताध्यकक्ष, प्रफुल पाल प्रांतीय अध्यक्ष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ छत्तीसगढ़, अमित कौशिक प्रांतीय सूचना अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ छत्तीसगढ़, युगल किशोर साहू ज़िला संयोजक मूँगेली, जितेंद्र गौचंद और ज़िले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हड़ताल में शामिल है।

# भाजपा ने आपातकाल में जेल जाने वाले मीसाबंदियों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com




बीते सन- 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल के षड्यंत्र को जन जन तक पहुंचाने प्रदेश भाजपा के आवाहन पर प्रत्येक जिलों में आपातकाल स्मृति दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, सक्ती जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने बताया कि 25 जून को हम सभी आपात काल काला दिवस के रूप में माना रहे है उस समय के कांग्रेस की इंदिरा गांधी की सरकार ने अपनी सरकार बचाने आपात काल लगाया पूरे भारत में लोगो को जेल में डाला गया कांग्रेस की इंदिरा गांधी की सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की सारी मर्यादा तोड़ी प्रेस को बंद करा दिया गया प्रेस की बिजली काट दी गई जिससे लोगो तक समाचार न जा पाए जिला भाजपा कार्यालय सक्ती में मुख्य आगंतुक अतिथि वक्ता बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह कार्यक्रम में शामिल रहे, उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा सत्ता बरकरार रखने के लिए असंवैधानिक तरीकों का इस्तेमाल करने का इतिहास रहा है 1975 में इंदिरा गांधी ने हमारे लोकतंत्र की हत्या में मर्यादा की सारी हद पार कर दी थी 1971 के चुनाव में एक ओर जहां चुनावी हिंसा के माध्यम से मतदाताओं को डराया गया वहीं दूसरी ओर मीडिया का गला घोटकर जनता में झूठ फैलाकर खौफ पैदा करने का षड्यंत्र किया गया, आज 49 वर्षों के बाद हम आपातकाल को इसलिए याद कर रहे हैं क्योंकि आज भी कांग्रेस की नीति में संविधान और उसके सिद्धांतों के प्रति सम्मान की कमी है, इसलिए लोगों को जागरूक करने के लिए देश के हित में कांग्रेस ना कभी पहले थी, ना आज है और ना कभी रहेगा, अतिथि वक्ता रजनीश सिंह ने कांग्रेस के इतिहास के 21 माह पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1971 के चुनाव में इंदिरा गांधी के भ्रष्ट प्रयासों के आधार पर चुनाव परिणाम को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा रद्द कर दिया गया था, प्रति उत्तर में 25 जून 1975 की आधी रात में मंत्री परिषद को सूचित किए बिना राष्ट्रपति को आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया।

## नगर पालिका मुंगेली के सब इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी

# जनदर्शन : कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में आमजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि बड़ी उम्मीद से लोग अपनी समस्याओं को लेकर जनदर्शन में पहुंचते हैं। सभी अधिकारी आमजनों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करें। जनदर्शन में एक व्यक्ति द्वारा नगर पालिका मुंगेली अंतर्गत किए गए विभिन्न कार्यों के लंबित भुगतान के संबंध में शिकायत की गई। उन्होंने बताया कि कार्य का समय पर मूल्यांकन नहीं होने के कारण उनका भुगतान लंबित है। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित सब इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह लोरमी विकासखण्ड के ग्राम मोहबंधा के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत पाईप लाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुए सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम मर्राडबरी के टीकमसिंह ने बताया कि वह अभिलेख, बी-1 दुरूस्त कराने आए हैं। कलेक्टर ने एसडीएम मुंगेली को उक्त आवेदक की समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा पटवारियों के कार्य में लापरवाही के वजह से कई आवेदक अभिलेख में त्रुटि सुधार का आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचते हैं, ऐसे पटवारियों पर सख्ती से कार्यवाही करें, ताकि आमजनों को राजस्व संबंधी समस्या के निराकरण के लिए कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। जनदर्शन में ग्राम घुठेली के दिलीप ने शौचालय निर्माण कराने, तिलकवार्ड मुंगेली के रामसिंह बर्मन ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पथरिया विकासखण्ड के ग्राम गंगद्वारी के ग्रामीणों ने गौठान को अतिक्रमण से मुक्त कराने, लोरमी विकासखण्ड के ग्राम भस्करा निवासी गावेर्धन साहू ने विद्युत कनेक्शन दिलाने, ग्राम उदका के सनम कुर्रे ने मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना का लाभ दिलाने, ग्राम जरहागांव की प्रीतम कुमारी ने प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना का लाभ दिलाने, ग्राम उजियारपुर के जगदीश प्रसाद ने जमीन का सीमांकन कराने, ग्राम बांधी के सरपंच व ग्रामीणों ने स्कूल जतन योजना के तहत शासकीय प्राथमिक शाला का मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने, ग्राम केहरपुर के ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर को दुरूस्त कराने, ग्राम पौनी की अहिल्या भुवाल ने रबी फसल की ओलावृष्टि से हुई क्षति की राशि दिलाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपे। इस दौरान अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर अजीत पुजारी, मेनका प्रधान एवं गिरीश रामटेके, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, पथरिया एसडीएम भरोसाराम ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# अरुणा दिनेश अग्रवाल को राष्ट्रीय स्तर पर मिली जिम्मेदारी



पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने 25 जून 2024 को शक्ति एवं बिलासपुर की वरिष्ठ समाज सेविका अरुणा दिनेश अग्रवाल को अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के बाल विकास का राष्ट्रीय चैयरमेन मनोनीत किया है,अरुणा अग्रवाल की नियुक्ति पर जहां सम्मेलन के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तो वही सदस्यों ने कहा है कि उनके कुशल मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा स्थापित बाल विकास प्रकोष्ठ में सकारात्मक कार्य होंगे तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अरुणा अग्रवाल की सक्रियता से इस प्रकोष्ठ को नई दिशा मिलेगी, वहीं अरुणा अग्रवाल ने भी अपने इस मनोयन पर केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि केंद्रीय नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौपी है,वे पूरी निष्ठा एवं सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी तथा बाल विकास के क्षेत्र में निरंतर नई कार्य योजनाएं बनाकर सभी इकाइयों में इसका सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो इस दिशा में प्रयास करेंगी, ज्ञात हो की बिलासपुर की अरुणा दिनेश अग्रवाल विगत कई दशकों से निरंतर समाज सेवा,जन सेवा,रचनात्मक कार्यों में अग्रणी योगदान दे रही हैं।

# बंगाल–उड़ीसा के चोरों का गिरोह नई वारदात की फिराक में था, पुलिस ने दबोचा

- रामाटोला में सेंध लगाकर ले उड़े थे नगदी और जेवर, पहले भी कई ठिकानों पर की वारदात
- तीन के खिलाफअलग अलग थानों में पहले से मामले दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र से पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि, यह गिरोह चोरी की योजना बना रहे थे। इस बीच ही संदेह के आधार पर इन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जिसमें इन्होंने पूर्व में की गई चोरी और हालही में बनाई चोरी की योजना का खुलासा किया। पुलिस ने इस गिरोह से चोरी के गहने खरीदने वाले अनूपपुर मध्यप्रदेश के एक सोनार को भी छत्तीसगढ़ के दुर्ग से गिरफ्तार किया है। एसपी मोहित गर्ग ने बताया कि, 6 चोरों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। इनमें से अधिकतर के खिलाफ पूर्व में भी चोरी के मामले अलग-अलग थानों में दर्ज है। ये सभी पश्चिम बंगाल और उड़ीसा के रहने वाले हैं। गिरोह के पास से सोने-चांदी के जेवर और इस्तेमाल किए जाने वाले औजार-हथियार बरामद किए गए हैं। गिरोह के पास से विभिन्न जगहों में चोरी के जेवरात लगभग 64 ग्राम सोना कीमत लगभग4,75,000/-रूपये, 1112 ग्राम चांदी किमती लगभग एक लाख रूपये बरामद किया गया है। बताया गया कि 25 जून को पुलिस ने इन आरोपियों को संदिग्ध स्थिति में घूमते हुए देखा था। जिसके बाद इनसे पूछताछ की गई। तलाशी लेने पर इनके पास से पाना, पेचकश, प्लास, लोहे के सब्बल दो नग व टार्च/डिजिटल ज्वेलरी वेट मशीन मिली। जिसके बाद इन्हें थाना लाया गया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि, इस अंतर्राज्यीय गिरोह में पश्चिम बंगाल और उड़ीसा के लोग शामिल हैं। इन्होंने हालही में डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रामाटोला में नगद और सोने-चांदी के जेवरात की चोरी की थी। गिरोह के सदस्य अलग - अलग स्थानों पर बर्तन बेचने के लिए फेरी लगाते थे जिस दौरान ही वे सूने घरों की रेकी करते थे। इसके बाद वे रात में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान गिरोह में शामिल आरोपी बादल राय ने बताया कि वे सभी लॉकडॉउन के बाद से चोरी की वारदातें करने लगे। इस दौरान ही इन सभी का आपस में मिलना हुआ था जिसके बाद इन्होंने गिरोह बनाया। पुलिस ने बताया कि, इस गिरोह ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग, धमतरी, बेमेतरा, नेवई थाना क्षेत्रों के अलावा गोंदिया इलाके में भी चोरी की वारदात कबूल की है। अभी इनसे पूछताछ जारी है और ऐसी और भी घटनाओं की जानकारी सामने आ सकती है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 399, 402 भादंवि के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी मोहम्मद अजीजुल इस्माल उर्फ बादल राय (25), मोकसेद उर्फकालु अली उर्फ कालू (35) उड़ीसा, आकाश यादव उर्म अबु बकर (31), रसेल शेख (22), शेख बाबू उर्फ मो. आरिफ शेख उर्फ आरिफ इस्लाम (23), मो0 शुभो (20), जेवर खरीदने वाले विकास सोनी (39) को गिरफ्तार किया है।

## निष्क्रियता के आरोपों से घिरे लालबाग थाना प्रभारी, हटाने की मांग

### भाजयुमो ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा ने राजनांदगांव ग्रामीण के थाना लालबाग प्रभारी को तत्काल हटाए जाने की मांग की है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने इस संबंध में कहा कि, थाना लालबाग प्रभारी अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह हैं। वे क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुनने, आपात स्थिति में उनतक पहुंचने और सहायता मुहैया कराने जैसे विषयों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। थाना क्षेत्र की जनता में उनके प्रति आक्रोश पनप रहा है जो कि लॉ एंड ऑर्डर के लिए उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि, हमने इन विषयों को लेकर आज पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर थाना लालबाग प्रभारी हो हटाने की मांग की है। भाजयुमो ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि, वर्तमान थाना लालबाग प्रभारी की कार्यशैली क्षेत्र की जनता के लिए मुश्किल पैदा कर रही है। वे लोगों से न ही मिलते हैं और न ही फोन पर उपलब्ध होते हैं। गंभीर यह है कि, वे पुलिस प्रशासन द्वारा मुहैया कराए गए शासकीय फोन नंबर को भी बंद रखते हैं। जबकि क्षेत्र की जनता के बीच पुलिस प्रशासन ने यही नंबर साझा कर रखा है ताकि आपात स्थिति में, किसी वाद-विवाद की स्थिति में थाना प्रभारी को सही समय पर जानकारी दी जा सके और पुलिस की सहायता मिल सके। कहा गया है कि, प्रकरणों के संदर्भ में शिकायतकर्ताओं द्वारा मांगी जाने वाली जानकारी भी उनके द्वारा नहीं दी जाती है। क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि व जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में गैरकानूनी गतिविधियों, असामाजिक तत्वों और परिस्थितियों के संदर्भ में सूचित किए जाने पर भी थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं की जाती। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर ने कहा कि, थाना लालबाग प्रभारी के विरुद्ध निरंतर शिकायतें आ रही हैं। वे अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों में असफ्ल साबित हो रहे हैं। क्षेत्र के लोगों में उनके प्रति आक्रोश है। थाना प्रभारी के गैरजिम्मेदार व्यवहार और कार्यशैली से थानाक्षेत्र में कानूनी मदद मुहैया नहीं हो पा रही है।

उन्हें तत्काल हटाकर जिम्मेदार पुलिस अधिकारी की नियुक्ति की मांग पुलिस अधीक्षक से की गई है। इस दौरान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर वास्तव, महामंत्रि द्वय आशीष जैन, प्रह्लाद सिन्हा, नितेश नायक, सुवितेश वास्तव, रोहित सिन्हा, सौरभ सिंह राजपूत, आशीष सोरी सहित अन्य मौजूद थे।

# आरटीई अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों के साथ भेदभाव का व्यवहार न हो

## विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सहायता प्रदान करेंगे मेंटॉर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर कमजोर वर्ग के बच्चों को प्रवेश हेतु चयनित किया गया है। प्रवेश लेने के बाद नये विद्यालय के वातावरण से सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाने के कारण शाला का त्याग कर ड्राप आऊट हो गए हैं। विद्यार्थियों का ड्राप आऊट होना चिंता का विषय हैं।

उन्होंने कहा कि भेदभाव होने जैसी स्थिति अच्छी नहीं है। स्कूलों में बच्चों के साथ सबका व्यवहार अच्छा होना चाहिए। इसके लिए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सहायता प्रदान करने तथा अभिभावक, स्कूल प्रबंधन एवं प्रशासन के मध्य समन्वय कर विद्यार्थी को उसकी शिक्षा निरंतर रखने में आने वाली बाधा को दूर करने के लिए मेंटॉर की नियुक्ति की जानी है। जिले में शिक्षा का अधिकार अंतर्गत 175 स्कूलों में 1703 सीट है तथा प्रथम चरण में 1471 विद्यार्थी चयनित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मेंटॉर बच्चों से सतत संपर्क में रहते हुए अभिभावकों से बात करते रहेंगे। विद्यालयों में बच्चों को यदि कोई समस्या आती है, तो उसका समाधान करेंगे। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जिले के प्रशासनिक अमला मेंटॉर के रूप में सक्रिय रहते हुए आरटीई के सुचारू क्रियान्वयन के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि आरटीई के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम आयुक्त, सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति-जनजाति विभाग, जिला समन्वयक मिशन संचालक समग्र शिक्षा, जिला शिक्षा अधिकारी, एक प्रचार्य, एक पालक होंगे।

# लखपती दीदी पहल अंतर्गत समन्वय समिति की बैठक हुई आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कार्यालय जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में लखपती दीदी पहल अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति डीएलसीसी की पहली बैठक आयोजित हुई। बैठक जिला कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में एनआरएलएम योजना के डीपीएम उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि लखपती महिला योजना का मुख्य उद्देश्य स्व-सहायतता समूह की महिलाओ को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उनके परिवार की सालाना आय एक लाख रू. से अधिक पहुंचाया जाना है। योजना अंतर्गत लखपती दीदी हेतु चिन्हांकित स्व-सहायता समूह की महिलाओ को विभागीय योजनाओं जैसे कृषि, उद्यानिकी, मतस्य पालन, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास आदि विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित कर उनकी आय में वृद्धि किया जाना है। साथ ही मांग अनुसार बैंक से लोन, मुद्रालोन एवं संकुल संगठन के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने बताया की योजना अंतर्गत जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में लखपती दीदी योजना के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक 12111 लखपती दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 6492 महिला लखपती दीदी बन चुकी है शेष 5619 स्व सहायता समूह की महिलाओ को वित्तीय वर्ष 2025-26 तक लखपति महिला बनाया जाना है।

## जिले के 30 श्रद्धालु अयोध्या धाम हेतु रवाना

- जनप्रतिनिधियों ने दिखाई हरी झंडी, श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ
www.dailypioneer.com



जिला खैरागढ़-छुईखखदान-गंडई के 30 रामभक्तों को जनप्रतिनिधियों ने सुबह 8:50 बजे हरी झण्डी दिखाकर गाड़ी को रवाना किया। ये श्रद्धालू कार से खैरागढ़ से दुर्ग फिर दुर्ग से विशेष ट्रेन से अयोध्या पहुंचेंगे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना दी। श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस योजना से हम लोगों का राम के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है। उल्लेखनीय है की छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्याधाम में राम के दर्शन कराने हेतु रामलला दर्शन योजना की शुरूआत की गई है, जिसके तहत् विशेष ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से श्रद्धालुओं का चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन हेतु ले जाया जा रहा है। गौरतलब है की रामलला दर्शन योजना के तहत् श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति धम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, मुख्य नगर पंचायत पंचायत अधिकारी खैरागढ़ शिशिर शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी और जाने वाले श्रद्धालु मौजूद थे।

## शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का अभिनंदन माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला का संयुक्त आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के ग्राम रामपुर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला में शाला प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। समारोह के अतिथिओं के द्वारा नवप्रवेशी कक्षा पहली और कक्षा छठवीं के बच्चों का स्वागत कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस दौरान अतिथियों ने निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्य-पुस्तक वितरण किया। समारोह के मुख्यअतिथि मनीष साहू जनपद सदस्य थे। उन्होंने मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया। सरपँच रत्ना बोरकर ने अध्यक्षता की। उक्त अवसर पर एमडी वाल्डे, डिम्पल साहू, शाला अध्यक्ष गौरी रामटेके, मती रेखा साहू, नीरा ठाकुर, सरस्वती सिन्हा, पूजा दिक्षित, ज्योति यादव, शेखर, सीमा, अंजू, मिथिला, संतोषी, पार्वती, खिलेश्वरी, गोदावरी, तीजन, राधिका, संगीता, सावित्री सहित पालकगण उपस्थित थे।

## अंगना मा शिक्षा पढ़ाई तिहार का राज्य स्तरीय वेबीनार राज्यभर के शिक्षकों ने सुना चिचदो स्कूल का अनुभव

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार कार्यक्रम के तहत विगत 4 वर्षो से खेल खेल में बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जा रही है। वहीं स्मार्ट माताओं को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। जागरूक माताएं अपने बच्चों को घर के माहौल और आस पास की वस्तुओं से भाषाई कौशल, गणितीय ज्ञान व बुनियादी शिक्षा दे रही हैं। इस अभियान को और बेहतर बनाने तथा अनुभव साझा करने के उद्देश्य से राज्यभर के शिक्षकों की राज्य स्तरीय वेबीनार का आयोजन किया गया। शिक्षकों के वेबीनार में ग्राम चिचदो के प्राथमिक शाला की गतिविधि, ग्रामीण स्मार्ट माताओं की उपलब्धि व बच्चों के विकास के सम्बन्ध में स्कूल की शिक्षिका मती कोनिका सोनी ने बताया। उन्होंने बताया कि अंगना म शिक्षा के तहत माताओं को जोड़कर बच्चों का सर्वांगीण विकास करने में मदद मिली है। इस अभियान से माताओं को जोड़ने पर बड़ी उपलब्धि ये रही कि जो बच्चे प्रायवेट या अन्य स्कूलों में जाना चाह रहे थे, वे पुनः ग्राम चिचदो के स्कूल में पढ़ाई करने तैयार हुए। वहीं ग्रामीण माताओं में शिक्षा के प्रति रुचि और आत्मविश्वास बढ़ा है, जो बच्चों के विकास में कारगर साबित होगा। वहीं बच्चे भी अब वेल अप टू डेट होकर स्कूल पहुंचे। वेबीनार के माध्यम से आगामी 2 जुलाई को होने वाले अंगना म शिक्षा तिहार कार्यक्रम की तैयारी पर भी चर्चा की गई। इधर वेबीनार में शिक्षिका के सोनी के माध्यम से छोटे से गांव चिचदो स्कूल के बच्चों व माताओं की उपलब्धि का अनुभव पूरे राज्य के शिक्षकों ने सुना, जो निश्चित रूप से अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा का विषय बनेगा। वहीं अनुभव साझा के दौरान अंतिम में शिक्षिका मती सोनी ने अपने मार्गदर्शकों और उच्च अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**राज्य स्तर में शुमार चिचदो स्कूल**-दरअसल ग्राम चिचदो स्कूल में कार्यरत शिक्षिका के. सोनी के द्वारा कराए जा रहे गतिविधियों के चलते स्कूल का नाम अब जिला और प्रदेश स्तर में शुमार हो गया है और तारीफहो रही है। ज्ञात हो कि इस राज्य स्तरीय वेबीनार में अंगना म शिक्षा के तहत सभी जिलों से 11 हजार शिक्षक, शिक्षिकाएं जुड़कर 2 जुलाई को पढ़ई तिहार मनाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## पवन साहू का निधन



**राजनंदगांव ।** लखोली वार्ड क्रमांक 33 कुआं चौक निवासी पवन साहू (24 वर्ष) का 24 जून दिन सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 25 जून दिन मंगलवार को लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया। ज्ञात हो कि वे स्वर्गीय यशवंत साहू के पुत्र थे। वो अपने पीछे धर्मपत्नी व एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## 472 अधिवक्ताओं ने डाले वोट, आज नए अध्यक्ष का होगा एलान, जिला अधिवक्ता संघ का मतदान संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



काफी गहमा-गहमी के बीच राजनांदगांव अधिवक्ता संघ के नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अन्य पदों के लिए बुधवार को मतदान संपन्न हुआ। मतदान के लिए सुबह 11 से शाम 5 बजे तक का समय तय किया गया था। नतीजे आज जारी किए जाएंगे। अध्यक्ष पद के लिए यहां त्रिकोणीय मुकाबला है। वहीं उपाध्यक्ष, सचिव और कार्यकारिणी सदस्यों के लिए भी मतदान किया गया है। अध्यक्ष पद के लिए मनोज चौधरी, मौलेश तिवारी और नारायण कन्नौजे के बीच मुकाबला है। जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए अशोक रजक, देवेशदत्तदास वैष्णव और मोरध्वज साहू मैदान में है। सचिव पद के लिए नरेश कुमार गंजीर और राजेश खांडेकर मुकाबले में है। इसी तरह कार्यकारिणी (पुरूष) के लिए 5 पद के लिए भागवत साहू, हरिलाल पटवा, महेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, नरेश कुमार शर्मा एवं विरेन्द्र मुक्ति किस्मत आजमा रहे हैं। 548 के लगभग अधिवक्ता मतदाता हैं इनमें से 472 ने नए पदाधिकारियों के चुनाव के लिए मतदान किया है। कुल 86.14 फीसद मतदान हुआ है। सुबह 12 बजे से जिला कोर्ट परिसर के ग्रंथालय में मतगणना शुरु होगी। बताया गया कि जिला अधिवक्ता संघ के छह पदों के लिए केवल एक-एक नामांकन जमा हुए। जिला अधिवक्ता संघ में महिला उपाध्यक्ष पद पर आराधना वर्मा, सहसचिव के लिए आदित्य स्वरूप गुप्ता, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पद पर विरेन्द्र मेश्राम, कोषाध्यक्ष पद पर विजेन्द्र कुमार जैन, ग्रंथपाल पद के लिए लीलाधर साहू एवं कार्यकारिणी महिला पद पर प्यारी सिन्हा का निर्वाचन निर्विरोध हुआ है।

## क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीण के साथ हुई चार सौ बीसी, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# कियोस्क शाखा संचालक ने की लाखों की धोखाधड़ी, जमा करने दिए गए पैसों का गबन

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



ग्राम कल्लूबंजारी स्थित कियोस्क शाखा के संचालक द्वारा अमानत में खयानत किए जाने के प्रकरण में पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी की है। पुलिस ने जानकारी दी है कि फिलहाल एक शिकायतकर्ता ने पूरे दस्तावेजों के साथ धोखाधड़ी की सूचना दी थी जिस पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने अन्य पीड़ितों से भी दस्तावेज मांगे है। बताया जा रहा है कि शाखा संचालक ने गांव के कई लोगों से खाते में राशि जमा करने के नाम पर लाखों रुपए का गबन किया है। कियोस्क शाखा संचालक मुरारी झोड़े (39) को छुरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ ग्राम घोटिया निवासी प्रार्थी सुलैना सिन्हा ने शिकायत दर्ज कराई कि उसने मुरारी को दो लाख रुपए जमा करने दिए थे। इनमें से एक लाख 60 हजार और 50 हजार रुपए उसने खाते में जमा न कर अपने पास रख लिए। शाखा संचालक ने इसकी कोई जानकारी पीड़िता को नहीं दी। उसने जमा रकम की पावती प्रार्थिया को दी थी। चार सौ बीसी के इस मामले में पुलिस ने तत्काल ही आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की और इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

**सांसद, एसपी से गुहार.. वापस दिलाएं पैसे**-इसी कियोस्क शाखा संचालक के खिलाफ ग्राम कल्लू बंजारी के ग्रामीणों ने धोखाधड़ी कर पैसे आहारित करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक एवं सांसद संतोष पांडे से भी की गई है। उन्होंने अपनी रकम वापस दिलवाने की गुहार लगाई गई है। उन्होंने बताया कि, जमा रकम के सदंर्भ में संचालक से पूछने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर भारतीय स्टेट बैंक छुरिया के मुख्य शाखा में पता करने पर जानकारी मिली कि खाते में रकम ही जमा नहीं की गई है। इसके बाद लगभग 15 ग्रामीणों ने संचालक मुरारी झोड़े पिता केवाराम झोड़े के खिलाफ पुलिस अधीक्षक एवं सांसद संतोष पांडे से शिकायत की गई है। शिकायतकर्ताओं में मायाराम साहू, गायत्री बाई, पुराणिक यादव जमुना बाई, तुलसा बाई रामचंद्र साहू, पेमिन बाई, परमानंद, द्रौपदी बाई, सिरमत बाई, महिंद्रा बाई, कविता बाई, प्रवीण यादव, प्रीति यादव, डेमन कुमार शामिल है।

**पीड़ित थाने में दस्तावेज जमा करें**-छुरिया थाना प्रभारी अवनीश वास ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर कियोस्क शाखा संचालक मुरारी झोड़े को पूछताछ के लिए थाना लाया गया था। एक शिकायत व पेश किए गए दस्तावेज के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि बाकी के शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने शिकायत पत्र के साथ जमा की गई राशि की मूल पावती एवं अन्य मूल दस्तावेज जमा नहीं किए हैं। मूल दस्तावेज शिकायत पत्र के साथ जमा करने पर ही वह आगे की ठोस कार्यवाही करने में सक्षम होंगे। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से मूल दस्तावेज सबूत के तौर पर जमा करने की अपील की है।

## आदिवासी समाज ने मनाया वीरांगना दुर्गावती की शौर्य दिवस



**छुईखदान।** तहसील गोंडवाना समाज छुईखदान द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती का 460वां बलिदान दिवस टिकरीपारा मंगल भवन छुईखदान में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि वन मंत्री केदार कश्यप रहे। विशिष्ट अतिथि खैरागढ़ पूर्व विधायक कोमल जंघेल भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमनारायण चंद्राकर, निजाम सिंह मंडावी विकास मरकाम भाजपा प्रदेश अजजा,,एम डी ठाकुर केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़, विष्णुदेव ठाकुर प्रवक्ता केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ राजलक्ष्मी पंसारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य महिला मोर्चा अगराहित मंडावी अध्यक्ष तहसील गोंड समाज छुईखदान,पन्ना मंडावी सचिव तहसील गोंड समाज छुईखदान एवं मानसिंग नेताम की उपस्थिति मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि केदार कश्यप ने कहा कि गोंड़वाना वीरांगना रानी दुर्गावती नारी शौर्यता की प्रतीक है। इस दौरान बड़ी संख्या समाज के पदाधिकारीगण गोवर्धन छेदैया, टहल राम पटोती, विकेश धुर्वे, नारायण नेताम, सुमेर धुर्वे, एमन धुर्वे, लखन मंडावी, सुखचंद मंडावी, भूपेंद्र सिंह, संबल सिंह, रामसिंह टुमनलाल, महेश धुर्वे, गोपी राम छेदैया, बीरन छेदैया, भुवन नेताम, अमर सिंह, अंजोरी नेताम, अनिल पुलस्त, कपिल धुर्वे, भीखू नेताम एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# झूठा प्रचार कर केन्द्र की सत्ता हड़पना चाहती है कांग्रेस : मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर

- मीसाबंदी श्रीपाल जैन व अन्य को किया गया सम्मानित

www.dailypioneer.com

देश पर आपातकाल थोप कर, देशवासियों के संवैधानिक और मानवाधिकारों का अपहरण करने वाले कांग्रेसी आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि धूमिल करने के लिए संविधान बदलने का हौव्वा खड़ा कर रहें हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी और उनकी पूरी टीम ने देश भर में यह झूठा प्रचार किया, इसके बाद भी देश की जनता ने एनडीए को पूर्ण बहुमत देकर,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास जताया है। छत्तीसगढ़ की महिला एवं बालविकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने उक्त बातें कही। वे मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में आयोजित आपातकाल की बरसी के अवसर पर आयोजित काला दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रही थी। अपने संबोधन में मंत्री राजवाडे ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होनें कहा कि आपातकाल के दौरान संजय गांधी ने जबरन नसबंदी कराने जैसा जघन्य पाप किया था। लोगों को बिना किसी कारण के काल कोठरी में बंद करके यातनाएं दी गई थी। मिडिया हाउस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। मीसा एक्ट की आड़ में पूरे देश में राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी ने दमन च चलाया था। देश के इतिहास का ऐसा भयंकर काला इतिहास रचने वाले कांग्रेसी संविधान बदलने, आरक्षण खत्म करने और मताधिकार छिनने जैसी झूठे प्रचार के बूते सत्ता हथियाने का सपना देख रहें है। जो कभी पूरा नहीं होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पर्यटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय ने कहा कि आपातकाल के दौरान केन्द्र की तात्कालिन इंदिरा गांधी सरकार द्वारा किये गए घोर अत्याचार के गवाह आज भी हमारे बीच में उपस्थित हैं। उन्होनें कहा कि 49 साल बाद भी कांग्रेस अपनी तानाशाही रवैये से नहीं उबर पाई है। यही कारण है कि 2018 में सत्ता में आते ही कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीसा बंदियों को मिलने वाले सम्मान निधि को बंद कर दिया था। सत्ता में वापस आते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने इस सम्मान नीधि को वापस शुरू करते हुए, भुगतान की व्यवस्था की है। जशपुर की विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि आपातकाल, स्वतंत्र भारत का सबसे काला अध्याय है। देश पर जबरन थोपा गया था। तात्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरागांधी ने सिर्फअपनी सत्ता बचाने के लिए इसे देश की जनता पर ना केवल लादा था अपितु उन पर भयंकर अत्याचार किया था। आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले में भी श्रीपाल जैन जैसे वरिष्ठजन हमारे बीच में,कांग्रेस के काला अध्याय के गवाह के रूप में मौजूद है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुनिल गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की सत्ता में आने के लिए ललायित राहुल गांधी,लगातार गलत बयानी कर,देश को गुमराह करने का प्रयास कर रहें हैं। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर संविधान खत्म करने का आरोप लगाने से पहले कांग्रेस के इतिहास और उसके कार्यो को देखना चाहिए। पत्थलगांव की विधायक गोमती साय ने कहा कि आपातकाल कांग्रेस का महापाप है। तात्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तानाशाही और अत्याचार का पूरी कांग्रेस पार्टी ने समर्थन किया था। इसलिए उन्हें कभी माफ नहीं किया जा सकता है। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि कार्य म में मुख्य रूप से महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय। जशपुर विधायक रायमुनी भगत, पत्थलगांव विधायक गोमती साय, जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता, जिला महामंत्री भरत सिंह एवं मुकेश शर्मा, प्रदेश कार्य सदस्य नरेश नंदे, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिन्हा, विक्रमादित्य सिंह जूदेव, जया सिंह जूदेव, ओमप्रकाश साय, भाजयुमो अध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नपा उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, सुरेश राम भगत, रूपेश सोनी, देवधन नायक, संतोष सिंह, संजीव ओझा, सलोने मिश्रा, प्रभाकर यादव, मंगल राम, संतोष सहाय, रजनी प्रधान, रीना बरला, ममता कश्यप, अनिता सिंह, शारदा प्रधान, पिंकी गुप्ता, गोविंद भगत, उमेश प्रधान, गणेश गुप्ता, विजय सहाय, शरद चौरसिया, नीतू गुप्ता, दीपक गुप्ता, सज्जु खान, अरविंद भगत, कृपा शंकर भगत, मुकेश सोनी, राजा सोनी, हिमांशु वर्मा, आकाश गुप्ता, अभ्युदय मिश्रा, विनोद निकुंज, अभिषेक गुप्ता, चंदन गुप्ता सहित पार्षद एवं पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**मीसाबंदी श्रीपाल जैन हुए सम्मानित**

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित काला दिवस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने शहर के वरिष्ठ नागरिक और आपातकाल के दौरान मीसाबंदी रहे श्रीपाल जैन व अन्य को साल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान श्रीपाल जैन ने आपातकाल के दौरान हुए जेल से जुड़ी स्मृतियों को साझा किया।

# रामगढ़िया सेवक सभा द्वारा गढ़फुलझर गुरुद्वारा नानकसर साहेब का दर्शन









पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर

www.dailypioneer.com

रामगढ़िया सेवक सभा के द्वारा पहला गुरुद्वारा दर्शन प्रोग्राम का आयोजन (23.6.24) को गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहेब जी तेलीबांधा से 130 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गढ़फुलझर में 517 साल पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारा नानकसर साहेब जी के दर्शन उपराला किया गया। इसमें लगभग 18 गाड़ियों से 100 संगत ने पहुंचकर अपना उत्साह दिखाया। नानक सागर की संगत ने बड़े जोर शोर से रायपुर की संगत का स्वागत किया। रायपुर की संगत द्वारा जपजी साहेब जी, सुखमणि साहेब जी, चौपाई साहेब जी, अनंद साहेब जी का पाठ कर सिमरन और कीर्तन किया और अरदास की उपरांत गुरु का लंगर वरताया गया। गुरुद्वारे से 2 किमी दूरी पर दर्शनीय स्थान जहां गुरुनानक देव जी ने अपना समय गुजरा था, और 5 एकड़ का खेत जो गुरुनानक देव जी के नाम पर दर्ज है उसका भी दर्शन किया गया। नानक सागर में सभी घर गुलाबी रंग के है एवं सभी घर महिलाओं के नाम पर है, सभी घर के सामने अशोक के पेड़ एवं गमलों में पौधे लगाए थे, गली, रास्ते एकदम साफ सुथरे है, इस ग्राम को सफाई के लिए पुरस्कृत भी किया गया है, वहां के सरपंच ने बताया यहां इतनी शांति है कि यहां पर आज तक कभी कोई विवाद नहीं हुआ। उपस्थित संगत ने अपना बहुमूल्य समय और साथ दिया है।

# स्वच्छ भारत मिशन की राज्य सलाहकार मोनिका सिंह ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा

www.dailypioneer.com



स्वच्छ भारत मिशन की राज्य सलाहकार व बिलासपुर संभाग प्रभारी मोनिका सिंह ने विगत दिवस जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के साथ विभिन्न ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। उन्होंने जिले के स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की प्रगति को बढ़ाने के लिए और जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया। अकलतरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम बरगंवा एवं अमलीपाली में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के राज्य सलाहकार व बिलासपुर संभाग प्रभारी मोनिका सिंह द्वारा सामुदायिक शौचालय, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत कचरा संग्रहण का निरीक्षण किया व स्वच्छाग्रहियों से आवश्यक चर्चा की गई साथ ही समस्या, यूज़र चार्ज पर दिशा-निर्देश दिया गया। घरों से निकलने वाले सूखा एवं गीले कचरे को अलग-अलग करने तथा संग्रहण करने के संबंध में चर्चा की गई साथ ही पृथक शेड, सामुदायिक शौचालय एवं मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला एवं जनपद पंचायत एसबीएम टीम, सरपंच सचिव अन्य नागरिक लोग उपस्थित रहे।

# कन्या के भावी जीवन को सुखमय बनाने दिल की तिजोरी से दिए सौगात

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़

www.dailypioneer.com

## लॉयंस क्लब प्राइड की अभिनव पहल



इस जहान में विवाह के पावन अवसर पर किसी कन्या को प्रफुल्लित हृदय से कुछ ना कुछ दान करना सबसे बड़ा पुण्य कर्म और महादान माना गया है। यही वजह है कि लोग ऐसे पुनीत क्षण में अपने हृदय से कुछ ना कुछ कन्या को अवश्य दान करते हैं और यह परंपरा हर धर्म के लोग अपनी श्रद्धा व खुशी से निभाते आ रहे हैं और भविष्य में निभाते भी रहेंगे। वहीं जब यह दान किसी जरुरतमंद कन्या को दिया जाता है। तब वह नेक पुण्य कर्म और महादान बन जाता है और उस क्षण की खुशी को हृदय से अभिव्यक्त नहीं किया जा सकता बस हर आँखें खुशी से सजल हो जाती हैं साथ ही वह महादान भी समाज के लिए प्रेरणादायी भी बन जाता है। शहर की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था लॉयंस क्लब प्राइड ने अध्यक्ष लता अग्रवाल के विशेष मार्गदर्शन में विगत दिवस शहर के खर्राघाट निवासी जरुरतमंद कन्या के पावन विवाह के सुअवसर पर उसके भावी जीवन को सुखमय बनाने के पवित्र उद्देश्य और दुआ के साथ क्लब के सदस्यों ने अपने दिल की तिजोरी से उस कन्या को जीवन की जरुरतमंद सामग्री डबल बेड पलंग, गद्दा, साड़ी, बेग एवं घर के अन्य जरुरत की सामग्री का उपहार दिए तो हर किसी की आँखें खुशी सजल हो गईं और उस कन्या परिवार ने क्लब के सदस्यों को हृदय से दुआएँ दीं। वहीं समाज के जिन लोगों ने भी यह बात सुनी उनका हृदय भी क्लब के सदस्यों के इस नेक कार्य से प्रसन्नता से भर गया। साथ ही लॉयंस क्लब प्राइड के इस नेक कार्य से हर किसी को सेवा - सहयोग कार्य करने की प्रेरणा भी मिल रही है। लॉयंस क्लब प्राइड अध्यक्ष लता अग्रवाल के विशेष मार्गदर्शन में सभी सदस्यगण सामाजिक जनहित के अनेक कार्यो में अपनी विशेष भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। जिससे समाज के लोग लाभान्वित भी हुए हैं और समयानुसार हो भी रहे हैं। क्लब अध्यक्ष लता अग्रवाल ने कहा कि हमें जानकारी मिली थी कि वह कन्या जरुरतमंद है और विवाह के पवित्र बंधन में बंध रही है तब हम सभी सदस्यों ने उसके भावी जीवन को सुखमय बनाने के पवित्र उद्देश्य के साथ जितना संभव हुआ जरुरतमंद सामग्रियों का उपहार खुशी से दिए हैं और वह पल भी हमारे लिए सदैव यादगार रहेगा क्योंकि उस पल की खुशी को हम सभी हृदय से अभिव्यक्त नहीं कर सकते। ईश्वर से प्रार्थना है कि उसका जीवन सदैव सुखमय रहे। वहीं लॉयंस क्लब प्राइड के इस पुण्य कार्य में क्लब की सदस्य लॉयन लता अग्रवाल, लॉ.आभा अग्रवाल, लॉ.अंजू गर्ग,लॉ. आभा राजेश अग्रवाल,लॉ.निर्मला बेरीवाल, लॉ. पिंकी केडिया ,लॉ.पुनम सिंह, लॉआशा बेरीवाल ,लॉ.मिताली जिन्दल,लॉ सुरेन्द्र टुटेजा,लॉ.नेहा अग्रवाल सदस्यों की विशेष सहभागिता रही।

# एक जुलाई से लागू होने वाले नये संहिताओं के अनुरूप कार्यवाही हो सुनिश्चित : कलेक्टर

- शाला प्रवेशोत्सव के व्यापक तैयारियों के दिए निर्देश, कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़

www.dailypioneer.com



आगामी 1 जुलाई से नए कानून लागू हो जायेंगे, इसके संबंध में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नये कानून में प्रत्येक प्रकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित किया गया है। इसलिए विभागीय अधिकारी प्रो-एक्टिव रहे और अपने विभाग से संबंधित जो भी पूर्व की धाराएं लागू करते है उसके स्थान पर प्रभावी हो रहे नए कानून की धाराओं के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही नए न्याय संहिताओं का अपने स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उक्त बातें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कही। कलेक्टर गोयल ने महिला एवं बाल विकास विभाग को आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को उबला हुआ पानी पिलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने डीईओ एवं डीपीओ को आगामी एक सप्ताह के भीतर जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों के पानी टंकी को साफ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी में रिक्त सभी पदों पर जल्द भर्ती के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने बैठक में आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों के साथ शहरी क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाएं। उन्होंने स्वास्थ्य और पंचायत विभाग को एक साथ नगरीय निकायों को इसमें कार्ययोजना के साथ फील्ड में काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज के लिए कहीं भटकना ना पड़े। कलेक्टर गोयल ने बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने ब्लॉकवार नल कनेक्शन वितरण की जानकारी और उनके चालू दशा में होने के फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने जल शक्ति अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी सहकारी समितियों में जन औषधि केंद्र खोले जाने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन जैसे विभिन्न प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण के कार्य शेष नहीं होने चाहिए। कलेक्टर गोयल ने सभी एसडीएम को जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के संबंध में रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। ताकि जनसामान्य को गांवों में लगने वाले शिविर के संबंध में जानकारी हो सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, वनमंडलाधिकारी रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**शाला प्रवेशोत्सव की करें व्यापक तैयारी**-कलेक्टर ने कहा कि कल 26 जून से नये शिक्षण सत्र की शुरूआत होगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को शाला प्रवेशोत्सव की व्यापक तैयारी के संबंध में निर्देश दिए। डीईओ ने बताया कि 27 जून को जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी की गई है। कलेक्टर गोयल ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव के दौरान हर्षोल्लास माहौल में सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्कूल में प्रवेश करायें। उन्होंने पूर्व वर्षो के सभी शाला त्यागी बच्चों को इस नये शिक्षण सत्र में शाला प्रवेश कराने के निर्देश दिए।

**केसीसी निर्माण के आवेदनों का हो त्वरित निराकरण**-कलेक्टर ने बैठक में किसानों के केसीसी निर्माण की प्रगति के बारे में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने केसीसी निर्माण के कार्य में प्रगति नहीं होने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि समिति स्तर पर यदि किसान आवेदन दिए हैं, तो उसे भी जल्द निराकृत करें। कृषि विभाग के साथ पशुपालन, उद्यानिकी और मछली पालन विभाग कार्ययोजना बनाते हुए केसीसी निर्माण में प्रोग्रेस करें।

# वन्दे मातरम् मित्र मंडल ने कारगिल के शहीदों को नमन किया

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर

www.dailypioneer.com





वन्दे मातरम मित्र मंडल का 103 मित्रों का जत्था द्रास पहुंचा जहां कारगिल बार मेमोरियल के शहीदों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।आर्मी ऑफिसर मनोज ने कारगिल युद्ध में भारतीय फौज द्वारा किए गए शौर्य एवं पराक्रम की गाथाओं को मित्र मंडल के साथियों के समक्ष सजीव कर दिया। किस प्रकार माइनस 65 डिग्री तापमान में हमारे वीर सपूतों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर पाकिस्तानी सैनिकों से कारगिल की चोटियों को मुक्त कराया बड़ा असंभव कार्य हमारी फौज ने कर दिखाया। वन्दे मातरम् मित्र मंडल के संयोजक महेन्द्र जैन ने बताया कि आर्मी ऑफिसर मनोज ने उन दुरूह चोटियों को भी दिखाया जो बारह माह बर्फ से ढकी रहती हैं, जिसमें टाइगर हिल भी शामिल है जिस पर चढ़ना बढ़ा मुश्किल कार्य है एवं जिस पर दुश्मन देश ने कब्जा कर लिया था ऊपर दुश्मन एवं उस पर चढ़ाई करना साक्षात मौत को आमंत्रण देना था जो हमारे बहादुर जवानों ने अपने प्राण न्यौछावर कर भी पूरा किया। कारगिल बार मेमोरियल में पाकिस्तानी फौज से जब्त किए गए हथियार, शहीद जवानों के फोटो ग्राफ्स, अंत समय में अपने माता पिता परिजनों को भेजे मार्मिक पत्र सभी मेमोरियल में देखने पढ़ने को मिले।बार मेमोरियल एक अद्भुत एवं देश प्रेम की भावना भरने बाला अनोखा संग्रहालय जिसे जरूर देखना चाहिए। एक बार जहां देखने पर आंखें नम हो जाती हैं वहीं दूसरी ओर देश प्रेम का जज्बा उफान भरने लगता है। हमें देश के वीर सपूतों पर गर्व है। उन वीर शहीदों को हमारा विनम्र श्रद्धांजलि शत शत नमन..

## कलेक्टर ने बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर किया स्वागत

# विद्यार्थी पहचाने अपनी प्रतिभा, रूचि के विषय के अनुरूप करे कड़ी मेहनत तो मिलेगी सफलता : छिकारा

- विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए कलेक्टर, कलेक्टर ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा

www.dailypioneer.com




कलेक्टर आकाश छिकारा ने सेजेस विद्यालय बम्हनीडीह में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, सरस्वती माता और छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कलेक्टर ने विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में नव प्रवेशित बच्चों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। साथ ही बच्चों को गणवेश, किताब और साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा की नीव को मजबूत बनाने के लिए विद्यालय का बड़ा महत्व है। शिक्षा से ही हमारा सर्वांगीण विकास संभव है। अभिभावक अपने बच्चों के साथ शिक्षा में सहभागी बने और बच्चों की शिक्षा को लेकर जिले में चलाए जा रहे कार्यक्रमों में अपना विशेष सहयोग दें। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अभिभावक नियमित स्कूल भेजें और स्कूल से आने के बाद उनसे पढ़ाई के विषय के संबंध में चर्चा भी करें। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षकों की देश के निर्माण में अहम भूमिका होती है। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न प्रकार के नवाचार किये जा रहे हैं - जैसे की बोलेगा बचपन, पढ़ाई का कोना, आज हमने क्या सीखा, नवोदय विद्यालय की तैयारी, विनोबा एप, उत्कृष्ट जांजगीर अभियान के तहत नियमित बच्चों का परीक्षा अभ्यास जैसे कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। कलेक्टर सहित सभी अतिथियों सेजेस परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने नव प्रवेशित बच्चों को बधाई देते हुए शिक्षा में गुरु के महत्व को विस्तार से बताया। इसके साथ ही जिला पंचायत के सभापति गगन जयपुरिया ने भी बच्चों को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार भारद्वाज, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम डी दिवान सेजेस प्राचार्य बजरंग श्रीवास चेतन दास महंत जय शंकर देवांगन राज कुमार पटेल टेकराम यादव सहित छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# जिले भर में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

- तिलक लगाकर, मुंह मीठा कर बच्चों का किया गया स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर

www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। सभी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में कक्षा पहली एवं छठवीं के बच्चों को प्रवेश देने के साथ ही तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर बच्चों को निःशुल्क गणवेश और पुस्तकों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी बच्चों की आरती कर, तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर औपचारिक प्रवेश देने के साथ-साथ सभी बच्चों को उनके कक्षा की पुस्तकों का और विद्यालय गणवेश का निःशुल्क का वितरण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी टी. आर. साहू ने बताया कि शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। आगामी सप्ताह जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन भी किया जाना है। जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ कलेक्टर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में आगामी सप्ताह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दयालबंद बिलासपुर में किया जाएगा।




# अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जिला प्रशासन रायपुर का आयोजन

## संभागायुक्त संजय अलंग ने दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ



### नशे के विरूद्ध एनजीओ व अधिकारी-कर्मचारियों ने मिलकर बनाई विशाल मानव श्रृंखला

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर रायपुर संभागायुक्त संजय अलंग ने शासकीय विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, एनजीओ सहित शहरवासियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विशाल मानव श्रृंखला निर्मित कर नशे के विरूद्ध सभी ने संदेश दिया, साथ ही हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की प्रो. हिना इलियास ने 'भारतीय न्याय संहिता-2023' के मूल तत्वों से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद सहित सभी विभागों के प्रमुख सम्मिलित रहें। रायपुर शहर के सबसे ऊंचे बहुमंजिला कलेक्टोरेट पार्किंग परिसर में संभागायुक्त अलंग ने अपने उद्बोधन में समाज व परिवार को बेहतर दिशा देने हर नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी व आम नागरिकों ने मिलकर विशाल मानव श्रृंखला बनाकर नशे के विरूद्ध हर गतिविधि में अपनी सहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के अपर संचालक पंकज वर्मा, अपर कलेक्टर द्वय निधि साहू, देवेन्द्र पटेल, एसडीएम नंदकुमार चौबे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मिथिलेश चौधरी भी उपस्थित थे।

## 5 मेडिकल ऑफिसर 2 स्पेशलिस्ट 3 एम्बुलेंस की सौगात किड़नी पीड़ितों की समस्या से रूबरू हुए स्वास्थ मंत्री जायसवाल

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिंदगी से हातास निराश किड़नी पीड़ितो के साथ विष्णुदेव साय सरकार हर मोड़ पर खड़े होने का भरोसा दिलाने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल राजिम विधायक रोहित साहु पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन माझी साथ बहुचर्चित किडनी पीड़ित गांव सुपेबेड़ा पहुंचकर घर घर पहुंच कर पीड़ितो की समस्या को सुना इससे पहले स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला मुख्यालय में क्रिटिकल केयर सेंटर का उद्घाटन करते अनुसंसाधन केंद्र खोलने का आश्वासन दिया है इसके अलावा 5 मेडिकल ऑफिसर 2 स्पेशलिस्ट और 3 एम्बुलेंस की सौगात भी दिया गया और नारकोलॉजिस्ट की तैनाती भी होने की बात कही है इसके बाद कार से सीधा सुपेबेड़ा पहुंचकर डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन करते किड़नी बीमारी से पीड़ित प्रेमजय क्षेत्रपाल से मुलाकात करने घर पहुंचे और इलाज संबधित पूरी जानकारी लेते स्वास्थ विभाग को पीड़ितो को समुचित इलाज मुहैया कराने का सखूत निर्देश दिया आपको बता दें की सूपेबेड़ा में किड़नी बीमारी के चलते 100 से अधिक लोग मौत की आगोश मे जा चुके है इसके साथ अभी भी इस बीमारी से कई ग्रामीण ग्रसित है जिसे लेकर चिंचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाई लेवल बैठक पीड़ितो राहत दिलाने के आदेश दिए रहे जिसके बाद आज किड़नी बीमारी से मौत को गंभीरता से लेते स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल घंटो किडनी पीड़ितो के घर घर जाते एक एक समस्या को जाना और निदान करने का भरोसा दिलाया है इस बीच स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मीडिया से चर्चा करते हुए कहा है की सूपेबेड़ा में किस कारण मौत हो रही है यह जानने के लिए अनुसंधान टीम गठित किया है वायु मिट्टी पानी खान पान सहित अनुमानसिक गुणों अन्य की समुचित जांच पड़ताल करेगी इसके अलावा स्थानीय प्रशासन सरकार सहित तमाम लोगो की सहायता से यह किडनी बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके मौके पर जिला अध्यक्ष राजेश साहु जनपद पंचायत अध्यक्ष नेहा सिंगल जिला अध्यक्ष योगिराज माखन कश्यप मुरलीधर सिन्हा सहित अन्य लोग मौजुद रहे इसके बाद अंतिम मे भाजपा कार्यकर्ता एवम् आमजनों से भेंट मुलाकात कर रवाना हो गए।



### 11 साल की बेसहारा बेटी रंजुलता को सहायता के लिए योगी ने किया निवेदन

सुपेबेड़ा में किडनी बीमारी ने 11 वर्ष की रंजुलता के पिता शशिधर को छीन लिया इसके अलावा प्राकृतिक ने रंजुलता की मां को भी बेसमय छीन लिया इस बीच बिना देख रेख के घर भी टूट कर तहस नहस हो गया ऐसे में रंजुलता अपने चचेरे भाई के साथ गुजर बसर करने के लिए बेबस है जिसे हर संभव राहत दिलाने के लिए भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ योगीराज माखन कश्यप ने स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को अवगत कराते सहुलियत दिलाने का निवेदन किया है जिस मंत्री जायसवाल ने योगीराज माखन कश्यप को भरोसा दिलाते कहा की रहन सहन पढ़ाई लिखाई का पूरा खर्चा सरकार की ओर से वहन करने का कलेक्टर को निर्देशित किया गया इस बीच योगीराज माखन कश्यप ने कलेक्टर दीपक अग्रवाल से भी मामला को गंभीरता पूर्वक लेने का आग्रह किया।

## नगर निगम जोन 8 ने रायपुरा इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी के पास कार्यवाही कर लगभग 1.18 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर तत्काल रोक लगायी



### प्लाटिंगकर्ता द्वारा बनायी अवैध मुरूम रोड़ को काटा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन 8 के माधव राव सप्रे वार्ड के तहत रायपुरा इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 1.18 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर अभियानपूर्वक कड़ी कार्यवाही करते हुए तत्काल रोक लगायी गयी। रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम जोन 8 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, नगर निवेश सहायक अभियंता ईश्वर लाल टावरे, उप अभियंता रुचिका मिश्रा की उपस्थिति में थ्रीडी एवं श्रमिकों की सहायता से जोन 8 के माधव राव सप्रे वार्ड क्षेत्र में रायपुरा इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 1.18 एकड़ निजी भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की गई। अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा बनायी गयी अवैध मुरूम रोड को थ्रीडी से काटा गया और वहां पहुंचने का मार्ग बाधित किया गया। नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव ने बताया कि रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त के निर्देशानुसार रायपुरा इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी के पास लगभग 1.18 एकड निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी गयी है। नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग के माध्यम से तहसीलदार रायपुर को पत्र लिखकर निजी भूमि के भूमि स्वामियों की जानकारी नगर निगम जोन 8 नगर निवेश को शीघ्र उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया गया है। तहसील कार्यालय से नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग को जानकारी प्राप्त होने के तत्काल पश्चात छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के विरूद्ध संबंधित क्षेत्र के पुलिस थाना में प्रक्रिया के अंतर्गत नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्यवाही करने नामजद एफआईआर दर्ज करवायी जायेगी।

## न्यायालय परिसर में आज पुराने दण्ड विधान में बदलाव पर आधारित होगी कार्यशाला



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी ने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह के साथ बैठक की। इसमें भारतीय न्याय संहिता-2023 के मूलतत्वों एवं पुराने दण्ड विधान में हुए बदलाव के संबंध में चर्चा हुई। साथ ही इस पर जिला न्यायालय में कार्यशाला का निर्णय लिया गया। यह कार्यशाला आज शाम 5 बजे जिला न्यायालय परिसर के सभागार में होगा। इसमें न्यायिक, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी अधिवक्तागण और प्रॉसिक्यूटर सहित विधि विशेषज्ञ शामिल होंगे। पुराने दण्ड विधान में बदलाव 1 जुलाई से लागू होगा। इसमें समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा। जिसे उन्हें बदलाव के संबंध में जानकारी हो सके।

## बच्चे खूब पढ़े-आगे बढ़े, देश-प्रदेश जिले के विकास में अपना दें योगदान : विधायक किरण देव

### नव प्रवेशी बच्चों का तिलक, पुष्पहार, स्कूल बैग और किताबें देकर किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत जिले के सभी स्कूलों का शिक्षा सत्र प्रारंभ हुआ, जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन जगदलपुर विकासखंड के ग्राम साड़गुड़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में जगदलपुर विधायक किरण देव की मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक देव ने शाला प्रवेशोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि सभी बच्चे खूब पढ़े, आगे बढ़े, सुशिक्षित बनकर नौकरी या अच्छा व्यवसाय करें और देश-प्रदेश, जिले के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सरकार की प्राथमिकता वाले विषय है, इन पर कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, इनका लाभ लें। कार्यक्रम में देव ने साड़गुड़ स्कूल परिसर में सायकल स्टैंड बनाने की भी घोषणा की। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा कक्षा पहली, छठवीं और नवमीं के नव प्रवेशी बच्चों का तिलक, पुष्पहार, स्कूल बैग और किताबें देकर स्वागत किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर 2024-25 का विमोचन और परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विधार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने स्थानीय हल्बी बोली में सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है, गणवेश, पाठ्य पुस्तक, मध्यान्ह भोजन इत्यादि के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई करने प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बच्चों के माता-पिता और पालकों से प्रत्येक बच्चे को स्कूल अवश्य भेजने का आग्रह किया। वहीं बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें अपने गांव-क्षेत्र का नाम रौशन करने की समझाइश दी। कार्यक्रम में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 के नए शिक्षा सत्र का पुनःप्रारंभ किया जा रहा है। बस्तर विविध बोलियों एवं संस्कृति से समृद्ध क्षेत्र है। यहां के स्थानीय बोलियों को शिक्षा का माध्यम बनाने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर मातृभाषा में शिक्षण हेतु हल्बी, भतरी, गोंडी में कक्षा पहली एवं दूसरी की अध्ययन सामग्री तैयार किया गया है। जिलें में 08 पी.एम.श्री विद्यालय सर्व सुविधाओं के साथ संचालित है, इस वर्ष 06 विद्यालयों का प्रस्ताव भी शासन को प्रेषित किया गया है। जिलें में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक शैक्षणिक तकनीकी माध्यमों से ऑनलाइन पाठ्यक्रम अनुसार पढ़ाई की सुविधा करने किया जा रहा है। इसके लिये विषयवार विशेषकर भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी के पाठ रिकार्डिंग मोड में तैयार कर विद्यालय एवं छात्रों को उपलब्ध कराये जायेंगे ताकि विद्यार्थी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा अर्जित कर सके।

## एआईसीसी महासचिव व प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट आज रहेंगे अंबिकापुर प्रवास पर



**रायपुर।** एआईसीसी महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट आज दोपहर 2.25 बजे इंडिगों की नियमित विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे। दोपहर 3 बजे रायपुर एयरपोर्ट से अम्बिकापुर एयरपोर्ट जिला सरगुजा के लिये रवाना होंगे। शाम 4 बजे अम्बिकापुर पहुंचकर इंदिरा सिंह (बेबी राज) को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शाम 5.20 बजे अम्बिकापुर एयरपोर्ट से रायपुर के लिये रवाना होंगे।

## रायपुर जिले में लगेंगे 12 जनसमस्या निवारण शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

जिले में आमजनों की समस्या का त्वरित निराकरण के लिए जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2024 में दिसम्बर तक विभिन्न स्थानों पर यह शिविर आयोजित किए जाएंगे। 9 जुलाई दिन मंगलवार को आरंग विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत फरफौद से प्रारंभ होगी और क्रमशः 25 जुलाई दिन गुरुवार को अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पलौद, 7 अगस्त को धरसींवा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तिरवैया में, 22 अगस्त दिन गुरुवार को तिल्दा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा में, 4 सितंबर दिन बुधवार को आरंग विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परसदा (उत्तर) में इसी प्रकार 19 सितंबर दिन गुरुवार को अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केंद्रीय में, 8 अक्टूबर दिन मंगलवार को धरसींवा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सारागांव में 24 अक्टूबर दिन गुरुवार को तिल्दा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटा में, 6 नवंबर दिन बुधवार को आरंग विकासखंड अंतर्गत ग्राम बहनाकाड़ी में, 21 नवंबर दिन गुरुवार को अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सुंदरकेरा में, 5 दिसंबर दिन गुरुवार को धरसींवा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मांढर में, 19 दिसंबर दिन गुरुवार को तिल्दा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत छतौद में उपरोक्त शिविरों का आयोजन निर्धारित तिथि को पूर्वाह 11 बजे से किया जाना है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप ने शिविर का आयोजन की जानकारी हेतु प्रत्येक ग्राम कोटवारों के द्वारा गांव में आसपास के साप्ताहिक बाजारों में मुनादी करते रहने का निर्देश दिया है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403